हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



- नक्सलियों की क्रूरता किसी को गोलियों से भूना, किसी का गला रेता तो किसी की ब्लास्ट में गई जान
- बस्तर में 23 साल में नक्सल हिंसा में 1775 निर्दोष ग्रामीणों की गई जान

**अब ग्रामीण चाहते हैं- शांति वार्ता**

# क्रास फायरिंग में जिस घर की 6 माह की बच्ची मारी गई थी, उसी घर का युवक ब्लास्ट में मारा गया

खास खबर

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

छग राज्य निर्माण के बाद नक्सलियों की ऐसी क्रूरता देखने को मिल रही है। इन 23 वर्ष में टेरर के लिए नक्सलियों ने किसी को गोलियों से भूना तो कइयों को जनअदालत लगाकर गला रेता तो किसी की नक्सलियों के द्वारा प्लांट किए गए आईईडी की चपेट में आने से जान चली गई। दो दिन पहले गंगालूर थाना क्षेत्र के ग्राम मुदवेंडी में एक युवक गडिया कुंजाम का आईईडी ब्लास्ट में जान चली गई। उसके परिवार में ▶▶|शेष पेज 4 पर





### एफआईआर कराने तैयार नहीं परिजन

जानकारी के मुताबिक साढ़े तीन महीनें पहले गांव में सीआरपीएफ का कैम्प खुला है, बावजूद ग्रामीण यहां सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों में खौफ इतना ज्यादा है कि एफआईआर तक कराने की कोई हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस विभाग की टीम ग्रामीण के घर भी पहुंची थी और एफआईआर दर्ज कराने के लिए परिजनों को मनाने की भी कोशिश की थी लेकिन नक्सलियों के खौफ कारण व एफआईआर कराने के लिए भी तैयार नहीं हुए।

### लगातार कार्रवाई से बौखलाए नक्सली निर्दोषों की ले रहे जान

नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है, ऐसे में नक्सली बौखला गए हैं। सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी लगा रहे हैं, बावजूद हमारे जवान नक्सलियों के हर मंसूबे को नाकाम कर रहे हैं। नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर उनका सफाया किया जाएगा।

-सुंदरराज पी
आईजी बस्तर

# मोदी बोले-मेहनत से जुटाई आपकी संपत्ति छीन लेगा कांग्रेस का पंजा

- सरगुजा की जनता को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित, विपक्ष पर साधा निशाना
- धर्म और आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर बोला जमकर हमला
- भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महराज के लिए मांगा वोट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब संविधान बन रहा था तो बाबा साहेब अम्बेडकर के नेतृत्व में यह तय किया गया था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। आरक्षण दलित, आदिवासी भाई बहनों के लिए होगा लेकिन वोट बैंक की भूखी कांग्रेस ने कभी इन महापुरुषों की बातों की परवाह नहीं की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कहती है कि आपने जो मेहनत से संपत्ति जुटाई है वह आपके बच्चों को नहीं मिलेगी, कांग्रेस का पंजा आपसे संपत्ति छीन लेगा।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

पीएम मोदी ने बुधवार को पीजी कॉलेज मैदान से सरगुजा की जनता को संबोधित करते हुए धर्म और आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। इसके साथ ही कांग्रेस के जातिगत जनगणना पर भी प्रहार किया। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने धर्म के आधार पर 15 प्रतिशत आरक्षण की बात कही। यह भी कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी का जो कोटा है उसी में से चुराकर धर्म के आधार पर कुछ लोगों को आरक्षण दिया जाएगा। वर्ष 2009 के घोषणापत्र में कांग्रेस ने यही इरादा भी जताया। 2014 के घोषणापत्र में भी इन्होंने साफ ▶▶|शेष पेज 4 पर

### दोहराई मुस्लिम लीग की बात

आज अपने भाषण में पीएम मोदी ने एक बार फिर से कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर हमला किया। उन्होंने कहा कि आज जब मैं सरगुजा आया हूं तो कांग्रेस की ▶▶|शेष पेज 4 पर

### आतंकवादियों के मरने पर बहाती है आंसू

आतंकवाद व नक्सलवाद को लेकर पीएम ने कांग्रेस पर करारा प्रहार किया। पीएम श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास सत्ता के लालच में देश को तबाह करने का रहा है। देश में आतंकवाद, नक्सलवाद कांग्रेस के कारण फैला। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस की नजर जनता की कमाई पर भी

पीएम श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नजर सिर्फ आपके आरक्षण पर ही नहीं है। कांग्रेस की नजर आपकी कमाई, मकान, दूकान, खेत-खलिहान पर भी है। कांग्रेस के एक साहबजादे का कहना कि ये देश के हर परिवार की संपत्ति का एक्स रे करेंगे। हमारी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### लबरा कांग्रेस को लोकसभा में भी सिखाएं सबकः सीएम

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भाजपा की शंखनाद रैली को पीएम नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद मिलेगा। पीएम ने भारत का मान पूरी दुनिया में बढ़ाया है। आपने जिस तरह मोदी की गारंटी में करके विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया और 14 सीटों पर जीत दिलाई। झूठे लबरा कांग्रेस को विधानसभा की तरह लोकसभा में सबक सिखाना ▶▶|शेष पेज 4 पर




### जस्टिस राकेश मोहन होंगे छत्तीसगढ़ के स्थायी जज



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के एडिशनल जज राकेश मोहन पांडेय अब हाईकोर्ट के स्थायी जज होंगे। सुप्रीम कोर्ट कॉलिजियम ने इसकी सिफारिश की है। जस्टिस राकेश मोहन पांडेय के अलावा कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के दो एडिशनल जज को भी एक साल के लिए सेवा विस्तार दिया है। सुप्रीम कोर्ट के कॉलिजियम ने एडिशनल जज सचिन सिंह राजपूत और जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल को एक साल के लिए सेवा विस्तार दिया है। कॉलिजियम ने सिफारिश से पहले छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और मुख्यमंत्री से भी राय ली है, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया है। सुप्रीम ▶▶|शेष पेज 4 पर

### एनएसजी के नए चीफ नलिन प्रभात



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी नलिन प्रभात को आतंकरोधी बल एनएसजी (नेशनल सिक्योरिटी गार्ड) का चीफ नियुक्त किया गया है। नलिन प्रभात साल 1992 बैच के आंध्र प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। फिलहाल सीआरपीएफ के अतिरिक्त डायरेक्टर जनरल पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। केंद्र सरकार की कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने नलिन प्रभात की नियुक्ति को मंजूरी दी। वह अपना पद संभालने के बाद 31 अगस्त 2028 तक एनएसजी के डीजी पद पर रहेंगे।









लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 7 सीटों पर 15 प्रत्याशियों पर विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें कांग्रेस से देवेंद्र यादव, राजेंद्र साहू और विकास उपाध्याय, भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल पर भी मामला दर्ज है। अन्य 11 निर्दलियों पर भी मामला दर्ज है। इनमें रायपुर के एक निर्दलीय प्रत्याशी पर टैक्स चोरी का मामला था टिकरापारा में दर्ज है। सात लोकसभा सीट में रायगढ़ और जांजगीर में चुनाव लड़ रहे किसी भी प्रत्याशी पर आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

**रायगढ़ और जांजगीर लोकसभा में प्रत्याशियों पर कोई आपराधिक प्रकरण नहीं**

# तीसरे चरण में 15 प्रत्याशियों के खिलाफ प्रकरण, रायगढ़ जांजगीर क्लीन, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग में 14 केस

### सरगुजा में 1, कोरबा और रायपुर में 4-4, बिलासपुर और दुर्ग में 3-3 प्रत्याशियों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीसरे चरण के नामांकन के साथ प्रत्याशियों द्वारा प्रस्तुत शपथपत्र में आपराधिक प्रकरणों की जानकारी दी गई है। सरगुजा लोकसभा में 1 प्रत्याशी अरविंद कच्छप पर मामला दर्ज है जो न्यायालय में लंबित है। वहीं कोरबा में तीन प्रत्याशियों पर मामला दर्ज है। इनमें निर्दलीय प्रत्याशी रमेश दास महंत पर धारा 506 के अंतर्गत आपसी विवाद का मामला दर्ज है। वहीं दिलीप मिरी पर थाना मानिकपुर चौकी, दीपिका और रामपुर थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। आपसी विवाद का मामला है, जो न्यायालय में लंबित है। कोरबा लोकसभा के प्रत्याशी केवल भारती गोस्वामी पर कोनी बिलासपुर और जांजगीर में 420 और चेक बाउंस का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। निर्दलीय प्रत्याशी प्रियंका पटेल पर थाना न्यू राजेंद्र नगर रायपुर में धारा 294 और 503 का मामला दर्ज है।



**कांग्रेस प्रत्याशी पर आपराधिक मामला**

दुर्ग और बिलासपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी पर आपराधिक मामला दर्ज है। बिलासपुर से प्रत्याशी देवेंद्र यादव पर 5 प्रकरण दर्ज हैं। इनमें ईओडब्ल्यू में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत और ईडी में मनी लाड्रिंग का प्रकरण दर्ज है। इसके अलावा थाना पंडरी, सिटी कोतवाली रायपुर, सिटी कोतवाली बिलासपुर में भी धारा 420, 120 बी के तहत मामला दर्ज है। बिलासपुर से चुनाव लड़ रहे संजय प्रकाश साहू पर फर्जी दास्तावेज तैयार करने का मामला बलौदा में दर्ज है। वहीं परसराम यादव पर तोरवा थाना में धारा 418, 420 के तहत मामला दर्ज है। मामला कोर्ट में लंबित है। दुर्ग लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू पर चक्काजाम किए जाने पर प्रकरण दर्ज है जो कोर्ट में लंबित है। वहीं यहां से चुनाव लड़ रहे ध्रुव कुमार सोनी पर चक्काजाम करने सिटी कोतवाली में मामला दर्ज है। यहां से प्रत्याशी अनूप कुार पांडेय पर रकम धोखाधड़ी का मामला दर्ज है।

**विकास व बृजमोहन पर मामला**

रायपुर लोकसभा से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के विकास उपाध्याय पर चक्काजाम करने के राजनीतिक मामले में थाना पंडरी में अपराध दर्ज है। मामला कोर्ट में लंबित है। वहीं भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल पर धारा 500, 501 के तहत मामला दर्ज है, जिस पर कोर्ट से समंस जारी है। मामला कोर्ट में लंबित है। वहीं रायपुर से प्रत्याशी हीरानंद नागवानी पर पारिवारिक विवाद का एक मामला थाना आजाद चौक में लंबित है। वहीं यहां से चुनाव लड़ रहे निर्दलीय प्रत्याशी आशीष तिवारी पर टैक्स चोरी का मामला थाना टिकरापारा में दर्ज है। कोर्ट में यह मामला अभी लंबित है।

## आमने/सामने

### कांग्रेस की नजर अब आपकी कमाई पर

**संजय श्रीवास्तव**



संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है। आपकी संपत्ति पर है। आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है। किसके पास कितनी प्रॉपर्टी है, किसके पास कितना धन है, किसके पास कितने मकान हैं, कांग्रेस सरकार उसकी जांच कराएगी। यह जो संपत्ति है उनको सरकार अपने कब्जे में लेकर सभी को बांट देगी। प्रधानमंत्री ने सही कहा यही कांग्रेस की नीति और उनके घोषणापत्र का हिडेन एजेंडा है।

### प्रधानमंत्री ने झूठ बोला, यह पित्रोदा के निजी विचार

**सुशील आनंद शुक्ला**



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, सैम पित्रोदा के एक संगोष्ठी में पश्चिमी देशों के टैक्स को लेकर दिये गये भाषण जो कि उनके निजी विचार थे उसे प्रधानमंत्री मोदी दुर्भावनापूर्वक चुनावी प्रचार का हिस्सा बना रहे हैं। यह पीएम मोदी की बौखलाहट को प्रदर्शित करता है। कांग्रेस की विरासत टैक्स लगाने की कोई योजना नहीं है। प्रधानमंत्री जाति धर्म के आधार पर वोट मांगने को मजबूर हो गये हैं। यह प्रधानमंत्री की नाकामी को प्रदर्शित करता है।

**बिलासपुर लोकसभा का सूरतेहाल**

# मतदाता जागरुकता के रिकार्ड जरूर बने लेकिन 68 सालों में वोटिंग सिर्फ 32 फीसदी

बिलासपुर लोकसभा में मतदाता जागरूकता का रिकॉर्ड तो हर बार बनाया जा रहा है लेकिन कोई इसका फायदा नहीं मिल रहा है। बिलासपुर लोकसभा चुनावों की बात करें तो आजादी से लेकर अब तक हुए आम चुनावों में महज 32 फीसदी ही वोटिंग बढ़ सकी है। 1951 में 30.36 फीसदी वोट पड़े थे और पिछले लोकसभा चुनाव यानी 2019 में 64.32 फीसदी वोट डाले गए। वहीं पिछले चुनाव 2019 में तो वोटिंग 2014 के चुनाव की तुलना में महज एक प्रतिशत ही बढ़ी थी।

विकास चौबे ▶▶| बिलासपुर

### अभियान चलाने के नाम पर करोड़ों रुपए जिला प्रशासन और निर्वाचन विभाग खर्च कर रहा

### विधानसभा चुनावों में तो स्थिति और खराब, राज्य बनने से लेकर अब तक हर चुनाव में वोटिंग कम

विधानसभा चुनावों में तो स्थिति खराब है और राज्य बनने से लेकर अब तक हर इलेक्शन में बिलासपुर में वोटिंग कम हो रही है जबकि स्वीप कार्यक्रम से लेकर जागरूकता अभियान चलाने में लाखों, करोड़ों रुपए जिला प्रशासन और निर्वाचन विभाग खर्च कर रहा है। ध्यान रहे कि बिलासपुर विधानसभा में 2003 में 62.40 फीसदी वोटिंग हुई थी और 2023 में 56.39 फीसदी वोटिंग हुई। यानी 20 साल में 6.01 फीसदी वोटिंग घट गई। बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के बाकी विधानसभाओं में भी वोटिंग घटी है। इस तरह लोकसभा के हर चुनाव में दो फीसदी मतदान भी नहीं बढ़ा। 1951 में 30.36 फीसदी वोट पड़े थे और पिछले लोकसभा चुनाव यानी 2019 में 64.32 फीसदी वोट डाले गए। इससे पहले यानी 2014 में 63 फीसदी वोटिंग हुई थी। यानी पांच साल में 1.32 प्रतिशत ही वोटिंग बढ़ पाई।

**2.19 लाख वोटरों ने भरा शपथ पत्र वोटिंग 2.39 फीसदी घट गई**

विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा चुनाव में अधिकारी शत-प्रतिशत मतदान का दावा कर रहे हैं। जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। हो सकता है कि कुछ रिकॉर्ड भी बनाए जाए जैसे कि 2023 के विधानसभा चुनाव में 6 गोल्डन बुक रिकॉर्ड बनाए गए। इससे पहले 2018 के विधानसभा चुनाव में 2.19 लाख मतदाताओं से शपथ पत्र भरवाकर गिनीज बुक में रिकॉर्ड बनाया गया था लेकिन वोटिंग प्रतिशत बढ़ने की बजाय 2.39 फीसदी घट गया था। बीते कुछ चुनावों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने सड़कों के किनारे बड़े-बड़े होर्डिंग्स, ग्रामीण इलाकों में वॉल पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता अभियान, रैली, वाद-विवाद स्पर्धा ही नहीं और भी कई नए उपाय हो रहे हैं। लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन नतीजा नहीं मिल रहा है।



**तीन महीने में बढ़ गए साढ़े 16 हजारवोटर**

विधानसभा चुनाव की तुलना में अब मतदाताअओं की संख्या साढ़े 16 हजार से भी ज्यादा बढ़ गई है। लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया गया है। निर्वाचन विभाग के अनुसार पुनरीक्षण के पहले जिले में 14 लाख 20 हजार 2 सौ 93 मतदाता थे, जबकि पुनरीक्षण के बाद अंतिम प्रकाशन की तिथि में मतदाताओं की संख्या 14 लाख 36 हजार 8 सौ 46 हो गई है। इस प्रकार मतदाताओं की संख्या में 16 हजार 5 सौ 53 की वृद्धि हुई है।

**इस तरह रही लोकसभा चुनाव में वोटिंग**

| वर्ष | वोटिंग प्रतिशत |
|---|---|
| 1951 | 30.36% |
| 1957 | 34.96 % |
| 1962 | 37.70 % |
| 1967 | 48.92 % |
| 1971 | 44.30 % |
| 1977 | 55.97 % |
| 1980 | 46.64 % |
| 1984 | 54 % |
| 1989 | 56.44 % |
| 1991 | 36.93 % |
| 1996 | 54.04 % |
| 1998 | 56.01% |
| 1999 | 48.27% |
| 2004 | 44.02 % |
| 2009 | 52.28 % |
| 2014 | 63.03 % |
| 2019 | 64.32 % |

## प्रधानमंत्री मोदी की 'संपत्ति वाली' स्पीच की जांच शुरू

### कांग्रेस-माकपा ने चुनाव आयोग में की थी शिकायत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान में दिए गए भाषण के खिलाफ दर्ज शिकायतों पर जांच शुरू कर दी है। पीएम मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों की संपत्ति को मुस्लिमों में बांट देगी। इसके खिलाफ कांग्रेस और मार्क्सवादी कांग्रेस पार्टी (माकपा) ने पीएम के बयान को लेकर चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया था। शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने पीएम मोदी की स्पीच के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। चुनाव आयोग के सूत्रों के मुताबिक, पीएम के बयान को लेकर दर्ज शिकायतों पर विचार किया जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आयोग से 140 पेज में 17 शिकायतें की हैं। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से अपील की कि वह प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे। दरअसल राजस्थान के बांसवाड़ा में रविवार को पीएम मोदी रैली में कहा था कि अगर कांग्रेस की सरकार बनेगी तो हरेक की प्रॉपर्टी का सर्वे किया जाएगा। हमारी बहनों के पास सोना कितना है, इसकी जांच की जाएंगी। चांदी का हिसाब लगाया जाएगा। पीएम ने कहा कि था कि मेरी माताओं-बहनों की जिंदगी में सोना सिर्फ शो करने के लिए नहीं होता है। उसके स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है।

## 'असदुद्दीन ओवैसी का मुंह बंद करवा देना चाहिए'

### हैदराबाद से भाजपा प्रत्याशी माधवी लता ने कहा

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद



लोकसभा के चुनाव में इस बार तेलंगाना की हैदराबाद सीट पूरी तरह से सुर्खियों में बनी है। यहां से भाजपा उम्मीदवार माधवी लता के नाम की घोषणा होने के बाद से भाजपा हैदराबाद में लगातार महौल बना रही है। माधवी लता के बोगस वोट के आरोप को लेकर भी कार्रवाई की गई है। हैदराबाद से भाजपा उम्मीदवार माधवी लता ने बुधवार को एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को जमकर घेरा। माधवी ने कहा कि असदुद्दीन खुद के कौम को बर्बादी की ओर ले जाते हुए एक बार भी नहीं सोचते कि प्रधानमंत्री ने इतनी योजनाएं लाई हैं, किस योजना पर हिंदू-मुसलमान लिखा है। माधवी लता ने कहा कि असदुद्दीन, अकबरुद्दीन जैसे लोगों का मुंह बंद करवा देना चाहिए। यह आम जनता में विष घोलने का काम कर रहे हैं। तेलंगाना में हैदराबाद निर्वाचन क्षेत्र से माधवी लता इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रत्याशी हैं। माधवी लता निर्भीकता के साथ जनसंपर्क करते हुए लोगों के बीच पहुंच रही हैं। माधवी के खिलाफ एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी लगातार बयानबाजी कर रहे हैं। ओवैसी के बयान पर माधवी लता जमकर पलटवार करते हुए हिन्दू मुस्लिम एकता की बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के कामों और सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने की बात कह रही हैं।

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा**

## 'हमारे घोषणापत्र से घबरा गए हैं प्रधानमंत्री मोदी'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चुनिंदा 22 लोगों को दिए गए 16 लाख करोड़ रुपये में से देश के 90% लोगों को थोड़ी सी धनराशि वापस करने का वादा किया गया है। दिल्ली के जवाहर भवन में सामाजिक न्याय सम्मेलन में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा, "हमने यह नहीं कहा कि हम पूरे 16 लाख करोड़ लौटाएंगे। हमने कैलकुलेशन की है और कहा है कि केवल थोड़ी सी रकम वापस की जाएगी।" राहुल गांधी ने कहा, "आपने देखा होगा कि प्रधानमंत्री घबरा गए हैं। यह एक क्रांतिकारी घोषणापत्र है।" हाल ही में राजस्थान के बांसवाड़ा में रविवार को एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगों की गाढ़ी कमाई और संपत्ति ''घुसपैठियों'तथा 'ज्यादा बच्चे वाले लोगों'को देने की है।

### मोदी ने 25 'अरबपति मित्रों' का 16 लाख करोड़ कर्ज किया माफ

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर अपने 25 'अरबपति मित्रों' का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ करने का आरोप लगाया और कहा कि इसी राशि का इस्तेमाल देश के गरीब किसानों के कर्ज माफ करने और उन्हें अपना जीवन समाप्त करने से बचाने के लिए किया जा सकता था। अपनी पार्टी के घोषणापत्र को 'क्रांतिकारी' करार देते हुए उन्होंने घोषणा की कि प्रधानमंत्री उनकी पार्टी के न्याय पत्र को देखकर घबरा गए हैं और वह नकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करने के साथ ही ओछी टिप्पणी कर रहे हैं।

## लोकसभा चुनाव लड़ेगा खालिस्तान समर्थक अमृतपाल



नई दिल्ली। वारिस पंजाब डे प्रमुख अमृतपाल सिंह को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। कहा जा रहा है कि अमृतपाल सिंह पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेगा। अमृतपाल सिंह इस वक्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं। अमृतपाल के कानूनी सलाहकार राजदेव सिंह खालसा ने पुष्टि की कि अमृतपाल सिंह खडूर साहिब सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे।

**जेपी नड्डा ने महागठबंधन पर कसा तंज, कहा-**

## 'परिवार, भ्रष्टाचार को बचाने के लिए बना इंडी गठबंधन'

एजेंसी ▶▶| खगड़िया



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नोएडा बुधवार को खगड़िया, बिहार पहुंचे। वहां उन्होंने खगड़िया से एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन में लोगों से वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि राजेश वर्मा को लोकसभा भेज कर यहां की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करने का काम करें। वहीं अपने संबोधन में नड्डा ने महागठबंधन को आड़े हाथों लेते हुए उसे भ्रष्टाचारियों का गठबंधन बताया। विपक्ष पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि महागठबंधन सिर्फ दो चीजों का गठबंधन है। परिवारवाद का गठबंधन है और दूसरा भ्रष्टाचारियों को बचाने का गठबंधन है। यह लोग या तो जेल में हैं या बेल पर हैं। सभी अपने आप को बचाने की जुगत में लगे हुए हैं।

### सियासी इतिहास की रोमांचक कहानी, सोनीपत लोकसभा सीट पर हुई थी प्रतिष्ठा की जंग

# चरण सिंह और देवीलाल में हुई मूंछ की लड़ाई, जीत गई कांग्रेस आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



हरियाणा के सियासी इतिहास में जितना रोमांच भरा है, उससे ज्यादा यहां मूंछ की लड़ाइयां चर्चा में रही हैं। मसलन, 1983 के दिसंबर महीने में सोनीपत लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव को ही लें। इसमें प्रतिष्ठा की जंग चौधरी चरण सिंह और ताऊ देवीलाल के बीच हुई थी और बाजी इंदिरा कांग्रेस (कांग्रेस आई) के प्रत्याशी ने मार ली। यह चुनाव भजनलाल और चौधरी बंसीलाल के एक साथ प्रचार करने के कारण भी सुर्खियों में रहा था। 1982 में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान ही लोकदल के राष्ट्रीय नेता चौधरी चरण सिंह और प्रदेश के बड़े सियासी चेहरे चौधरी देवीलाल में खटपट हो गई थी। इस चुनाव में कांग्रेस को 38 और लोकदल गठबंधन को 34 सीट मिली थीं। लेकिन, चौधरी चरण सिंह और देवीलाल में तल्खी इतनी बढ़ गई कि ताऊ खुद नौ विधायकों के साथ लोकदल छोड़कर जनता पार्टी में शामिल हो गए।

**साल भर बाद हुआ चुनाव**

ताऊ के जनता पार्टी में शामिल होने के तकरीबन एक साल बाद ही सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में उपचुनाव हो गया। तब नौ विधानसभा हलकों को समेटने वाला यह इलाका लोकदल का गढ़ माना जाता था, क्योंकि चरण सिंह की यहीं ससुराल थी और वह यहां के जाट व किसान नेताओं के सीधे संपर्क में रहते थे। उन्होंने इस उपचुनाव में अपने निकट सहयोगी किताब सिंह मलिक को टिकट दे दिया। उस समय इस सीट पर करीब सवा सात लाख मतदाता थे, जिनमें तीन लाख के करीब जाट वोटर थे। चौधरी चरण सिंह किसान और जाट वोट को अपने पक्ष में मानते थे। इसी बीच, उस समय महम के विधायक रहे चौधरी देवीलाल ने जनता पार्टी उम्मीदवार के रूप में लोकसभा उपचुनाव के लिए ताल ठोंक दी।इससे यह उपचुनाव रोमांचक हो गया और पूरे देश की नजर इस पर टिक गईं।

**कांग्रेस की जीत की बिसात**

इधर, चौधरी भजनलाल वह मुख्यमंत्री थे और सोनीपत से कांग्रेस को जिताने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। उन्होंने इंदिरा कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर तीसरे जाट नेता रिजकराम दहिया को मैदान में उतार दिया। रिजकराम के लिए जाट वोट साधने की जिम्मेदारी जहां केंद्रीय मंत्री रहे चौधरी बंसीलाल ने संभाल ली, वहीं गैर जाट मत साधने के लिए खुद भजनलाल ने विधानसभावार जनसंपर्क शुरू किया। एक ओर जहां लोकदल और जनता पार्टी के उम्मीदवार मूंछ की लड़ाई लड़ रहे थे, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस (आई) के उम्मीदवार के लिए भजनलाल जीत की बिसात बिछा रहे थे। इसी के तहत हरियाणा लोकदल के बड़े नेता मुख्तियार सिंह अफनी पार्टी की राह से अलग जाकर कांग्रेस के रिजकराम के पक्ष में वोट मांगने उतर पड़े थे।

**देवीलाल रहे नंबर दो पर**

23 दिसंबर 1983 को जब वोट पड़ रहे थे, तब चरण सिंह और देवीलाल के समर्थक बूथ पर आमने-सामने थे, जबकि भजनलाल की टीम ने कांग्रेस के वोट मतपेटियों तक पहुंचाने में ताकत झोंक रखी थी। तीन दिन बाद जब परिणाम आया तो कांग्रेस के उम्मीदवार ने रिजकराम दहिया ने मुकाबला करीब 12,500 वोट से जीत लिया था। चौधरी देवीलाल को नंबर दो पर संतोष करना पड़ा।

रायपुर
गुरुवार, 25 अप्रैल 2024
बैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीय
वर्ष : 22, अंक : 277
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 39.2
न्यून. 24.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर में चुनाव प्रचार थमा

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण की तीन सीटों राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर में बुधवार शाम से चुनाव प्रचार समाप्त हो गया है। 26 अप्रैल को इन सीटों पर मतदान होगा। इन तीनों सीटों पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच होता दिख रहा है। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में इन तीनों सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की थी।




राजनांदगांव सीट पर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय और कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मैदान में हैं। 2019 में यह सीट भाजपा प्रत्याशी रहे संतोष पांडेय ने जीती थी। पार्टी ने उन्हें दूसरी बार इसी सीट से उतारा है। भूपेश बघेल पहली बार राजनांदगांव से लोकसभा प्रत्याशी बने हैं। उधर महासमुंद में भाजपा ने रूपकुमारी को प्रत्याशी बनाया है। वे पूर्व में विधायक रह चुकी है। ताम्रध्वज साहू 2023 के विधानसभा चुनाव में दुर्ग ग्रामीण से प्रत्याशी थे, लेकिन इस चुनाव में उन्हें सरकार के मंत्री रहते हार का सामना करना पड़ा था। कांकेर लोकसभा सीट से भाजपा ने भोजराज नाग को प्रत्याशी बनाया है। वे पूर्व में अंतागढ़ विधानसभा उपचुनाव जीत चुके हैं। उनके लिए यह पहला लोकसभा चुनाव है। कांग्रेस ने इस सीट से वीरेश ठाकुर को उतारा है। 2019 का लोकसभा चुनाव वे इस सीट से करीब 6 हजार वोटों से हारे थे। माना जाता है कि कम अंतर से हार के कारण कांग्रेस ने श्री ठाकुर को दूसरी बार इस सीट से मौका दिया है।

## 26 अप्रैल को होगा मतदान, कांग्रेस-भाजपा में मुकाबला

# शोर थमा... चुनावी खर्च पर भूपेश और संतोष में कड़ा मुकाबला, ताम्रध्वज से रूपकुमारी का खर्च डबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में राजनांदगांव और महासमुंद सीट पर जबरदस्त मुकाबला देखने को मिल रहा है, इन सीटों पर पहले चरण का चुनाव प्रचार भी बुधवार शाम से समाप्त हो गया है। चुनाव के दौरान प्रत्याशियों द्वारा अपने प्रचार-प्रसार के लिए सियासी ताकत के साथ धनराशि झोंकी जा रही है। जहां तक राजनांदगांव का सवाल है, खर्च के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल और भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के बीच कड़ा मुकाबला है, वहीं महासमुंद सीट पर भाजपा की महिला प्रत्याशी रूपकुमारी कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू से दोगुनी राशि खर्च कर रही हैं। राजनांदगांव सीट पर भाजपा के प्रत्याशी और 2019 का चुनाव जीतने वाले संतोष पांडेय ने पूरी ताकत झोंक रखी है। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार में अब तक 23 लाख 23 हजार 382 रुपए खर्च का हिसाब निर्वाचन आयोग को दिया है। उनके मुकाबले में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल भी चुनाव प्रचार में कोई कमी रखना नहीं चाहते हैं। उन्होंने इस सीट पर अब तक 21 लाख 38 हजार 273 रुपए खर्च का हिसाब दिया है। राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि यहां का चुनावी मुकाबला इन दोनों के बीच होता दिख रहा है। हांलाकि इस सीट पर अन्य दलों व निर्दलीय भी मैदान में हैं। कांग्रेस भाजपा के मुकाबले तीसरी पार्टी के ▶▶| शेष पेज 4 पर




### रूपकुमारी खर्च में ताम्रध्वज से दो गुना आगे




*महासमुंद लोकसभा सीट से भाजपा ने पूर्व विधायक एवं महिला नेत्री रूपकुमार को प्रत्याशी बनाया है। उनके मुकाबले कांग्रेस से ताम्रध्वज साहू है। इस सीट पर भी मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच दिख रहा है। लेकिन चुनावी खर्च की बात की जाए तो भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी ताम्रध्वज से काफी आगे चल रही हैं। उन्होंने अब तक 30 लाख 93 हजार, 599 रुपए खर्च का हिसाब दिया है। वहीं ताम्रध्वज साहू ने अभी तक 16 लाख 11 हजार 607 रुपए खर्च किए* ▶▶| शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड

दिल्ली 224/4 Vs गुजरात 220/8

4 रन से जीती दिल्ली

ऋषभ पंत : 88* रन
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच
हैदराबाद Vs बेंगलोर
समय : शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### जेईई मेन्स में 56 ने हासिल किया 100 फीसदी अंक



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा जेईई मेन्स 2024 सत्र 2 का परिणाम 24 अप्रैल को रात 11 बजकर 30 मिनट पर जारी कर दिया गया। आधिकारिक वेबसाइट पर परिणाम जारी किया गया है। जेईई-मेन में 56 उम्मीदवारों ने 100फीसदी स्कोर हासिल किया है।

### अमिताभ को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार



**मुंबई।** अभिनेता अमिताभ बच्चन को बुधवार को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पांच मंगेशकर भाई-बहनों में सबसे बड़ी लता की 2022 में मृत्यु हो जाने के बाद परिवार और ट्रस्ट ने सुर सम्राज्ञी की याद में पुरस्कार की स्थापना की थी।

### 31 मई तक करा सकेंगे पैन-आधार लिंक



**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि यदि करदाता 31 मई तक अपने पैन को आधार से जोड़ देते हैं, तो टीडीएस की कम कटौती के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। यदि पैन को बायोमेट्रिक आधार से नहीं जोड़ा जाता है, तो लागू दर के मुकाबले दोगुनी दर से टीडीएस की जाएगी।

### गिरोह से 10.48 करोड़ का सोना-चांदी जब्त



**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी करने वाले एक गिरोह का मुंबई में भंडाफोड़ किया है। इनसे 10.48 करोड़ रुपए मूल्य की बहुमूल्य सोना-चांदी, नकदी और अन्य कीमती सामान जब्त किए गए हैं। मुंबई में सोना को पिघलाने वाली जगह पर अभियान चलाया गया।

## अमेरिका के विरासत टैक्स की वकालत कर फंसे, कांग्रेस ने झाड़ा पल्ला

# मौत के बाद आधी संपत्ति सरकार की...पित्रोदा के इस बयान से बवाल, भाजपा ने बोला हल्ला

*मंगलसूत्र, संपति विवाद पर एक बार फिर सियासी हंगामा खड़ा हो गया है। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने कहा कि भारत में विरासत टैक्स लगाने पर बहस होनी चाहिए। अमेरिका में विरासत टैक्स लगता है, इसमें अगर किसी के पास 10 करोड़ डॉलर की संपति है। उसके मरने के बाद 45फीसदी संपति उसके बच्चों को मिलती है, जबकि 55फीसदी पर सरकार का मालिकाना हक हो जाता है। इस बयान पर भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस एक्सपोज हो गई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने संपत्ति वितरण को लेकर अमेरिका के शिकागो में एक बयान दिया है। इसके बाद भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ गई है। शिकागो से समाचार एजेंसी से बातचीत में सैम पित्रोदा ने कहा, अमेरिका में विरासत टैक्स की व्यवस्था है। इसका मतलब है कि अगर किसी के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है तो उसके मरने के बाद बच्चों को केवल 45 फ़ीसदी संपत्ति ही मिलेगी और बाकी 55 फ़ीसदी सरकार ले लेगी। ये काफ़ी दिलचस्प क़ानून है. ये कहता है कि आप अपने दौर में संपत्ति जुटाओ और अब जब आप जा रहे हैं, तो आपको अपनी धन-संपत्ति जनता के लिए छोड़नी होगी, सारी नहीं लेकिन उसकी आधी, जो मेरी नज़र में अच्छा है। उन्होंने कहा, भारत में आप ऐसा नहीं कर ▶▶| शेष पेज 4 पर

■ पीएम मोदी, गृहमंत्री शाह समेत भाजपा नेताओं ने किया पलटवार

### अमेरिका के शिकागो में सैम पित्रोदा ने दिया था बयान



#### पित्रोदा ने दी सफाई

*पित्रोदा की टिप्पणी पर जब विवाद शुरू हो गया तो उन्होंने 'एक्स' पर कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका में विरासत कर के बारे में एक व्यक्ति के रूप में मैंने जो कहा था, उसे मोदी मीडिया ने तोड़-मरोड़ कर पेश किया है, ताकि कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में प्रधानमंत्री जो झूठ फैला रहे हैं, उससे ध्यान भटकाया जा सके। मंगल सूत्र और सोना छीनने के संबंध में प्रधानमंत्री की टिप्पणियां बिल्कुल अवास्तविक है। उन्होंने कहा, मैंने टेलीविजन पर अपनी सामान्य बातचीत में उदाहरण के रूप में पेश किया था।*

#### बचाव में उतरी कांग्रेस

#### खड़गे ने कहा- वोट की खातिर सारे खेल



इधर, कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे देश में एक संविधान है। हमारी ऐसी कोई मंशा नहीं है। पत्रकारों से कहा कि आप उनके (पीएम मोदी के) आइडिया पर हमारा नाम क्यों लगा रहे हैं। सिर्फ वोट की खातिर पीएम मोदी ये सारे खेल खेल रहे हैं।

#### राहुल गांधी का यू टर्न



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 'वेल्थ सर्वे' टिप्पणी पर यू-टर्न लेते हुए कहा कि वो केवल ये जानना चाहते थे कि देश में कितना अन्याय हो रहा है। राहुल ने बुधवार को दिल्ली के जवाहर भवन में 'सामाजिक न्याय सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने ये नहीं है कि हम ऐसा करेंगे। मैं ये कह रहा हूं कि आइए पता करते हैं कि कितना अन्याय हुआ है।

#### भाजपा के तीखे तेवर

#### पीएम मोदी बोले-कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ और जिंदगी के बाद भी




इधर, अंबिकापुर की सभा में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के खतरनाक इरादे एक के बाद एक खुलकर सामने आ रहे हैं। अब कांग्रेस का कहना है कि वो इन विरासत टैक्स लगाएगी। माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी बल्कि कांग्रेस सरकार का पंजा उसे आपसे छीन लेगा। कांग्रेस का मंत्र है कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी।

#### कांग्रेस की मंशा सामने आ गई



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान के बाद कांग्रेस की असली मंशा सामने आ गई है। सबसे पहले, कांग्रेस के मेनिफेस्टो में सर्वे का जिक्र, मनमोहन सिंह का पुराना बयान जिसमें उन्होंने बताया था कि इस देश की संपदा पर माइनॉरिटी का पहला हक है और अब सैम पित्रोदा का बयान जिसमें उन्होंने कहा है कि अमेरिका की तरह संपत्ति का बंटवारा होना चाहिए। जब पीएम ने इस मुद्दे को उठाया था, तो राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी बैकफुट पर आ गई थी, कि ऐसी मंशा नहीं थी। लेकिन, सैम पित्रोदा के बयान ने सब साफ कर दिया है।

## कोटक महिंद्रा बैंक नहीं जोड़ सकेगा ऑनलाइन ग्राहक



एजेंसी ▶▶| मुंबई

आरबीआई ने आईटी मानदंडों का बार-बार अनुपालन न करने की वजह से बुधवार को कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन एवं मोबाइल बैंकिंग के जरिए नए ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल प्रभाव से रोक दिया। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि कोटक महिंद्रा बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन, सूचना सुरक्षा संचालन में 'गंभीर कमियां' पाए जाने पर ये कार्रवाइयां की गई हैं। बयान के मुताबिक, वर्ष 2022 और 2023 के लिए बैंक की सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) जांच से उत्पन्न महत्वपूर्ण चिंताओं लगातार नाकाम रहा।

■ आरबीआई का एक्शन

### क्या गड़बड़ियां मिली?

आरबीआई के बयान में कहा गया है कि बैंक के आईटी इन्वेंट्री प्रबंधन, पैच एंड चेंज मैनेजमेंट, यूजर एक्सेस मैनेजमेंट, वेंडर रिस्क मैनेजमेंट, डेटा सुरक्षा व डेटा लीक रोकने की रणनीति में कमी दिखी है। केंद्रीय बैंक के अनुसार बैंक की बिजनेस निरंतरता और डिजास्टर रिकवरी के लिए सख्ती व ड्रिल जैसे क्षेत्रों में भी गंभीर खामियां और अनुपालन में कमी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने बयान में कहा, लगातार दो वर्षों तक बैंक के आईटी जोखिम और सूचना सुरक्षा प्रशासन में कमी का आकलन किया गया।

### कार्रवाई का क्या कारण बताया?

रिजर्व बैंक के अनुसार कोटक महिंद्रा बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन और सूचना सुरक्षा प्रशासन में खामियां मिलने के बाद ने यह कार्रवाई की गई है। आरबीआई ने अपने बयान में कहा है कि ये कार्रवाइयां वर्ष 2022 और 2023 के दौरान नियामक की ओर से बैंक के आईटी परीक्षण में पाई खामियों के आधार पर की गई हैं। नियामक ने कहा कि बैंक परीक्षण के बाद उत्पन्न महत्वपूर्ण चिंताओं व्यापक और समयबद्ध तरीके से दूर करने में विफल रहा है।

## अनिल टूटेजा पर ईडी का शिकंजा कसा, पांच दिनों के की रिमांड पर लिए गए


शराब मामले में पूर्व आईएएस टूटेजा गिरफ्तार, जेल गए, पुत्र को पूछताछ के बाद छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

शराब घोटाला मामले में चार दिन से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा पर ईडी ने शिंकाजा कसते हुए पूछताछ करने पांच दिनों के लिए 29 अप्रैल तक रिमांड पर लिया है। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी तथा शराब कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन को ईओडब्लू ने हिरासत में लिया है। ईओडब्लू के अफसर ढिल्लन को गुरुवार को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड की मांग कर सकते हैं। गौरतलब है कि अनिल टूटेजा और उनका पुत्र ईओडब्लू कार्यालय से बयान दर्ज कराने के बाद निकल रहे थे, इसके ▶▶| शेष पेज 4 पर

■ भिलाई के शराब कारोबारी त्रिलोक ढिल्लन को ईओडब्लू ने हिरासत में लिया

### टूटेजा ने कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

राज्य में कथित तौर पर दो हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाला को लेकर ईडी द्वारा की जा रही कार्रवाई को लेकर आहत अनिल टूटेजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को एक पत्र लिखा है। पूर्व आईएएस ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री को ब्यूरोक्रेसी का अभिभावक होने की बात कहते हुए जांच एजेंसी की कार्रवाई को लेकर 18 पन्नों का पत्र लिखा है। पत्र में पूर्व संयुक्त सचिव ने ईडी से लेकर राज्य की जांच पर अपना पक्ष रखा है। पूर्व आईएएस ने कथित शराब घोटाले पर पूरी जांच कार्रवाई और एजेंसियों द्वारा उन्हें निराधार रूप से घोटाले का मास्टर माइंड बताने पर ▶▶| शेष पेज 4 पर

### पीएमएलए कोर्ट में पहली बार पेश हुए

गौरतलब है कि शराब घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा मनी लांड्रिंग के आरोप खारिज करने के बाद ईडी ने ईओडब्लू द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर नया ईसीआईआर दर्ज किया है। नए ईसीआईआर में अनिल टूटेजा की यह पहली गिरफ्तारी है। पूर्व में अनिल टूटेजा गिरफ्तार नहीं किए जा सके थे। गिरफ्तारी के बाद अनिल टूटेजा पहली बार पीएमएलए कोर्ट में पेश किए गए हैं।

## जगदलपुर में भूकंप के झटके | शहर और ग्रामीण क्षेत्र में लोग दहशत में



### जमीन में धंस गई गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बुधवार रात लगभग 8 बजे शहर में भूकंप की दहशत से लोग घरों से बाहर निकल गए। यह झटके शहर के पथरागुड़ा, निर्मल विद्यालय क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्र आड़ावाल व नियानार में भी महसूस किए गए। पथरागुड़ा इलाके में सड़क के किनारे जमीन खिसकने से कार के भी धंसने की खबर है। बताया जा रहा है कि रात लगभग 8 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि भूकंप की ▶▶| शेष पेज 4 पर

### नियानार व आड़ावाल में भी भूकंप के झटके

अचानक कई घरों के बर्तन, वाटर फिल्टर हिलते हुए गिरने लगे। लोग घबरा गए और घरों से बाहर निकल गए। वहीं शहर से लगभग 11 किमी दूर ग्रामीण क्षेत्र नियानार व आड़ावाल में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। बहरहाल भूंकप के झटके की तीव्रता का अनुमान नहीं लग सका है, कुछ सेकंड के लिए आए भूकंप के झटके से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत देखी जा रही है।

## डिवाइडर से टकराकर चार बार पलटी कार, महिला की मौत

■ वैवाहिक कार्यक्रम में गोवा जाने के लिए जा रहे थे रायपुर एयरपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

वैवाहिक कार्यक्रम में गोवा जाने रायपुर एयरपोर्ट जाते समय तेज रफ्तार कार नेशनल हाइवे मुंगेली ब्रिज के पास डिवाइडर से टकराकर चार बार पलट गई। गाड़ी चला रही महिला का सिर बाहर निकल जाने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, गाड़ी में सवार दो युवतियां व एक ▶▶| शेष पेज 4 पर

### बेटी और रिश्तेदार बाल-बाल बचे

*कार में सवार उनकी बेटी व रिश्तेदार बाल बाल बच गए। उन्हें केवल मामूली चोट आई है। राहगीरों द्वारा उन्हें कार से बाहर निकाला गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतका शव मरच्यूरी में रखवाकर परिजन को सूचना दे दी है।*

## ईवीएम के वीवीपैट के साथ सत्यापन पर फैसला सुरक्षित

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम चुनाव कंट्रोल नहीं कर सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के जरिए से डाले गए वोटों का पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के साथ पूर्ण सत्यापन करने को लेकर दायर याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया। इस दौरान कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए साफ किया कि वह चुनावों के लिए कंट्रोलिंग अथॉरिटी नहीं है और संवैधानिक अथॉरिटी भारत के चुनाव आयोग के कामकाज को निर्देशित नहीं कर सकता है। सुनवाई के दौरान, अदालत ने कहा, हम उन चुनावों को कंट्रोल नहीं ▶▶| शेष पेज 4 पर

### हम गलत साबित नहीं होना चाहते

बेंच ने निर्वाचन आयोग की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एश्वर्या भाटी से कहा, हम गलत साबित नहीं होना चाहते, बल्कि अपने निष्कर्षों को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त होना चाहते हैं और इसलिए हमने स्पष्टीकरण मांगने का सोचा। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि उसे कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण की जरूरत है, क्योंकि ईवीएम पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) के बारे में निर्वाचन आयोग ने जो उत्तर दिए हैं उनमें कुछ भ्रम है।



### चुनाव आयोग से मांगा था स्पष्टीकरण

सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कार्यप्रणाली के कुछ खास पहलुओं पर बुधवार को चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण मांगा था, साथ ही निर्वाचन आयोग के एक शीर्ष अधिकारी को दोपहर दो बजे तलब किया था। चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अदालती सवालों का जवाब देने के लिए आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

### उप निर्वाचन आयुक्त ने दी प्रस्तुति

वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नितेश कुमार व्यास ने इससे पहले ईवीएम की कार्यप्रणाली पर अदालत में एक प्रस्तुति दी थी। इसमें ईवीएम के भंडारण, ईवीएम की नियंत्रण इकाई में माइक्रोचिप और अन्य पहलुओं से संबंधित कुछ बिंदुओं पर बात की गई थी जिनके संबंध में अदालत ने स्पष्टीकरण मांगा था। वीवीपीएटी एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है जिसके जरिए मतदाता यह जान सकते हैं कि उनका वोट उसी व्यक्ति को गया है या नहीं जिन्हें उन्होंने वोट दिया है।

## चिंतन

# डीआरडीओ की उपलब्धियों से सुरक्षित हो रहा देश

भारतीय रक्षा अनुसंधान संस्थान ने अपने खाते में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। संस्थान ने देश की सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट बनाई है। पॉलिमर बैकिंग और मोनोलिथिक सिरेमिक प्लेट से तैयार की गई इस जैकेट को छह स्नाइपर गोलियां भी भेद नहीं सकीं। जैकेट का इन-कंजक्शन और स्टैंडअलोन डिजाइन सैनिकों को गोला-बारूद से सुरक्षा प्रदान करेगा। कानपुर में तैयार इस जैकेट की टेस्टिंग चंडीगढ़ में की गई। इस जैकेट को पहनने के बाद न केवल सैनिक सुरक्षित रहेंगे, बल्कि उनका मनोबल भी बढ़ेगा। इसके अलावा ये खोज डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता की ओर भी बड़ा कदम है। भारतीय सेना के प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने भी इस खोज पर डीआरडीओ को बधाई दी है। यह पहली बार नहीं है जब संस्थान ने रक्षा क्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले भी अनेक अनुसंधान कार्यों को अंजाम दिया है। वैमानिकी, हथियार, इलेक्ट्रॉनिक्स, युद्धक गाड़ियों, इंजीनियरिंग सिस्टम, मिसाइल, अडवांस्ड कंप्यूटिंग और सिमुलेशन, नौसेना प्रणाली, लाइफ साइंस, इन्फर्मेशन सिस्टम और कृषि विकास में भी इसका अहम योगदान है। कौन भूल सकता है 1983 को जब भारत ने एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम को लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य आत्मरक्षा के लिए मिसाइलों के विकास को अनुसंधान करना था। मिसाइल टेक्नॉलोजी के मैदान में भारत की प्रगति को देखकर अंतरराष्ट्रीय संस्थान एमटीसीआर ने इस पर रोक लगा दी। तकनीक तक भारत पहुंचने से रोक दी गई, लेकिन ये प्रतिबंध देश की इच्छाशक्ति में बाधक नहीं बन पाए। भारत ने एक के बाद एक स्वदेशी पृथ्वी, त्रिशूल, आकाश और नाग मिसाइलों का सफलताफूर्वक परीक्षण किया, जिसमें आकाश, अग्नि एक, दो, तीन, पांच, पृथ्वी एक, दो, तीन, त्रिशूल, नाग के अलावा कई और नाम शामिल हैं। केवल इतना ही नहीं भारतीय रक्षा अनुसंधान संस्थान ने एक राडार भी विकसित किया है। इसका नाम है दिव्यचक्षु। यह तस्वीर लेने वाला राडार है। इसकी मदद से 20 से 30 सेंटीमीटर मोटी दीवार के पार की तस्वीर भी ली जा सकती है। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा बंधकों को बचाने के अभियान में इसका इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे ही 2010 में डीआरडीओ ने एक प्लास्टिक ग्रेनेड विकसित किया। इसे मिर्ची बम भी कह सकते हैं। यह जानलेवा बम नहीं है। इसमें भूत जोलोकिया नाम की दुनिया की सबसे तीखी मिर्च का पाउडर इस्तेमाल किया जाता है। यह छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने में काफी कारगर है। भूत जोलोकिया नाम की मिर्च का उत्पादन असम में होता है। इसी को लेकर यह तैयार किया गया है। संस्थान ने दुश्मनों के लिए सबसे बड़ा भय बनकर उभरी ब्रह्मोस मिसाइल को रूस के साथ मिलकर तैयार किया है। इसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र नदी और रूस की मस्कवा नदी पर रखा गया है। यह राडार को चकमा दे सकने वाला एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। इसे पनडुब्बी से, पानी के जहाज से, विमान से या जमीन से भी छोड़ा जा सकता है। डीआरडीओ को इस बात का श्रेय जाता है कि भारत दुनिया का एकमात्र देश है जिसकी थलसेना, नौसेना और वायुसेना में सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें शामिल हैं, लेकिन इतनी कामयाबी का मतलब यह तो कतई नहीं हो सकता कि सब हो गया। अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। जैसे-जैसे हम उन्नत होंगे वैसे खतरे भी बढ़ेंगे। इसके लिए जरूरी है कि हर तरह की तैयारी रखी जाए।

## दिवस विशेष

अरविंद जयतिलक



# मलेरिया से निपटने की चुनौती

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की मानें तो पूरी दुनिया में मलेरिया के कुल मामलों में से 80 प्रतिशत भारत और 15 प्रतिशत उप सहारा अफ्रीकी देशों से होते हैं। चिकित्सा पत्रिका लासेंट द्वारा भी कहा जा चुका है कि भारत में हर साल दो लाख से अधिक लोगों की मौत मलेरिया से होती है। इस पत्रिका की मानें तो यह आंकड़ा विश्व स्वास्थ्य संगठन के पास क्लीनिक और अस्पतालों में होने वाली मौतों की संख्या के आंकड़े के आधार पर है, जबकि बड़ी संख्या में मलेरिया से लोगों की मौतें घरों में होती है। उल्लेखनीय है कि भारत में मलेरिया उन्मूलन के प्रयास वर्ष 2015 में शुरू किए गए तथा वर्ष 2016 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नेशनल फ्रेमवर्क फॉर मलेरिया एलिमिनेशन की शुरूआत के बाद इन प्रयासों में और अधिक तेजी आई। मलेरिया उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (2017-2022) जुलाई 2017 में शुरू की गई, जिसके अपेक्षित परिणाम मिलने शुरू हो गए हैं। 2003 में राष्ट्रीय ज्ञात कारण बीमारी नियंत्रण कार्यक्रम यानी एनवीबीडीसीपी के तहत मलेरिया नियंत्रण को अन्य ज्ञात-कारण बीमारियों के साथ मिला लिया गया। क्योंकि ऐसी सभी बीमारियों की रोकथाम के लिए एक ही रणनीति होती है जैसे रासायनिक नियंत्रण, वातावरण प्रबंधन, जैविक नियंत्रण और निजी सुरक्षा उपाय। उल्लेखनीय है कि 2005 में भारत में शुरू किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का उद्देश्य भी मलेरिया सही सभी ज्ञात बीमारियों पर नियंत्रण लगाना है। ध्यान देना होगा कि विश्व बैंक के सहयोग से 1997 तथा 2005 के मध्य आईडीए साख द्वारा अंशतः वित्तीय सहायता प्राप्त एक मलेरिया नियंत्रण परियोजना चुनिंदा राज्यों एवं जिलों में लागू की गई थी। उल्लेखनीय है कि मलेरिया पर पहले पहल गंभीर वैज्ञानिक अध्ययन 1880 में हुआ था जब एक फ्रांसीसी सैन्य चिकित्सक चार्ल्स लुई अल्फोंस लैवेरन ने अल्जीरिया में काम करते हुए पहली बार लाल रक्त कोशिका के अंदर परजीवी को देखा था। मलेरिया प्रमुख रूप से वातावरण एवं जलवायु पर निर्भर करता है। हाल के दिनों में जलवायु परिर्तन के मद्देनजर मलेरिया में भी बदलाव देखे गए हैं। गौर करें तो मलेरिया प्रतिवर्ष 40 से 90 करोड़ बुखार के मामलों का कारण बनता है, वहीं इससे 10 से 30 लाख मौतें हर वर्ष होती है। इनमें से ज्यादतर पांच वर्ष से कम आयु वाले बच्चे होते हैं। यह बिडंबना ही कहा जाएगा कि संक्रमण रोकने के प्रयास तथा इलाज करने के प्रयासों के बावजूद 1992 के बाद इसके मामलों में अभी तक अपेक्षित सफलता हाथ नहीं लगी है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर मलेरिया की वर्तमान प्रसार दर इसी तरह बनी रही तो अगले 20 वर्षों में मृत्यु दर दोगुनी हो सकती है। विशेषज्ञों की मानें तो मलेरिया से जुड़े आंकड़े ज्ञात आंकड़ों से कई गुना अधिक होते हैं, इसलिए कि इसके अधिकांश रोगी ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। मलेरिया के वैश्विक फैलाव पर नजर दौड़ाएं तो यह रोग भूमध्य रेखा के दोनों तरफ विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है। मलेरिया के विस्तार पर गौर करें तो सूखे क्षेत्रों में इसके प्रसार का वर्षा की मात्रा से गहरा संबंध होता है। डेंगू बुखार के बनिस्बत यह शहरों की अपेक्षा गांवों में ज्यादा फैलता है। उदाहरण के लिए वियतनाम, लाओस और कंबोडिया के नगर मलेरिया मुक्त हैं, जबकि इन देशों के गांव मलेरिया से बुरी तरह प्रभावित हैं। यहां ध्यान देना होगा कि मलेरिया सामाजिक-आर्थिक जीवन पर बुरी तरह प्रभाव डाल रहा है। यह गरीबी और आथिक विकास में अवरोध का कारण बनता जा रहा है। यह पाया गया है कि जिन क्षेत्रों में मलेरिया का ज्यादा प्रभाव है, वहां यह नकारात्मक आर्थिक प्रभाव डाल रहा है। यदि प्रति व्यक्ति जीडीपी की तुलना यदि 1995 के आधार पर करें तो मलेरिया मुक्त क्षेत्रों और मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में इसमें पांच गुना अंतर नजर आता है। शोध में यह पाया गया कि जिन देशों में मलेरिया फैलता है उनके जीडीपी में 1965 से 1990 के मध्य केवल प्रतिवर्ष 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई और मलेरिया से मुक्त देशों में यह वृद्धि 2.4 प्रतिशत पाई गई। मलेरिया के कारण केवल अफ्रीका में ही प्रतिवर्ष 15 अरब अमेरिकन डॉलर का नुकसान हो रहा है। भारत की बात करें तो यहां भी मलेरिया से निपटनें में हर वर्ष हजारों करोड़ रुपया खर्च हो रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि देश की तकरीबन 85 प्रतिशत आबादी मलेरिया के जोखिम वाले क्षेत्रों में निवास कर रही है। आंकड़ों पर गौर करें तो एक अनुमान के मुताबिक मलेरिया की 65 प्रतिशत रोगी उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा पूर्वात्तर क्षेत्रों में ही पाए जाते हैं। अत्यधिक रोग भार वाली आबादी नृजातीय जनजातियां हैं जो इन क्षेत्रों के दुर्गम वनीय क्षेत्रों में निवास करती है। यहां के लोग गरीब तो हैं ही साथ सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का भी अकाल है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# क्या लोकतंत्र की यह गुजारिश कोई सुन रहा है



करवट
कुमार प्रशांत

बेचारा सर्वोच्च न्यायालय ! अब उसके या उसके उच्च न्यायालय के जज रहे 21 महानुभावों ने उसे सावधान किया है ( धमकी दी है ! ) कि उसे दवाब में डाल कर मनचाहा फैसला पाने वाला एक गिरोह काम कर रहा है जिससे उसे बचना भी चाहिए व सतर्क भी रहना चाहिए। सार यह है कि कानूनी पेशे की रोटी खाने वाले ये 21 जज सर्वोच्च न्यायालय को बता रहे हैं कि आप इतने भोले हो कि कोई भी आपको लल्लू बना लेता है। वे यह भी कहते हैं कि मी लॉर्ड, आप घबराएं नहीं, हम हर क्षण आपकी मदद के लिए तैयार हैं। जब भी आप ऐसे दवाब में टूटने लगें, बस हमें पुकार लें। इससे पहले 2 सौ से ज्यादा ऐसे ही पेशेवर न्यायाधीशों ने सर्वोच्च न्यायालय को ऐसी ही चेतावनी दी थी।

मैं जल्दी से खोजने लगा कि इन स्वनामधन्य महानुभावों के नाम क्या हैं, तो मुझे खुद पर ही शर्म आई कि ऐसे 'दिग्गजों' में से मैं किसी को भी खास नहीं जानता हूं। ये महानुभाव जिन अदालतों से जुड़े रहे, उनके पन्नों में इनमें से किसी के नाम से, एक भी ऐसा मामला दर्ज नहीं मिलता है जिसने संवैधानिकता को मजबूत बनाने जैसा कोई काम किया हो। काले कोट का पेशा तो पेशा है जो ऐसे सभी महानुभाव करते हैं लेकिन काले कोट की आभा जगाने का माद्दा अलग चीज है। वह कभी-कभी ही, किसी-किसी में मिलता है।

इन महानुभावों का इतना सारा किया जैसे काफी नहीं था कि प्रधानमंत्री ने भी सर्वोच्च न्यायालय को भरी क्लास में ( भरे-पूरे देश में ! ) मुर्गा बना दिया। बकौल प्रधानमंत्री इस देश में काला धन बनाने वाले गिरोह में अब सर्वोच्च न्यायालय भी शामिल हो गया है और 'चुनावी बांड' को असंवैधानिक ठहराने के लिए देश को और सर्वोच्च न्यायालय को पछताना होगा। वे कहते हैं कि चुनावी बांड की कल्पना उनके मन में तब कौंधी थी जब वे 'बुधत्व' को उपलब्ध हुए थे। चुनावी बांड उनके मन के उसी 'पवित्र क्षण' की संतान है। गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए जब ऐसे ही किसी 'पवित्र क्षण' में उन्होंने फैसला कर लिया था कि उन्हें येनकेनप्रकारेण देश का प्रधानमंत्री बनना ही है, तबसे ले कर 'अबकी बार 400 पार' के नवीनतम 'पवित्र लक्ष्य' का इतिहास पलटें हम तो पता चलता है कि देश को पछताने के एक नहीं, अनेक मोदी-कारण हैं। लेकिन अभी मैं सिर्फ चुनावी बांड के 'पवित्र फैसले' की ही बात करूंगा।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि काले धन की गिरफ्त से चुनावी प्रक्रिया को मुक्त करने के 'पवित्र उद्देश्य' से चुनावी बांड की योजना लाई गई थी। मैं जानना चाहता हूं कि नोटबंदी की तरह यह भी 'मायावी साधक मोदी' की निजी उपलब्धि थी या इस बारे में जानकारों से मश्विरा भी हुआ था? स्वर्गीय अरुण जेटली के अलावा कोई ऐसा एक नाम प्रधानमंत्री ले सकते हैं जिसकी नश्वर काया अब तक हमारे बीच मौजूद है? तब के रिजर्व बैंक के गवर्नर, बैंकिग की दुनिया के दूसरे बड़े नाम, कोई अर्थशास्त्री, चुनाव आयोग के अधिकारी कौन थे कि जिनके साथ इस 'पवित्र' योजना की चर्चा-समीक्षा की गई थी? क्या संसद में कभी इस पर विमर्श हुआ? अगर यह पवित्र मन की परिकल्पना थी तो इसमें गुप्तता के इतने प्रावधान क्यों थे? दाता व आदाता का नाम किसी को पता नहीं चलना चाहिए, इसकी इतनी सावधानी क्यों थी? इस पर उस तरह नंबर क्यों डाला गया था कि जो जासूसी निगाहों से ही पढ़ा जा सकता था? गुप्त नंबर की यह तरकीब भी आपकी योजना में तो थी नहीं, बैंकों के गंभीर एतराज के बाद, लाचारी में आपके 'पवित्र मन' ने इसे छिपा कर डालना कबूल किया था! बताएं प्रधानमंत्री कि इतनी तिकड़मों के पीछे कौन-सा पवित्र मन काम कर रहा था? जो गुप्त होता है, वह पवित्र नहीं होता है।

मोदी-मार्का भ्रष्टाचार वह है जिसमें शब्दों के अर्थ ही बदल दिए जाते हैं। मोदी-सदाचार की नई परिभाषा है : सरकार जो भी करे (नहीं, मोदी-सरकार जो भी करे ! ) वह सदाचार, जो देश करे या कहे वह कदाचार! किसी जड़बुद्धि को भी हंसी आ जाए ऐसी बातें प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी कु-योजनाओं के बचाव में कहते आ रहे हैं। नोटबंदी के लिए कहा : इतने दिनों में काला धन खत्म करने के अलावा फलां-फलां बात नहीं हुई तो मुझे फांसी पर चढ़ा देना! नोटबंदी से वह सब तो कुछ होना नहीं था जिसका दावा किया गया था लेकिन फांसी की अवधि आते-न-आते सारी घोषणाएं ही बदल दी गईं। सियारमार्का मीडिया के धंधेबाज मालिक और दोनों हाथों धन समेटने में लगे कारपोरेट नई घोषणाओं को ले उड़े। ऐसा ही जीएसटी के साथ हुआ। इस शेखचिल्ली योजना की मूर्खताएं आज तक सुधारी जा रही हैं। कपड़े बदलने, ढोल-नगाड़े बजाने व गले पड़ने को विदेश-नीति समझने वाली मसखरी का दौर समाप्त हुआ तो आज यह हाल है कि हमारी विदेश-नीति में न कोई नीति बची है, न आत्मसम्मान ! नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार, अफगानिस्तान, चीन से ले कर फिजी तक में हमारी किरकिरी होती है और हम कभी अमरीकी, कभी रूसी तो कभी यूरोपी हित का समर्थन कर अपने दिन निकाल रहे हैं। यूक्रेन, फलस्तीन के मामलों में हम उस मूर्ख बच्चे से नजर आते हैं जो अपना रिपोर्ट कार्ड लहराता घर लाता है बगैर यह जाने कि उसे कितने विषयों में सिफर मिला है। विदेश-नीति के निर्धारण में गलतियां पहले भी होती रही हैं लेकिन गलतियों को मास्टर-स्ट्रोक बताने की मूढ़ता इसी सरकार की देन है।

चुनावी बांड के मामले में अदालती चांटा खाने के बाद, अमित शाह मार्का छुटभैय्यों से अनाप-शनाप बयान दिलवाने के बाद अब अपने प्रायोजित इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने मुंह खोला है। वे जब भी किसी मुद्दे पर मुंह खोलते हैं, देश का मुंह खुला रह जाता है। उन्होंने कहा : अगर बांड की मेरी योजना न होती तो यह पता ही नहीं चलता कि पैसा किधर से आया और किधर गया : मनीट्रेल! प्रधानमंत्रीजी, पूछने वाला तो यह पूछेगा कि महाशय, यदि आप ही न होते तो यह बौंड ही कहां होता! पैसा कहां से आया और कहां गया, इतना ही नहीं, इस आने-जाने के पीछे सरकार ने कब, कहां व कैसे दलाली खाई, यह भी देश को पता चला तो इसलिए नहीं कि आपका बांड था बल्कि इसलिए कि सर्वोच्च न्यायालय इस बांड के पर्दाफाश के पीछे ही पड़ गया था। चुनावी बांड का रहस्य किसी स्तर पर न खुले इसके लिए जितनी तिकड़म संभव थी, सरकार ने वह सब की। भाड़े के सारे वकील साहबानों व भ्रष्ट व कायर स्टेट बैंक की नौकरशाही तक को सरकार ने मैदान में उतार दिया लेकिन न्यायालय ने कुछ भी देखने-सुनने से मना कर इस बांड योजना को बैंड ही कर दिया तो रास्ता ही नहीं बचा कि कहां सर छिपाएं, कहां पांव!

प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि चुनावी बांड की योजना के कारण चुनावी प्रक्रिया से काले धन की समाप्ति हुई। उनके अपने अर्थशास्त्रियों में से कोई एक मुझे समझा दे कि कोई धन काला होता है क्या? धन तो सारे सफेद ही होते हैं, इरादे काले-सफेद जरूर होते हैं। जब आप काले इरादे से धन छिपाते हैं तो वह काला हो जाता है, जब सरकार आपके काले इरादे वाले धन को पकड़ लेती है तथा कानूनी दंड वगैरह लगा कर उसे व्यवस्था में समाहित कर लेती है तो वही धन सफेद हो जाता है। जब सरकार अदालत में कहती है कि राजनीतिक दलों को चंदा कहां से व कितना मिला यह जानने का जनता को कोई अधिकार ही नहीं है तब वह काले इरादे से चल रही होती है। जब अमित शाह कहते हैं कि चुनावी बांड योजना से हमें कितनी रकम मिली व विपक्ष को कितनी यह मत देखिए बल्कि देखिए यह कि हमारे कितने व विपक्ष के कितने सांसद हैं, तब वे काले इरादे से बात कर रहे थे मानो डकैतों का कोई गिरोह है जो लूट में से बंटवारे पर लड़ रहा हो। लूट ही बुरी है, यह कोई नहीं कर रहा है। अब तक विपक्ष ने भी देश से कहां माफी मांगी है कि इस लूट का छोटा-बड़ा हिस्सा ले कर हमने भी पाप ही किया!

सर्वोच्च न्यायालय ने इस संवैधानिक मुकदमे की जैसी उपेक्षा की और इसे कोई 10 साल तक लटकाए रखा, वह ऐसा संवैधानिक अपराध है कि जिसकी सुनवाई के लिए भी कोई अदालत होनी चाहिए थी। संविधान निर्माताओं ने कल्पना ही नहीं की कि कभी ऐसा भी होगा कि मुकदमों की भीड़ में कोई सर्वोच्च न्यायालय यह विवेक भूल जाएगा कि वह क्यों बना है, और देश क्यों उसका बोझ ढोता है। सर्वोच्च न्यायालय की प्राथमिक भूमिका संविधान के संरक्षण की है; उसका पहला व अंतिम काम विधायिका को संविधान की मर्यादा में बांध कर रखना है। यह दायित्व ऐसा है कि जिसे संविधान की दूसरी कोई संरचना निभा नहीं सकती है। इसलिए सर्वोच्च न्यायाधीश को रोस्टर में यह विवेक करना ही चाहिए कि उसके पास मामलों का जो अंबार पड़ा है उसमें विधायिका की संवैधानिकता की जांच करने का कौन-कौन-सा मामला है। वे सारे मामले उसकी प्राथमिकता में पहले नंबर पर होने चाहिए। उसे भीड़ में एक बना देने से देश की संवैधानिक व्यवस्था भाड़ में जा रही है, यह उसे क्यों दिखाई नहीं दे रहा? उसने भी काला चश्मा तो नहीं पहन रखा है!

संवैधानिक संरचनाएं जब अपना काम मुस्तैदी से व संवैधानिक तटस्थता से करती रहती हैं तब इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है कि सरकार किसकी है और उसका एजेंडा क्या है। यदि कैग, ईडी, इंकमटैक्स, सीबीआई, चुनाव आयोग, प्रेस काउंसिल, महिला, अल्पसंख्यक व बाल आयोग, निचले स्तर से ऊपर तक की न्यायपालिका अपना-अपना काम करती तो किसी सरकार की हिम्मत नहीं होती कि वह लोकतंत्र का गला दबोच कर, अपनी मनमानी करे। लेकिन इन सबने एक नहीं, अनेक अवसरों पर संविधान को विफल कर, अपनी संवैधानिक भूमिका से धोखा किया है। अदालत ने कभी सीबीआई को 'पिंजड़े में बंद तोता' कहा था। कहा तो था लेकिन उसने ऐसा किया कुछ भी नहीं कि जिससे पिंजड़ा टूटे, तोता बाहर आ कर बाज बन जाए। वह और ऐसी तमाम संवैधानिक संरचनाएं अपनी वर्तमान की हैसियत के लिए सरकार से उपकृत और भावी के लिए सरकार पर आश्रित रहती हैं। यह कायर गुलामी लोकतंत्र के लिए घातक है। चुनावी बांड के खुलासे से एक बार वह सड़ांध खुले में आ गई है जो इस सरकार ने पिछले 10 सालों में रचा है। अगर यहीं से भारत में संवैधानिकता की शुरुआत होनी हो तो वही सही लेकिन इस लोकतंत्र की इतनी गुजारिश ज़रूर है कि चंद्रचूड़ हों कि सूर्यचूड़, सभी सुनें कि अब पीछे न लौटें। (ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है।

## प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे । सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़यि। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### लोक लुभावने नारों में नहीं आएगी जनता

कांग्रेस और मोदी सरकार के विरोधी दूसरे राजनीतिक दलों ने अपने घोषणापत्र पेश किए हैं। उन्हें जनहित और देशहित कम, मोदी सरकार की नीतियों का विरोधी ज्यादा बताया जा रहा है। यह बिल्कुल माना जा सकता है कि मोदी के विरोधी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने घोषणा पत्र में मोदी सरकार की नीतियों का खुलकर विरोध किया है और अगर ये सत्ता में आते हैं तो मोदी सरकार की लगभग सभी योजनाओं और नीतियों में बदलाव करेंगे, लेकिन यह कोई नई बात नहीं है। प्रायः सभी दल पिछली सरकार की योजनाओं और नीतियों को बंद करते है या फिर उनमें थोड़ा-बहुत बदलाव कर उन पर अपना लेवल चिपकाने की कोशिश करते हैं।

*- सतीश रावत, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### शिखर सम्मेलन पर चर्चा



राजदूत उमर हिलाले मोरक्को संयुक्त राष्ट्र, और फिलिप क्रिडेल्का, बेल्जियम के साथ संयुक्त राष्ट्र में यूएन के सह-सुविधाकर्ता के रूप में 2025 में विश्व सामाजिक शिखर सम्मेलन पर उनके कार्य पर चर्चा करके खुशी हुई।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### कर कटौती खत्म होगी



डोनाल्ड ट्रम्प को अपनी 2 ट्रिलियन डॉलर की कर कटौती पर बहुत गर्व था, जिससे सबसे बड़े निगमों को भारी लाभ हुआ और संघीय ऋण में वृद्धि हुई। वह कर कटौती समाप्त होने वाली है। अगर मैं दोबारा चुना जाता हूं, तो यह समाप्त हो जाएगा।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### केक काटकर अच्छा लगा



मेरे जन्मदिन सप्ताह की शुरुआत करने का यह कैसा तरीका है! मुझे फुटबॉल खेलने, कहानियाँ साझा करने और इन लड़कियों के साथ केक काटने में बहुत मज़ा आया, जिन्हें सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है। वे मुझे शुभकामनाएं देने वाले पहले व्यक्ति थे।

-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

### जिंदगी बदली जा सकती थी



नरेंद्र मोदी ने अपने अरबपति मित्रों का 16 लाख करोड़ रुपया कर्ज माफ किया है। इतने पैसों से 16 करोड़ युवाओं को 1 लाख रुपये साल की नौकरी मिल सकती थी। 16 करोड़ महिलाओं को 1 लाख रु. साल देकर उनके परिवारों की जिंदगी बदली जा सकती थी।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# सीनेट में टिकटॉक पर जरूरी विधेयक पारित





अमेरिकी संसद के सीनेट में मंगलवार को एक विधेयक पारित किया गया जो प्रतिबंध लगाने की धमकी के साथ टिकटॉक की बिक्री के लिए इसका स्वामित्व रखने वाली चीनी कंपनी को मजबूर कर देगा। इस विधेयक को हस्ताक्षर के लिए अब राष्ट्रपति जो बाइडन के पास भेजा जाएगा। इस विधेयक के पारित होने के तुरंत बाद एक बयान जारी करके बाइडन ने कहा कि वह इस पर बुधवार को हस्ताक्षर करेंगे। अमेरिकी सांसदों के इस विवादास्पद कदम को जहां कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, वहीं इससे सामग्री का सृजन करने (कंटेंट क्रिएटर) वाले उन लोगों के परेशानियां पैदा होने की आशंका है जो आमदनी के लिए इस 'शॉर्ट-फॉर्म' वीडियो ऐप पर निर्भर हैं। टिकटॉक से जुड़े विधेयक को 95 अरब अमेरिकी डॉलर के उस बड़े पैकेज के हिस्से के रूप में शामिल किया गया था जो यूक्रेन और इजराइल को विदेशी सहायता प्रदान करता है और इसे 79-18 के अंतर से पारित किया गया। सांसदों द्वारा पिछले सप्ताह टिकटॉक विधेयक को उच्च प्राथमिकता वाले पैकेज में संलग्न करने का निर्णय लिया गया जिससे कांग्रेस में इसे तेजी से पारित कराने में मदद मिली।


## ऑफ बीट

# दुबई की बेतहाशा बारिश क्लाउड सीडिंग नहीं

जिस परियोजना का मैं हिस्सा था, उसे रेन (नेल्सप्रूट में रेन ऑग्मेंटेशन) नाम दिया गया था, वह एक क्लाउड सीडिंग प्रयोग था जो कई वर्षों से चल रहा था।



क्लाउड सीडिंग में छोटे कणों को बादल में जोड़ा जाता है ताकि नमी को कुछ आधार मिल सके और बूंदें बन सकें। धीरे-धीरे वे बूंदें आपस में जुड़ जाती हैं और इतनी भारी हो जाती हैं कि बारिश के रूप में गिर सकती हैं। सिद्धांत रूप में, ''बीजयुक्त'' बादलों में बारिश के लिए उपयुक्त अधिक बूंदें उगेंगी। कोई भी उड़ान बीजारोपण के प्रभावी होने का प्रमाण नहीं है। ऐसा कोई समान बादल नहीं है जिसके साथ किसी विशेष बादल को बोने के परिणाम की तुलना की जा सके। इसलिए बहुत सारे मिशनों को उड़ाना और उनमें से आधे बीज के लिए नहीं, मापने के लिए होते हैं, मापना आवश्यक है, जिससे स्वयं प्रयोग (बीज वाले बादल) और नियंत्रण (बिना बीज वाले बादल) के लिए एक डेटा सेट तैयार हो सके। रेन के परिणामों के सांख्यिकीय विश्लेषण में बताने के लिए ज्यादा कुछ नहीं था। कई वर्षों की कोशिश के बाद, कुछ तूफानों से बारिश की दरों में संशोधन सफल रहा, हालांकि यह साबित करना कभी संभव नहीं होगा कि किसी एक तूफान में बदलाव किया गया था।




# सल्लू की फिल्म 'सिकंदर' में करेंगी काम

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी, दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती हैं। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' अनाउंस की थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। चर्चा है कि सलमान खान की फिल्म सिकंदर में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। सिकंदर के एलान के कुछ दिनों बाद ही उन्हें साजिद नाडियाडवाला के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं, कि सिकंदर में कियारा आडवाणी की एंट्री हो गई है। सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं।'सिकंदर' अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शायद आपको ये जानकर थोड़ी सी हैरानी होगी कि कियारा आडवाणी ने अपने 9 साल के करियर में 25 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। यही नही इनमें से ज्यादातर फिल्में सुपरहिट है। कियारा ने 2014 में फिल्म फगली से डेब्यू किया था हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी। इसके बाद कियारा 2016 में सुशांत सिंह राजपूत स्टारर सुपरहिट फिल्म एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी में लीड रोल में नजर आई।



# दिगांगना 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' के लिए तैयार

**मुंबई।** एक बड़े मुहर्त कार्यक्रम में फिल्म 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' की शुरुआत हुई, जिसमें फिल्म जगत के कई प्रसिद्ध लोग मौजूद थे। काकतीय हिल्स के वेंकटेश्वर मंदिर में आयोजित एक विशेष समारोह में शामिल होने वालों में दिल राजू, निर्देशक अनिल रविपुडी और साई कुमार जैसे बड़े नाम शामिल थे। वीरभद्रम चौधरी द्वारा निर्देशित, 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' एक मजेदार पारिवारिक मनोरंजक फिल्म होने का वादा करती है। इसमें दिगांगना सूर्यवंशी और आदि साई कुमार हैं। 'क्रेजी फेलो' में साथ काम कर चुके आदी साई कुमार और दिगांगना सूर्यवंशी इस फिल्म के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। 2018 में, दक्षिण उद्योग के शीर्ष निर्माता, कालापुली थानु, जिन्होंने दिगांगना की फिल्म, हिप्पी का भी निर्माण किया, ने कहा, "दिगांगना सूर्यवंशी आने वाले दिनों में उद्योग पर राज करने जा रही है"।





# किसके खिलाफ लड़ाई लड़ने आ रही फुले

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता प्रतीक गांधी और अभिनेत्री पत्रलेखा की आने वाली फिल्म 'फुले' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म 'फुले' में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा की मुख्य भूमिका है। फिल्म में प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले और पत्रलेखा उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाते नजर आयेंगी। फिल्म 'फुले' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। निर्देशक अनंत नारायण महादेवन ने बताया कि महात्मा और ज्योतिबा फुले ने जाति और भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी, जो दुर्भाग्य से आज भी कायम है। मेरा लक्ष्य इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत को फिर से शुरू करना है जो हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं।

## 6 साल बाद फिल्म इंडस्ट्री में करेंगी कमबैक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा 49 साल की हो गई हैं। प्रीति बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में शुमार की जाती हैं।



उन्होंने कल हो ना हो, कभी अलविदा ना कहना, कोई मिल गया, सलाम नमस्ते, वीर जारा समेत कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई थी। प्रीति अब अमरीका में सेटल हो चुकी हैं, जहां वह पति जीन गुडइनफ और दो बच्चों के साथ रहती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रीति सनी देओल स्टारर फिल्म लाहौर 1947 से कमबैक कर सकती हैं।

# 'तुम्हारा क्या करूंगा मैं यार?' जब महेश ने मनोज से कही थी ये बात...

*मुंबई। दमदार एक्टर मनोज बाजपेयी ने अपना 55वां जन्मदिन मनाया। हाल ही में वह 'साइलेंस 2', 'किलर सूप' में नजर आए। मनोज बाजपेयी पहले टेलीविजन शो, फिर फिल्में और अब वेब सीरीज में अपना लोहा मनवा रहे हैं। बाजपेयी का करियर वक्त के साथ बुलंदियां छूता रहा, लेकिन इसकी शुरुआत काफी कठिन रही। अभिनेता ने बहुत स्ट्रगल किया और ताने भी सुने। दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने उन्हें ये तक कह दिया था कि वह हीरो नहीं दिखते, न उन्हें नाचना आता तो वह उनका क्या करेंगे। इसके बारे में खुद मनोज बाजपेयी ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में किया था।*

## शेखर कपूर बोले- शादी के बाद बच्चों को क्या खिलाएगा


*अतिका फारूकी को दिए इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया था कि 90 के दौर में शेखर कपूर ने उन्हें मुंबई जाने की सलाह दी थी। जब वह थिएटर करते थे तो शेखर ने उन्हें कहा था, 'रंगमंच हो गया, कल को जब वह शादी करोगे तो बच्चों को खिलाने के लिए पैसे चाहिए होंगे, इसलिए मुंबई चले जाओ। मनोज ने बताया कि वह डर गए और आगे की लाइफ को अच्छा बनाने के लिए मुंबई आ गए।*

## द्रोहकाल से डेब्यू, बैंडिट क्वीन से मिली पहचान

मनोज बाजपेयी ने हार नहीं मानी और संघर्ष करते रहे। इसके बाद उन्हें फिल्म 'द्रोहकाल' में एक छोटा सा रोल मिला जो सिर्फ 1 मिनट का था। इसके बाद फिर उन्हें शेखर कपूर की फिल्म 'बैंडिट क्वीन' में काम करने का मौका मिला और फिर साल 1998 में उनके हाथ फिल्म 'सत्या' लगी। इस फिल्म से मनोज बाजपेयी को पहचान मिली। फिल्म में उन्होंने भीखू मात्रे का रोल निभाया था और इसे लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था। उन्हें इस किरदार के लिए फिल्मफेयर भी मिला। आज वह अपने अलग-अलग किरदारों के लिए जाने जाते हैं।

## उस वक्त मेरे लिए कोई जगह नहीं थी

*मनोज बाजपेयी ने कहा कि उस वक्त वह खुद को फिट नहीं रख पाते थे। मनोज ने कहा था, "उस वक्त की जो स्थिति थी, उसमें हमारे लिए कोई जगह नहीं थी। हम जिस भी स्टूडियो में जाते थे, वहां पर या तो सिर्फ स्टार होते थे और शूटिंग होती थी। हर दूसरे फ्लोर पर गाने की शूटिंग चल रही होती थी। मनोज ने बताया कि उस वक्त हर कोई उन्हें रिजेक्ट कर देता था। जो उनकी तरफ देखता था वो कहता था कि इसका हम क्या करेंगे। मुझे भी लगा कि ये सच में हमारा क्या करेंगे।*









# 'बिग बॉस ओटीटी 3' देखना पड़ेगा आपकी जेब पर भारी!

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग ये जानने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं कि शो कब शुरू होगा। 'बिग बॉस 17' खत्म होने के बाद से ही 'बिग बॉस ओटीटी 3' का इंतजार शुरू हो गया है। हर कोई जानना चाहता है कि इस बार शो में कौन-कौन से सेलिब्रिटी आएंगे और ये सीजन कैसा होगा।

***'बिग बॉस ओटीटी 3' में इस बार दिखेंगे ये बदलाव :*** रियलिटी टीवी शो को लेकर हर बार कई तरह की अफवाह सामने आती रही हैं। बताया जा रहा है कि इस सीजन में कई बदलाव होने वाले हैं। हाल ही में कहा जा रहा है कि ये सीजन फैंस फ्री में नहीं देख पाएंगे। जी हां 'बिग बॉस ओटीटी' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' वूट और जियो सिनेमा पर फ्री में देखे गए थे। रिपोर्ट्स के मुतबाबिक अब जियो सिनेमा ने फैसला किया है कि दर्शकों को शो के एपिसोड और लाइव फीड देखने के लिए पैसे देने होंगे।



## इस तारीख से रिलीज होगा बिग बॉस ओटीटी 3'?

मेकर्स ने हाल ही में शो का एक पोस्ट भी शेयर किया था और फैंस से पूछा था कि वे रियलिटी शो में किसे देखना चाहते हैं। हालांकि, शो के बारे में ताजा अपडेट के मुताबिक 'बिग बॉस ओटीटी 3' 4 जून या 5 जून को शुरू होगा। ये शो अगस्त तक चलेगा। बता दें कि 'बिग बॉस ओटीटी' केवल छह हफ्ते का गेम है। इसी के साथ रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि 'बिग बॉस 18' का प्रीमियर सितंबर या अक्टूबर से होगा।

## कई सेलिब्रिटीज को किया गया अप्रोच

वहीं शो के लिए कई सेलिब्रिटीज को अप्रोच किया गया है। हालांकि कुछ सेलेब्स के नाम भी लिस्ट में से सामने आ रहे हैं। जिसमें अरहान बहल, शहजादा धामी, प्रतीक्षा होनमुखे, शीज़ान खान, मैक्सटर्न, ठगेश, रोहित खत्री, दलजीत कौर, श्रीराम चंद्रा, अर्यांशी शर्मा, सैंकी उपाध्याय, तुषार सिलावट, रोहित ज़िन्जुर्के, मोहम्मद शामिल हैं।



## जैकेट के शेष

### क्रास फायरिंग में ....

यह दोहरा दुख था। इसी परिवार की एक छह माह की बच्ची तीन माह पहले पुलिस-नक्सली मुठभेड़ के दौरान क्रास फायरिंग में मारी गई थी। हिंसा, अशांति से घिरे ग्रामीणों ने अब शांति वार्ता की मांग की है। आंकड़े बताते हैं कि बस्तर में 23 बरस में नक्सल हिंसा में 1775 निर्दोष ग्रामीणों की जान जा चुकी है। इनमें अधिकांश लोगों की हत्या नक्सलियों द्वारा पुलिस मुखबिरी के संदेह में कर दी गई वहीं कुछ नक्सलियों द्वारा जवानों को नुकसान पहुंचाने लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से मारे गए। गड़िया कुंजाम की मौत भी नक्सलियों की इसी क्रूरता में गई है। मुदवेंडी निवासी गड़िया कुंजाम 18 बरस का था। उसकी शादी नहीं हुई थी। कुंजाम परिवार में तीन माह के भीतर यह दूसरी मौत है। गड़िया से पहले उसकी भांजी क्रास फायरिंग में मारी गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि 20 अप्रैल की दोपहर को तेंदूपत्ता की गड्डी बांधने के लिए रस्सी की तलाश में 10 से 12 ग्रामीण गांव से लगभग 5 सौ मीटर की दूरी पर स्थित पहाड़ की तरफ गए हुए थे। इसी दौरान जोरदार धमाका हुआ। विस्फोट की आवाज सुनकर डरे सहमे सभी ग्रामीण दौड़े दौड़े अपने घर की तरफ लौट आए। दूसरे दिन 21 अप्रैल की सुबह ग्रामीणों ने देखा की गड़िया कुंजाम अपने घर पर नहीं है जिसके बाद ग्रामीण सुबह गड़िया को तलाशने पहाड़ की ओर निकले, जहां गड़िया अधमरी हालत में खून से लथपथ मिला। ग्रामीणों ने मदद के लिए गंगालूर फोन किया लेकिन मदद पहुंचती इससे पहले ही अत्यधिक रक्तस्राव होने की वजह से गड़िया की दर्दनाक मौत हो गई।

**23 वर्ष में 1775 निर्दोष लोग नक्सल हिंसा में मारे गए** : नक्सल हिंसा में मारे गए निर्दोष लोगों की तादात की बात करें तो छग राज्य बनने के बाद 23 सालों में 1775 बेकसूर लोग नक्सल हिंसा में मारे गए हैं। बस्तर संभाग में हुई मौतों के आंकड़ों की बात करें तो सर्वाधिक निर्दोष लोगों की मौत बीजापुर जिले में हुई है। नक्सलियों की क्रूरता के चलते वर्ष 2006 में सर्वाधिक 206 लोगों की मौत हुई। वहीं अब तक बीजापुर जिले में 743, दंतेवाड़ा जिले में 344, कांकेर में 242, नारायणपुर में 166, सुकमा में 132, कोंडागावं में 27 तथा बस्तर जिले में 81 निर्दोष ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। इनमें आम लोगों के अलावा नेता व पत्रकार भी शामिल है।

### मोदी बोले-मेहनत से ....

साफ कहा था कि वो इस मामले को कभी भी छोड़ेंगे नहीं। मतलब धर्म के आधार पर आरक्षण देंगे। अगर दलितों, आदिवासियों का आरक्षण कट करना करना पड़े तो करेंगे। कई साल पहले कांग्रेस ने कर्नाटक में धर्म के आधार पर आरक्षण लागू भी कर दिया था। जब वहां बीजेपी सरकार आई तो हमने संविधान व बाबा साहेब आंबेडकर की भावना के विरुद्ध कांग्रेस ने जो निर्णय किया था उसको उखाड़कर फेंक दिया व दलितों, आदिवासियों को उनका अधिकार वापस दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कर्नाटक सरकार ने एक और गुनाह किया। मुस्लिम समुदाय में जितनी भी जातियां हैं सबको उन्होंने ओबीसी बना दिया, यानी जो लाभ हमारे देश के ओबीसी समाज को लाभ मिलता था उसका बड़ा हिस्स्सा कटकर चला गया। कांग्रेस ने सामाजिक न्याय का अपमान किया और इसकी हत्या की। कांग्रेस ने भारत के सेक्युलरिज्म की हत्या की। कांग्रेस अब इसे पूरे देश में लागू करना चाहता है। कांग्रेस संविधान बदलकर एसटी, एससी व ओबीसी का हक अपने वोटबैंक को देना चाहती है। मै अपने गरीब, दलित, ओबीसी के भाई बहनों को कहना चाहता हूं कि कांग्रेस के इरादे नेक और संविधान के अनुरूप नहीं है। सामाजिक न्याय, भारत की विविध सांप्रदायिकता के अनुरूप नहीं है। संविधान की रक्षा सिर्फ भारतीय जनता पार्टी कर सकती है। इस दौरान कार्यक्रम को सांसद प्रत्याशी चिंतामणी महराज, मंत्री रामविचार नेताम, लक्ष्मी राजवाड़े, श्याम बिहारी जायसवाल ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर विधायक अमर अग्रवाल, श्रीमती रेणुका सिंह, राजेश अग्रवाल, प्रबोध मिंज, राम कुमार टोप्पो, शकुंतला सिंह पोर्ते, वरिष्ठ नेता राम सेवक पैकरा, अखिलेश सोनी, ललन प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

**सरगुजा के लाल किले का जिक्र** : आज पीएम ने अपने भाषण की शुरुआत वर्ष 2013 में बनाए गए प्रतीकात्मक लाल किले से शुरू की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जब मुझे प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था तब अंबिकापुर में ही आपने लाल किला बनाया था। जो कांग्रेस आए दिन मोदी पर हमला करने की जगह ढूंढती रहती है उस पूरी टोली ने उस समय मुझपर बहुत हमला किया था कि लाल किला कैसे बनाया जा सकता है।अभी तो प्रधानमंत्री का चुनाव भी नहीं हुआ है। कांग्रेस ने तूफान खड़ा कर दिया था लेकिन ये आपकी सोच थी, नरेंद्र मोदी लाल किले पर पहुंचा और राष्ट्र को सम्बोधित किया। आज अंबिकापुर वही आशीर्वाद फिर से दे रहा है।

**कांग्रेस के भ्रष्टाचारी पंजे को साफ किया** : पीएम मोदी ने कहा कि कुछ महीने पहले मैंने छत्तीसगढ़ व आपसे कांग्रेस का भ्रष्टाचारी पंजा हटाने के लिए आशीर्वाद मांगा था। आपने मेरी बात का मान रखा और इस भ्रष्टाचारी पंजे को साफ कर दिया। आप सब के आशीर्वाद से सरगुजा के आदिवासी समाज की संतान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश के सपनों को साकार कर रहा है। सीएम विष्णुदेव साय प्रदेश के विकास के लिए बहुत तेजी से काम कर रहे हैं। इतने कम समय में रॉकेट की गति से सरकार चलाई चलाई है। किसानों को दी गारंटी पूरी कर दी। तेंदूपत्ता संग्राहकों को भी ज्यादा पैसा मिल रहा है। खरीदी भी तेजी से हो रही है।

### दोहराई मुस्लिम ....

मुस्लिमलिगी सोच को देश के सामने रखना चाहता हूं। जब कांग्रेस का घोषणापत्र आया उसी दिन मैंने कह दिया था कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है।

### आतंकवादियों के मरने ....

कांग्रेस के कुशासन और लापरवाही के कारण देश बर्बाद हो गया। आज भाजपा सरकार आतंकवाद व नक्सलवाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रही है लेकिन कांग्रेस हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है। इतना ही नहीं जो लोग निर्दोषों को मारते हैं, लोगों का जीना हराम कर देते हैं, पुलिस पर हमला करते हैं, अगर वो मारे जाए तो कांग्रेस वाले उनको शहीद कहते हैं। जब आप ऐसे लोगों को शहीद कहते हैं तो देश के वीर शहीदों का अपमान करते हैं। इसी देश की सबसे बड़ी नेता आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाती है। ऐसी करतूतों के कारण कांग्रेस देश भरोसा खो चुकी है।

### कांग्रेस की नजर ....

माताओं बहनों के पास जो थोड़ा बहुत स्त्री धन होता है, गहने जेवर होते हैं कांग्रेस उनकी भी जांच कराएगी। सरगुजा में हमारी आदिवासी बहनें हसुली, मंगलसूत्र पहनती हैं कांग्रेस ये सब आपसे छीनकर मुस्लिम समाज के लोगों को बांट देगी। कांग्रेस कहती है कि सत्ता में आने के बाद एक के बाद क्रांतिकारी कदम उठाएगी लेकिन ऐसे सपने मत देखो। देश की जनता आपको ऐसा मौका नहीं देगी।

### लबरा कांग्रेस को ....

है और पूरे छत्तीसगढ़ में सूपड़ा साफ करना है।

### जस्टिस राकेश मोहन ...

कोर्ट की सिफारिश के बाद जस्टिस सचिन सिंह राजपूत को 16 मई 2024 से और जस्टिस राधाकृष्ण अग्रवाल को 2 अगस्त 2024 से एक साल के लिए अतिरिक्त जज के रुप में सेवा विस्तार दिया जाएगा।

# अजित पवार की पत्नी को मिला क्लीनचिट, उद्धव गुट ने भाजपा को घेरा

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की ईओडब्लू ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी और बारामती से लोकसभा चुनाव लड़ रही सुनेत्रा पवार को 25 हजार करोड़ के एमएससीबी बैंक घोटाले मामले में क्लीनचिट दी है। ईओडब्लू ने अपनी क्लोजर रिपोर्ट में बताया कि इस मामले में उन्हें क्रिमिनल एक्ट नहीं दिखाई दिया। इस मामले में अजित पवार उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार और अन्य लोगों को ईओडब्लू ने क्लीन चिट दी है। उद्धव गुट के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा, "यही तो हम कह रहे हैं कि बीजेपी पहले आरोप लगाती है फिर पार्टी जॉइन करवाकर आपको क्लीन चिट दे देती है। और आप यदि विपक्ष में हैं तो जेल भेज देती है यह कैसा न्याय है? उद्धव गुट शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता आनंद दुबे का कहना है, मुंबई पुलिस की ईओडब्ल्यू ने 25,000 करोड़ रुपये के एमएससीबी बैंक घोटाला मामले में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी और बारामती से लोकसभा उम्मीदवार सुनेत्रा पवार को क्लीन चिट दे दी है। आरोप लगाया और कहा कि यह एक भ्रष्ट परिवार है, लेकिन आज उन सभी नेताओं को क्लीन चिट दे दी गई है, जो आरोपी थे और बीजेपी में शामिल हुए थे, ईओडब्ल्यू ने अपनी क्लोजर रिपोर्ट में कहा कि उसे इस मामले में कोई आपराधिक कृत्य नजर नहीं आया।

जनरल क्लास के पैसेंजर्स को रेलवे की बड़ी राहत

# केवल 20 में भरपेट भोजन 3 रुपए में मिल रहा पानी




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के साथ मिलकर रेलवे जनरल डिब्बे के पैसेंजर्स को किफायती कीमत पर भोजन और नाश्ता देने का काम कर रही है। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि देश में 100 स्टेशनों के करीब 150 काउंटरों पर पैसेंजर्स को ये सुविधा दी जा रही है। आगे इस सुविधा को और भी ज्यादा स्टेशनों तक विस्तारित किया जाएगा। रेलवे अधिकारी ने कहा, "भारतीय रेलवे, भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ मिलकर यात्रियों, विशेषकर अनारक्षित डिब्बों में मुसाफिरों की सेवा के लिए एक नई पहल कर रही है, जिसमें सस्ती कीमतों पर स्वच्छ भोजन व नाश्ते की पेशकश की जा रही है। उन्होंने कहा, "हम गर्मी के महीनों के दौरान यात्रियों की आवाजाही में वृद्धि की आशा करते हैं और अनारक्षित डिब्बों (सामान्य श्रेणी बोगी) में यात्रा करने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझते हैं, जिनके पास हमेशा सुविधाजनक व बजट के अनुकूल भोजन के विकल्प नहीं होते।"

### जनरल डिब्बों के पास लगे काउंटर

आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, ये भोजन और पानी प्लेटफार्मों पर अनारक्षित डिब्बों (जनरल क्लास कोच) के पास सुविधाजनक रूप से स्थित काउंटरों पर उपलब्ध कराया गया है। यात्री सीधे इन काउंटरों से अपना नाश्ता खरीद सकते हैं, जिससे विक्रेताओं की तलाश करने या स्टेशन के बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### पिछले साल 51 स्टेशनों पर हुआ था प्रयोग

पिछले वर्ष लगभग 51 स्टेशनों पर इस सेवा का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। उस सफलता के आधार पर, रेलवे ने कार्यक्रम का काफी विस्तार किया है, अब 100 से अधिक स्टेशनों पर काउंटर आरंभ हो गए हैं और कुल मिलाकर लगभग 150 काउंटर हैं। निकट भविष्य में और अधिक स्टेशनों को शामिल करते हुए इस पहल को और आगे बढ़ाने की योजना है। यह कार्यक्रम यात्रियों, विशेषकर सामान्य श्रेणी के डिब्बों में यात्रा करने वालों के लिए महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है। आसानी से उपलब्ध, किफायती भोजन और नाश्ता यह सुनिश्चित करते हैं कि यात्री अपनी पूरी यात्रा के दौरान आरामदायक रह सकें।

### खाने की कीमत

रेलवे पैसेंजर्स को दो अलग कीमतों पर भोजन प्रदान कर रही है। पहला पॉकेट फ़्रेंडली 20/- की कीमत पर, यह भोजन यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए एक संतोषजनक और किफायती विकल्प प्रदान करता है। दूसरा, हल्का नाश्ता चाहने वालों के लिए, 50/- नाश्ता (स्नैक्स मील) भी उपलब्ध है।

# 2,263 फिल्मों में से चुनी गई भारतीय छात्र की बनाई फिल्म

## 'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' की 77वें कान्स में होगी स्क्रीनिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस के 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस बार फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के छात्र चिदानंद नाइक की फिल्म 'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' को 'ला सिनेफ' प्रतिस्पर्धी खंड में चुना गया है। यह महोत्सव 15 से 24 मई 2024 तक आयोजित किया जाना है। यह अनुभाग महोत्सव का एक आधिकारिक पार्ट है, जिसका उद्देश्य नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और दुनिया भर के फिल्म स्कूलों के फिल्मों को उजागर करना है। यह पहली बार है जब एक वर्षीय टेलीविजन पाठ्यक्रम के किसी छात्र की फिल्म को प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में चुना गया है।



महोत्सव 15 से 24 मई तक आयोजित किया जाएगा

'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' महिला की कहानी

### 23 मई को मिलेगा पुरस्कार

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार यह फिल्म दुनिया भर के फिल्म स्कूलों द्वारा प्रस्तुत कुल 2,263 फिल्मों में से चुनी गई 18 शॉर्ट्स (14 लाइव-एक्शन और 4 एनिमेटेड फिल्में) में से एक है। यह कान्स के 'ला सिनेफ' सेक्शन में चुनी गई एकमात्र भारतीय फिल्म है। जूरी 23 मई को बुनुएल थिएटर में सम्मानित फिल्मों की स्क्रीनिंग से पहले एक समारोह में ला सिनेफ पुरस्कार सौंपेगी।

## पेज एक के शेष

### शोर थमा...चुनावी खर्च पर...

रूप में बहुजन समाज पार्टी है। बसपा ने यहां से देवलाल सिन्हा(सोनवंशी) को मैदान में उतारा है। वे दोनों प्रमुख दलों के प्रत्याशियों के मुकाबले राशि खर्च करने में काफी पीछे चल रहे हैं। उन्होंने अब तक केवल 83 हजार 855 रुपए खर्च किए हैं।

### रूपकुमारी खर्च में ताम्रध्वज...

हैं। इस सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी बसंत सिन्हा मैदान में हैं, वे अब तक 33 हजार 625 रुपए ही लगा पाए हैं। इस सीट पर कुछ निर्दलीय भी है जो खर्च के मामले में बहुत पीछे हैं। इनमें से एक ईश्वर मारकंडेय ने 19 हजार 700 रुपए खर्च किए हैं।

### मौत के बाद आधी...

सकते। अगर किसी की संपत्ति 10 अरब रुपए है और वह इस दुनिया में न रहे तो उनके बच्चे ही 10 अरब रुपए रखते हैं और जनता को कुछ नहीं मिलता, तो ये कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिस पर लोगों को बहस और चर्चा करनी चाहिए। मैं नहीं जानता कि इसका नतीजा क्या निकलेगा लेकिन जब हम संपत्ति के पुनर्वितरण की बात करते हैं, तो हम नई नीतियों और नए तरह के प्रोग्राम की बात करते हैं जो जनता के हित में है, न कि केवल अमीर लोगों के। कांग्रेस ने अपने नेता सैम पित्रोदा के 'विरासत कर' संबंधी बयान को लेकर खड़े हुए राजनीतिक विवाद के बीच बुधवार को दावा किया कि विरासत कर का विचार असल में मोदी सरकार का है और 2014 में तत्कालीन वित्त राज्य मंत्री जयंत सिन्हा ने इसे लोगों के सामने रखा था तथा 2018 में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इस विचार की प्रशंसा की थी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'जेटली और सिन्हा के बयानों' का हवाला देते हुए भाजपा पर पलटवार किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस पर तीखा प्रहार कर रहे हैं। मोदी ने मध्य प्रदेश के सागर में एक चुनावी रैली में आरोप लगाया कि विपक्षी दल लोगों की संपत्ति छीनना चाहता है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, विरासत कर लागू करने की कांग्रेस की कोई योजना नहीं है। वास्तव में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 1985 में संपदा शुल्क को ख़त्म कर दिया था। दरअसल, यह मोदी सरकार ही है जो ऐसा करना चाहती है। उनका कहना था, पहला तथ्यः मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री रहे जयंत सिन्हा ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि वह 2014 में विरासत कर को लागू करना चाहते थे। दूसरा तथ्य यह है कि 2017 में ऐसी खबरें सामने आईं कि मोदी सरकार विरासत कर को फिर से लागू करने जा रही है। उन्होंने दावा किया, तीसरा तथ्य है कि 2018 में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने विरासत कर की प्रशंसा करते हुए कहा था कि पश्चिमी देशों में इस तरह के कर से अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों को काफी मात्रा में अनुदान मिलता है। चौथा तथ्य है कि ऐसी खबरें सामने आईं थीं कि मोदी सरकार केंद्रीय बजट 2019 में विरासत कर पेश करेगी। रमेश ने कहा, यह आप पर है प्रधानमंत्री जी - इस मुद्दे पर आपकी पार्टी का रुख क्या है?

### अनिल टूटेजा पर ईडी का...

बाद ईडी ने दोनों को ईओडब्लू कार्यालय से पूछताछ करने अपने हिरासत में लिया था। बाद में पूछताछ करने के बाद ईडी ने यश टूटेजा को देर रात छोड़ दिया। इसके दूसरे दिन अनिल टूटेजा को अवकाशकालीन कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर अनिल टूटेजा को दो बार न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। ईडी की विशेष अदालत के जज के अवकाश से आने के बाद अनिल टूटेजा को फिर से कोर्ट में पेश किया गया। ईडी के वकील ने स्पेशल कोर्ट से टूटेजा की 14 दिनों की रिमांड देने की मांग की। ईडी की रिमांड पर कोर्ट ने टूटेजा को पांच दिनों की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया।

**बचाव पक्ष ने किया गिरफ्तारी का विरोध** : अनिल टूटेजा को कोर्ट में पेश किए जाने के बाद बचाव पक्ष के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा शराब घोटाला में मनी लांड्रिंग के आरोपों को खारिज कर प्रकरण रद्द किए जाने का हवाला देकर टूटेजा की गिरफ्तारी का विरोध किया। ईडी के वकील ने अनवर ढेबर तथा उनके साथियों द्वारा सिंडिकेट बनाकर शराब घोटाला करने का आरोप लगाया। ईडी ने टूटेजा को सिंडिकेट का पॉवरफुल कड़ी बताया।

**त्रिलोक सिंह ढिल्लन हिरासत में** : भिलाई, नेहरूनगर निवासी शराब कारोबारी तथा होटल व्यवसायी त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू ढिल्लन को ईओडब्लू ने बुधवार को शराब घोटाला के आरोप में हिरासत में लिया है। ढिल्लन के हिरासत में लिए जाने की ईओडब्लू ने किसी तरह से अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। त्रिलोक ढिल्लन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबियों में शामिल है। गौरतलब है कि ईओडब्लू ने पिछले दिनों ढिल्लन के यहां छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई के दौरान ढिल्लन अपने घर में मौजूद नहीं था। छापे की कार्रवाई के दौरान ईओडब्लू के अफसरों ने ढिल्लन के घर उसके बेटे के कमरे से 28 लीटर विदेशी शराब बरामद की थी। इसके बाद सुपेला पुलिस ने ढिल्लन के बेटे के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि शराब घोटाला के आरोप में त्रिलोक ढिल्लन को ईडी पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। सुप्रीम कोर्ट से ढिल्लन को राहत मिल चुकी है।

### टूटेजा ने कार्रवाई...

भी आपत्ति व्यक्त की है। गौरतलब है कि ईडी ने अनिल टूटेजा को शराब घोटाले के सिंडिकेड का सबसे ज्यादा पॉवरफुल पर्सन बताया है। साथ ही ईडी ने अनिल टूटेजा को घोटाला में कंट्रोलर की भूमिका में होने की बात का उल्लेख किया है। टूटेजा ने ईडी द्वारा उन्हें आर्किटेक्ट ऑफ लिकर स्कैम कहने पर गंभीर आपत्ति दर्ज की है।

**नियमों की अनदेखी करने का आरोप** : टूटेजा ने मुख्यमंत्री को लिखे गए अपने पत्र में जांच एजेंसियों द्वारा कोर्ट में उन पर लगाए गए आरोपों और रिमांड के दौरान की जा रही नियमों की अनदेखी का आरोप लगाया है। पूर्व आईएएस ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि कोर्ट में ईडी द्वारा पेश किए गए प्रासिक्यूशन कम्पलेन में उन्हें शराब घोटाले का मास्टर माइंड बताया गया है। पूर्व आईएएस ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए ईडी द्वारा उन्हें अपना पक्ष नहीं रखने देने का आरोप लगाया है।

### जगदलपुर में भूकंप के...

तीव्रता कितनी थी, इसका पता नहीं लग सका है।

### डिवाइडर से टकराकर...

महिला बाल बाल बच गए। तीनों को मामूली चोट आई है। हिर्री टीआई किशोर केंवट ने बताया, भिलाई नेहरू नगर निवासी सविता श्रीवास्तव पति मद्रुल श्रीवास्तव 55 साल मायके बिलासपुर अज्ञेय नगर आई हुई थीं। 24 अप्रैल को वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गोवा जाने रायपुर एयरपोर्ट जाने के लिए टोयटा ग्लैंजा कार क्रमांक सीजी 07 सीडी, 2167 में बेटी प्रियांश श्रीवास्तव 26 साल, रिश्तेदार भारती खरे पिता रवि खरे 42 साल सीएसईबी कालोनी कोरबा, उनकी लड़की कुहू खरे 14 साल को बैठाकर जा रही थीं। कार श्रीमती सविता श्रीवास्तव चला रही थीं। नेशनल हाइवे में कार की रफ्तार काफी तेज थी। दोपहर 3 बजे भोजपुरी टोल प्लाजा के आगे मुंगली ब्रिज के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर चार बार पलट गई। श्रीमती श्रीवास्तव का सिर दरवाजे से बाहर निकल जाने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ...

कर सकते, जो किसी अन्य संवैधानिक प्राधिकरण (चुनाव आयोग) द्वारा आयोजित किए जाने हैं। अदालत ने कहा कि चुनाव निकाय (चुनाव आयोग) ने संदेह को दूर कर दिया है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि वह महज संदेह के आधार पर कार्रवाई नहीं कर सकती। इस याचिका को एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी।

# 'कॉरपोरेट और नेताओं के बीच सांठगांठ की हो एसआईटी जांच'

- चुनावी बॉन्ड मामले को लेकर याचिका दायर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉन्ड की जांच से जुड़ी के लिए एक याचिका दायर की गई है। याचिका में इलेक्टोरल बॉन्ड्स (चुनावी बॉन्ड्स) के माध्यम से कॉरपोरेट्स और राजनीतिक दलों के बीच परस्पर सांठगांठ के कथित उदाहरणों की जांच एक विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने की मांग की गई है। याचिका में अधिकारियों को शेल कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों की ओर से विभिन्न राजनीतिक दलों को मिलने वाले वित्त पोषण के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. eT-HQ-WAT-06-2024
दिनांक : 16.04.2024

**कार्य का नाम :** वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 24 महीने के लिए विश्राम गृह क्लासिक, नोवा अधिकारी विश्राम गृह की देखभाल एवं रख-रखाव हेतु आउटसोर्सिंग।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 72,56,021.41, EMD : ₹ 1,45,100/-, निविदा दस्तावेज की लागत : ₹ 5,900/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 24 (चौबीस) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 09.05.2024 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-48/P/24-25

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सं. 30245803, दिनांक: 13.04.2024

**कार्य का नाम :** 25 केवी एसी TSS के लिए नियंत्रण और रिले पैनल की आपूर्ति, जिसमें ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर्स के लिए संख्यात्मक प्रकार के सुरक्षा रिले, OHE सुरक्षा, 25 केवी शंट कैपेसिटर बैंक और 25 केवी एसी TSS के लिए ट्रांसमिशन लाइन शामिल है, जो 132/27 केवी के डबल ट्रांसफार्मर ट्रैक्शन सब-स्टेशन के लिए उपयुक्त है। आरडीएसओ विनिर्देशन के अनुसार टीआई/एसपीसी/पीएसआई/ प्रोटेक्ट/6072 या नवीनतम। [वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख से 30 माह] टीपीआई द्वारा निरीक्षण।

मात्रा : 02 संख्यक

नोट : सामग्री की आपूर्ति 90 दिन के भीतर करनी होगी।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : 13.05.2024 को 1500 बजे

निविदा दस्तावेजों का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, वाल्टियर
PR-37/P/24-25

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**
**सुकमा वनमण्डल, सुकमा जिला- सुकमा (छ.ग.)**

**ईमारती काष्ठ का नीलाम विज्ञापन**
**सुकमा वन मण्डल सुकमा, जगदलपुर वृत्त जगदलपुर**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है जगदलपुर वृत्त के सुकमा वन मण्डल के अन्तर्गत सुकमा काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ नीलाम दिनांक 03/05 / 2024 समय प्रातः 10.00 बजे सुकमा काष्ठागार नीलाम हॉल में किया जावेगा ।

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लें । नीलाम की शर्तें व अन्य जानकारियॉं कार्यालयीन दिवसों में काष्ठागार अधिकारी या वन मण्डल कार्यालय सुकमा से प्राप्त की जा सकती है । प्रस्तावित मात्रा में कमी या अधिकता हो सकती है । बोली लगाने के पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण करने के बाद ही बोली लगावें । नीलाम में लॉट पर बोली लगाने के पूर्व सत्यंकार राशि 10 प्रतिशत के बराबर या 1000/- रूपय, इनमें से जो भी अधिक हो बयाने की राशि जमा करना अनिवार्य हैं । वर्ष 2024 का पंजीयन एवं फर्म का पेन नम्बर एवं जी. एस. टी. नम्बर की प्रति जमा करें ।

**सुकमा काष्ठागार में अनुमानित ईमारती काष्ठ की मात्रा**

| प्रजाति | पुराना काष्ठ की मात्रा | | |
|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 172.227 | 160 | 382 |
| बीजा | 95.483 | 61 | 0 |
| साजा | 53.279 | 179 | 0 |
| साल | 52.021 | 0 | 0 |
| शिशम | 0.023 | 0 | 0 |
| शिवना | 0.205 | 3 | 0 |
| हल्दू | 1.204 | 0 | 0 |
| अन्य | 87.372 | 149 | 0 |
| **योग** | **461.814** | **552** | **382** |

वनमण्डलाधिकारी
सुकमा वनमण्डल, सुकमा

G-242500026/4

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5492

**बाएँ से दाएँ**
1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

### शब्द पहेली -5491 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | | र | वा | ना | हो | ना |
| न | | म | क | र | | त | ल | ना | | का |
| मो | ह | | | गि | | ज | | | क | म |
| ह | म | | आ | स | ल | गा | ना | | मा | या |
| क | ल | र | व | | क्ष्य | | म | त | ल | ब |
| | | | भ | ला | | जो | र | | | |
| ज | ग | म | ग | | मौ | | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | | त | म | त | मा | ना | | र | म |
| न | त | | | हा | | ल | | | ल | क |
| दा | | म | चा | न | | खा | रि | श | | दा |
| र | म | णी | य | ता | | ना | ट | क | का | र |

## सूडोकु नवताल - 5503

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 5502 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

## तटरक्षकों की उच्चस्तरीय बैठक, समुद्री सुरक्षा ढांचे को मजबूत बनाने पर जोर

# समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाएंगे भारत और ओमान

*दोनों पक्षों ने समुद्री चुनौतियों से निपटने में परस्पर सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की, जिससे क्षेत्र में समुद्री संरक्षा और सुरक्षा ढांचे को मजबूत बनाया जा सके।*





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय और रॉयल ओमान पुलिस तटरक्षकों के बीच 5वीं वार्षिक उच्चस्तरीय बैठक नई दिल्ली में हुई, जहां दोनों देशों के तटरक्षकों ने समुद्री सीमा से परे अवैध गतिविधियों से निपटने के प्रयासों और क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने को एक उपलब्धि बताया। दोनों पक्षों ने समुद्री चुनौतियों से निपटने में परस्पर सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में भारतीय तटरक्षक के महानिदेशक राकेश पाल और रॉयल ओमान पुलिस तट रक्षक सहायक अधिकारी कमांडिंग कर्नल अब्दुल अजीज मोहम्मद अली अल जाबरी मौजूद थे।

- भारतः नेतृत्व महानिदेशक राकेश पाल ने किया
- ओमान के तट रक्षक का नेतृत्व कर्नल अल जाबरी ने किया
- प्रदूषण रिपोर्टिंग केंद्रों के बीच पेशेवर संबंध होंगे स्थापित
- सहयोगात्मक प्रयासों और सहयोग बढ़ाने को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया

### संबंधों को मजबूत बनाने पर जोर

भारत और ओमान के तटरक्षकों की बैठक में क्षमता निर्माण कार्यक्रम, क्रॉस शिप यात्रा, सी-राइडर कार्यक्रम को लागू करने, प्रदूषण रिपोर्टिंग केंद्रों और अन्य सहयोगी व्यवस्थाओं के बीच पेशेवर संबंध स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। आरओ-पीसीजी और इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के प्रतिनिधियों के बीच एक बैठक की 25 अप्रैल को नई दिल्ली में बैठक होगी।

### समुद्री डकैतों ने बढ़ा दी गंभीर चुनौतियां

समुद्री डकैतों की हाल ही कई घटनाओं ने समुद्री चुनौतियों को गंभीर रूप से बढ़ा दिया है। इन घटनाओं के कारण दूसरे और भी कई देशों की समुद्री सीमा सुरक्षा, व्यापार जैसे विभिन्न क्रियाकलाप प्रभावित होते हैं। ऐसे में भारतीय नौसेना एवं तटरक्षकों की तत्काल कार्रवाईयों ने कई अभियानों के जरिए इन घटनाओं पर काबू पाया किया है।

### आईसीडीआरआई आपदा प्रबंधन का बना वैश्विक मंच



*नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में बुधवार को इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रेसिलिएंट डिजास्टर का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव पी. के मिश्रा ने कहा कि पिछले दशक में हमने जो निवेश किया है, उससे लोगों का जीवन बेहतर हुआ है। इस क्षेत्र में निवेश की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने तीन बड़े रिकमंडेशन की बात रखी।*

### ग्लोबल साउथ की आवाज बनना बहुत महत्वपूर्ण

*उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ की आवाज बनना सीडीआरआई के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आईलैंड स्टेट्स को कैसे फाइनेंस मुहैया कराया जाए, तकनीक मुहैया कराई जाए, उस पर कई सारे रिकमंडेशन अपेक्षित है। अगले दो दिनों में भारत मंडपम में जो मंथन होगा उससे नई सिफारिशें निकलकर सामने आएंगी।*

## डीआरडीओ ने तैयार की जैकेट

# जवान पहनेंगे सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सुरक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाले जवानों के लिए डीआरडीओ ने बड़ी सफलता पाई है। डीआरडीओ ने देश में सबसे हल्के बुलेट प्रूफ जैकेट को सफलतापूर्वक विकसित किया है। यह जैकेट बीआईएस गोला-बारूद के छठवें स्तर के उच्चतम खतरे से सुरक्षा प्रदान करता है।



### गोली के 6 शॉट का भी नहीं होता कोई असर

जैकेट का निर्माण डीआरडीओ के रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान, कानपुर द्वारा किया गया है। यह बुलेटप्रूफ जैकेट 7.62 X 54 आर एपीआई गोला बारूद के खिलाफ सुरक्षा मुहैया कराने में सक्षम है। डीआरडीओ की टेस्टिंग में पाया गया है कि इस जैकेट पर एक के बाद एक 6 शॉट का कोई असर नहीं होता है।

kotak

**कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः 27 बीकेसी, सी 27, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051 (महाराष्ट्र)
शाखा कार्यालयः प्रथम तल, मुक्त प्रयाग कॉम्प्लेक्स निरंकारी फर्नीचर के पीछे पंडरी रायपुर 492001 (छ.ग.)

**कब्जा नोटिस**

(अचल संपत्ति के लिए) (सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड जो एक बैंकिंग कंपनी है, के प्राधिकृत अधिकारी हैं, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 में इसका पंजीकृत कार्यालय 27बीकेसी, सी 27, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051 है। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड का शाखा कार्यालय, तीसरी मंजिल पुजारी चेंबर पचपेड़ी नाका रायपुर (छ.ग.) 492001 है, वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग नोटिस जारी किया। नोटिस में उल्लिखित राशि को उक्त नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाना होगा। बैंक द्वारा ली गई भौतिक कब्जे पर बंधक संपत्ति के साथ पार्टियों का विवरण नीचे दिया गया हैः-

| ग्राहक का नाम (ऋणधारक/सह-ऋणी और जमानतदार) ऋण खाता संख्या के साथ | धारा 13(2) सह पठित सरफ़ेसी नियम के नियम 9 के तहत मांग नोटिस की तारीख के साथ राशि रु. | (सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (1) के साथ पढ़े गए परिशिष्ट IV के अनुसार) कब्जे में ली गई अचल संपत्ति का विवरण | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता संख्या 8746250352, 6402 टीएल 0100000052 एवं 6402 सीएल 0100000035 सभी ऋण खाते सामान्य सीआरएन संख्या 587825467<br>**1.मे. जोएल प्रोफेशनल... ऋणधारक**<br>इसके एकमात्र स्वामी, श्री आलोक मुखर्जी, वेक मौजा छ.ग.गृह निर्माण मंडल बोरियाकला रायपुर छ.ग. 492001<br>**2. श्री आलोक मुखर्जी... जमानतदार/ बंधककर्ता/ स्वामी**<br>आवासीय फ्लैट नंबर 6, दूसरी मंजिल, ब्लॉक नंबर ए-01, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मौजा बोरियाकला ग्रीन विली सिटी रा.नि.मं., रायपुर (छ.ग.) 492001<br>**इसके अलावा**: मकान नं. 133, सीडर हाउसिंग बोर्ड सोसायटी, धमतरी रोड, बोरिया कला रायपुर-492001<br>**3. श्रीमती संगीता मुखर्जी पत्नी आलोक मुखर्जी... जमानतदार/बंधककर्ता**<br>आवासीय फ्लैट नंबर 6, दूसरी मंजिल, ब्लॉक नंबर ए-01, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मौजा बोरियाकला ग्रीन विली सिटी रा.नि.मं. रायपुर (छ.ग.) 492001<br>**इसके अलावा**: मकान नं. 133, सीडर हाउसिंग बोर्ड सोसायटी धमतरी रोड बोरिया कला रायपुर 492001<br>**4. मे .फ्रेंड्स एंटरप्राइजेज...जमानतदार**<br>इसके एकमात्र स्वामी, श्री आलोक मुखर्जी, न्यू शांति नगर गली नंबर 06 बाजपेयी भवन, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) 492001.<br>**इसके अलावा**: इसके एकमात्र स्वामी, श्री आलोक मुखर्जी, सी-171, ए, सेक्टर-1, देवेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) 492001. | डिमांड नोटिस दिनांक 29 जनवरी 2024 रु. 44,12,228.09/- (चौवालीस लाख बारह हजार दो सौ अट्ठाइस रूपये नौ पैसे मात्र) 17 जनवरी 2024 को । | लीज होल्ड प्रॉपर्टी की सभी भूमि एवं भूखण्ड, श्री आलोक मुखर्जी पुत्र श्री बी.एस. मुखर्जी एवं श्रीमती संगीता मुखर्जी पत्नी श्री आलोक मुखर्जी (लीज डीड दिनांक 3 जनवरी 2019 के अनुसार) के स्वामित्व में है जिसका क्षेत्रफल 153.53 वर्ग मीटर यानि 1652.00 वर्ग. फुट है।<br>**स्थितिः**- सेमेलिया 3 बीएचके फ्लैट नंबर 06, ब्लॉक नंबर ए-01, दूसरी मंजिल ग्रीन विली सिटी, बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बोरियाकला प.ह.नं. 117, भाग खसरा नंबर 1493/1, 1495, 1496, 1498/2 पर स्थित है।<br>**चौहद्दीः**- उत्तरः खुली जगह, दक्षिणः फ्लैट नंबर 5, पूर्वः लॉबी, पश्चिमः खुली जगह। | 22-04-2024 |

ऋणधारकों द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, ऋणधारकों और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर भौतिक कब्ज़ा कर लिया है। उक्त अधिनियम की धारा 14 डीएम आदेश को उक्त नियमों के नियम 9 के साथ 'कब्जे की तिथि' कॉलम में ऊपर उल्लिखित तारीख के साथ पढ़ा जाए।

विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित ऋणधारकों और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति के साथ लेनदेन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन भविष्य में इस नोटिस में उल्लिखित राशि के लिए कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के शुल्क के अधीन होगा। संविदात्मक दर पर ब्याज और स्थानापन्न ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत और शुल्क आदि देय हैं। उपरोक्त उल्लिखित विवरण में बकाया राशि की स्थिति की अगली तारीख, पूर्ण पुनर्भुगतान और /या वसूली की तारीख तक दिखाई दे रही है। इसके अलावा उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया गया। कृपया ध्यान दें कि संपत्तियों का विवरण ऊपर बताए अनुसार है।

**दिनांकः 22/04/2024**
**स्थानः रायपुर (छ.ग.)**

**सही/- (प्राधिकृत अधिकारी)**
**कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के लिए**

## तीन दिवसीय दौरे पर ईरानी राष्ट्रपति

# अरबों की डील की खुशी पर पाक को अमेरिका ने दी खुली धमकी





एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के पाक दौरे में दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर 8 समझौते हुए और एक समझौता ज्ञापन साइन हुआ जिस पर अमेरिका भड़क गया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख डिप्टी प्रवक्ती वेदांत पटेल ने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान के साथ समझौते कर पाक प्रतिबंधों को न्योता दे रहा है। अमेरिका ने कहा है कि जो कोई भी ईरान के साथ व्यापारिक समझौतों पर आगे बढ़ने की सोचता है, उसे प्रतिबंधों के खतरे को लेकर भी जागरुक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय में ईरान की स्थिति के कारण प्रतिबंधों से ईरान-पाक संबंध खतरे में पड़ सकते हैं।

### ..तो नामोनिशान मिटा देंगे

इजराइल से जारी जंग के बीच पाकिस्तान पहुंचे ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने इजरायल को खुल कर चेतावनी दी है। इजराइल को चेतावनी देते हुए ईरानी राष्ट्रपति रईसी ने कहा है कि ईरान की धरती पर किसी भी तरह के हमले से वर्तमान स्थिति में खतरनाक बदलाव आएगा। 13 अप्रैल को ईरान ने इजराइल पर जवाबी हमला कर सीरिया में ईरानी दूतावास पर हुए हमले का बदला लिया है।

## लगातार हुए तीन विस्फोट

# मणिपुर में फिर हिंसाः नगालैंड से जोड़ने वाला पुल उड़ाया



एजेंसी ▶▶ कांगपोकपी

मणिपुर में बुधवार की रात में एक के बाद एक तीन धमाके हुए। ये धमाके मणिपुर के कांगपोकपी जिले में एक पुल को क्षतिग्रस्त करने के इरादे से किए गए थे। ये विस्फोट इम्फाल को नागालैंड के दीमापुर से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर सापरमीना के पास हुए। यह घटना मतदान से दो दिन पहले हुई। दूसरे चरण के मतदान के दौरान बाहरी मणिपुर के कुछ हिस्सों में वोटिंग होनी है। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि कांगपोकपी जिले में सापोरमीना के पास लगभग 1:15 बजे यह घटना हुई। अधिकारी ने बताया कि अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है और जांच जारी है।

### इलाके किए सील

सुरक्षा बलों ने घटनास्थल के साथ-साथ आस-पास के इलाकों को भी सील कर दिया है और अतिरिक्त पुलों पर जांच चल रही है। इंफाल पश्चिम जिले में दो युद्धरत समुदायों के ग्रामीण स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी के कुछ घंटों बाद आईईडी विस्फोट हुआ। पिछले साल मई से इम्फाल घाटी स्थित मेइतीस और निकटवर्ती पहाड़ी स्थित कुकिस के बीच जातीय हिंसा हुई थी। में 200 से अधिक लोग मारे गए थे और हजारों लोग बेघर हो गए। 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के दौरान, मणिपुर के कुछ हिस्सों में हिंसा की घटनाएं सामने आईं थी।

### हिरासत में लिए गए 67 संदिग्ध लश्कर का भी नाम शामिल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक गांव में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकि द्वारा एक नागरिक की हत्या के मामले में पूछताछ के लिए 67 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने इस कृत्य को अंजाम देने में शामिल दो आतंकि में से एक की पहचान 'विदेशी आतंकवादी' के रूप में की, जिसका कोड नेम अबू हमजा है।

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** मनोज कुमार साहू पिता/पति एन आर साहू, बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी, राहुल कुमार साहू पिता/पति बसंत कुमार साहू, देवरी धरसींवा, गिरधारी लाल साहू पिता/पति फलेंन साहू, डबरीपारा डुंडा, भारती साहू पिता/पति के के साहू, दोंदे खुर्द, राजकुमार यादव पिता/पति त्रिलोचन यादव, आमानाका रायपुर, नन्द किशोर साहू पिता/पति खिलावन साहू, लभांडी रायपुर, सुनीता यादव पिता/पति अनिल यादव, नवदुर्गा नगर मठपुरेना रायपुर, नीरज कुमार यदु पिता/पति यशवंत यदु, गोगांव रायपुर, गोपाल प्रसाद वर्मा पिता/पति छबी राम वर्मा, राजधानी विहार सडडू रायपुर, अजित कुमार साहू पिता/पति अर्जुन लाल साहू, बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, सुखराम साहू पिता/पति थनवार साहू, बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, श्वेता मोरे पिता/पति अजय मोरे, लक्ष्मीनगर रायपुर, पुनऊ राम यादव पिता/पति पतिराम यादव, रामकुंड रायपुर, नंदकुमार साहू पिता/पति दसरू राम साहू, खिलोरा थाना मुजगहन रायपुर, सरिता निर्मलकर पिता/पति मनोहर निर्मलकर, बजरंग पारा सडडू रायपुर, मोहन शर्मा पिता/पति स्व. कुंजलाल शर्मा, प्रेमनगर 884 वी. के. -10 गलि न. 2 नवनिहाल स्कूल मोवा रायपुर, पोषण लाल देशमुख पिता/पति तारथनाथ देशमुख, जीवन विहार कॉलोनी वी.आई.पी. चौक रायपुर, संतोष सिन्हा पिता/पति झाग्गर राम सिन्हा, कृष्णा नगर ओम शिव हनुमान मंदिर कोटा रायपुर, योगेन्द्र कुमार वर्मा पिता/पति हेमंत वर्मा, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदे खुर्द रायपुर, नरेन्द्र सिंह राजपूत पिता/पति शत्रुहन सिन्हा, तुलसी नगर गुढ़ियारी रायपुर, राजेश कुमार देवांगन पिता/पति स्व. रामावतार देवांगन, सेक्टर -2 अवधपुरी भाठागाँव रायपुर, प्रियंका शर्मा पिता/पति सतीश शर्मा, संजय स्मृति स्कूल के पास संजय नगर टिकरापारा रायपुर, अश्वनी कुमार यादव पिता/पति स्व. गोकुल सिंह यादव, 16 पार्क-3 कॉलोनी रायपुर, शिव नारायण गोस्वामी पिता/पति चंदुपुरी गोस्वामी, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदे खुर्द रायपुर, होरीलाल साहू पिता/पति स्व. रामजी साहू, घुसेरा सिवनी रायपुर, रविशंकर देवांगन पिता/पति एस. आर. देवांगन, कुशालपुर पंच्जय विद्या मंदिर कुशालपुर रायपुर, अनीता बागल पिता/पति स्व. वामनराव बागल, पोलसाय पारा लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास दुर्ग जिला दुर्ग, संजय टेकाम पिता/पति स्व.चैतराम टेकाम, आमदी मंदिर वार्ड न. 24 जिला दुर्ग, रामखिलावन वर्मा पिता/पति गेंदलाल वर्मा, जवाहर नगर जिला दुर्ग, सियाराम देशमुख पिता/पति जगन्नाथ देशमुख, चंगोरी अंजोरा जिला दुर्ग, अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता/पति स्व. चन्दुलाल पाण्डेय, म.न. 255 वार्ड 6 ठेठवार पारा जिला दुर्ग, गोविन्दराम साहू पिता/पति कुमां सिंह साहू, अंजोरा जिला दुर्ग, रामकुमार पिता/पति कौशल कुमार, धमधा जिला दुर्ग, उपेन्द्र कुमार वर्मा पिता/पति शत्रुहन लाल वर्मा, करेला पाटन जिला दुर्ग, आरुषि उपाध्याय पिता/पति तपेश कुमार उपाध्याय, आदर्श नगर बोरसी जिला दुर्ग, टीका राम सेन पिता/पति दर्जन सिंह सेन, गया नगर वार्ड 3 दुर्ग जिला दुर्ग, कृष्ण कुमार यादव पिता/पति पुरुषोतम यादव, वार्ड न. 6 दुर्ग जिला दुर्ग, रामेश्वरी यादव पिता/पति कृष्णा कुमार यादव, वार्ड न. 6 दुर्ग जिला दुर्ग, रिद्धि यादव पिता/पति मनोज यादव, शिव नगर वार्ड न. 4 दुर्ग जिला दुर्ग, कमल यादव पिता/पति महेश यादव, मठपारा दक्षिण वार्ड न. 3 जिला दुर्ग, वीनू राम यादव पिता/पति वनवाली यादव, टिकरापारा बेलौदी भेड सर जिला दुर्ग, संतोष यादव पिता/पति कार्तिक यादव, राजीव नगर वार्ड न. 2 जिला दुर्ग, कुशली नेताम पिता/पति कमलेश्वर नेताम, बंसागर कंकर जिला कांकेर, संतोष कुमार नायक पिता/पति रामचरण नायक, केंवटीनटोला जिला कांकेर, हरीश कुमार बोरकर पिता/पति देवचरण सिंह बोरकर, मनकेशरी जिला कांकेर, विक्की पटेल पिता/पति प्रेमलाल पटेल, आमापारा जिला कांकेर, पूर्णिमा पाटकर पिता/पति बलदाऊ राम पाटकर, छुरा जिला गरियाबंद, शहीद अंजुम खान पिता/पति गुलाम इशक खान, वार्ड 07 शिवजी चौक फिंगेश्वर जिला गरियाबंद, गुनेंद्र कुमार निषाद पिता/पति डेरहा राम निषाद, रानीपरतेवा छुरा जिला गरियाबंद, रेखा साहू पिता/पति गिरवर साहू, बेलर फिंगेश्वर जिला गरियाबंद, हेमलाल पिता/पति कार्तिकराम, गिधनी जिला गरियाबंद, परमेश्वरी साहु पिता/पति लोमश साहू, बाकली राजीम जिला गरियाबंद, यदेश्वर साहू पिता/पति सुकुल राम साहू, अछोटी कुरूद जिला धमतरी, होरीलाल ध्रुव पिता/पति गेंदलाल ध्रुव, सिहावा वार्ड 8 नगरी जिला धमतरी, एस. आर. खान पिता/पति एस. एम्. खान, मुजगहन जिला धमतरी, फलिंद कुमार साहू पिता/पति तरुण कुमार साहू, बाज़ार चौक भैरवमुड़ी जिला धमतरी, केशव देशमुख पिता/पति चिरौंजी लाल देशमुख, पीपरछेड़ी जिला धमतरी, ऋषि कुमार पिता/पति जुगल राम, मोहनीश पान पैलेस कुरमा तराई जिला धमतरी, भारत कुमार चंद्राकर पिता/पति रामेश्वर चंद्राकर, ग्रा+पो चरमुडिया कुरूद जिला धमतरी, हीरालाल मारकंडे पिता/पति गोवर्धन मारकंडे, रावनमुड़ा जिला धमतरी, प्रेमलता अग्रवाल पिता/पति नंदकिशोर अग्रवाल, श्री हर्ष विहार नंदकिशोर निवास जिला धमतरी, हेमलता निर्मलकर पिता/पति मिश्री लाल, सिवनी कला जिला धमतरी, प्रेमलाल यदु पिता/पति सत्यनारायण साहू, खम्हरिया अर्जुनी जिला बलौदाबाज़ार, धन्नू प्रसाद चतुर्वेदी पिता/पति स्व. मनीराम चतुर्वेदी, खम्हरिया अर्जुनी जिला बलौदाबाज़ार, भागीरथी सतनामी पिता/पति चन्द्रिका सतनामी, वार्ड 15 लवन खम्हरिया बगबुडा जिला बलौदाबाज़ार, मनीष कुमार चंद्राकर पिता/पति दुर्गा प्रसाद चंद्राकर, गुण्डरदेही वार्ड 12 जिला बालोद, राजकुमार साहु पिता/पति त्रिलोचन राम साहू, सोरार गुरुर जिला बालोद, एस. के. साहू पिता/पति स्व. राधे लाल साहू, विशाल नगर बेमेतरा जिला बेमेतरा, शंकर लाल चंद्राकर पिता/पति उमाराम चंद्राकर, घुचापाली बागबहरा जिला महासमुंद, द्रोपदी मानिकपुरी पिता/पति स्व. प्रेमदास, वार्ड न. 10 इमलीभाठा महासमुंद जिला महासमुंद, कौशल पटेल पिता/पति सुधुराम पटेल, नर्रा जिला महासमुंद, राजेश कुमार बाघमारे पिता/पति बंशी लाल बाघमारे, साधुचाल तुलसीपुर वार्ड न. 17 जिला राजनांदगांव, मेघनाथ साहू पिता/पति स्व. बाबूलाल साहू, जंगलपुर जिला राजनांदगांव, संजय सेवालिकर पिता/पति मधुकर सेवलिकर, बल्देवबाग गली न. 2 जिला राजनांदगांव, नरेन्द्र सिंह कंवर पिता/पति कालेश्वर सिंह कंवर, मोतीपुर रामाटोला जिला राजनांदगांव।

सांत्वना पुरस्कार की शेष सूची अगले अंक में देखें

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

**क्या आप एक जागरुक मतदाता हैं?**

डाउनलोड करें **नो योर कैंडिडेट (KYC) ऐप**, और अपने निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक उम्मीदवार की उनके शपथ पत्र में दिए गए विवरण की जानकारी प्राप्त करें।

**एक जागरुक मतदाता बनें।**



फिल्म 'माई वोट, माई ड्यूटी' देखने के लिए QR कोड स्कैन करें

CBC 52101/13/0011/2425

लॉग ऑन करें: elections24.eci.gov.in

Android iOS
स्कैन और डाउनलोड करें के वाई सी ऐप

मतदाता हेल्पलाइन पर कॉल करें 1950

मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तारीख जानने के लिए QR कोड को स्कैन करें

#IVoteForSure | #MeraVoteDeshKeLiye

**विडंबना : जिला मुख्यालय स्थित मातृ शिशु अस्पताल का मामला**

# अस्पताल में लापरवाही, प्रसव के लिए भर्ती महिलाओं को नाश्ते में एक्सपायरी बिस्कुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय स्थित मातृ शिशु अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती महिलाओं को एक्सपायरी बिस्कुट देने का मामला सामने आया है। दावा है कि जहाँ पर बीते कुछ दिनों से तीन माह एक्सपायरी बिस्कुट का वितरण सुबह नाश्ता के साथ किया जा रहा है, लेकिन हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा इस बड़ी लापरवाही पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। मामला हितग्राहियों की जागरूकता से सामने आया।

■ भर्ती महिलाओं के परिजनों की सजगता से सामने आया मामला

जिले के प्रमुख हॉस्पिटल में शामिल 100 बिस्तर मातृ शिशु अस्पताल में रोजाना जिले भर से गर्भवती महिलाएं जचकी के लिए पहुँचती है, जिन्हें सुपोषण आहार देने का दावा प्रशासन द्वारा किया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार 3 माह पूर्व जनवरी माह में एक्सपायर हो चुके बिस्किट को बीते चार–पांच दिनों से सुबह के नाश्ते में दिया जा रहा है। इस बात की जानकारी अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों को होने पर उनके द्वारा इसका विरोध किया गया। आरोप है कि जिन कर्मचारियों की ओर इन्हें वितरण किया जा रहा था, उनके द्वारा परिजनों के साथ बुरा बर्ताव कर धमकी देते हुए कहा तुम्हें खाना है, तो खाओ वरना कुत्तों को खिला दो। वहीं आगे बात जब बढ़ने लगी तब कर्मचारियों द्वारा सभी महिलाओं से एक्सपायर बिस्कुट वापस माँगा गया, लेकिन कुछ महिलाओं ने बिस्कुट का पैकेट वापस नहीं किया।

**जानकारी मिलने के बाद कर्मचारियों ने वापस लिए पैकेट**





ग्राम खैरतराई निवासी पुष्पा सोनकर ने बताया कि बीते चार-पाँच दिनों से लगातार सुबह नाश्ते के साथ रोजाना एक कंपनी का बिस्कुट दिया जा रहा है, लेकिन अन्य महिलाओं द्वारा बतलाने के बाद से जब बिस्कुट के पैकेट में एक्सपायरी डेट को देखा गया, तो वह बिस्किट का पैकेट एक्सपायरी निकला जिसके कारण बिस्कुट का उपयोग नहीं कर रहे हैं।

### 25 जनवरी 2024 अंकित है उपयोग की अंतिम तिथि

ग्राम खैरतराई निवासी बेदू राम सोनकर ने बताया कि उनकी पत्नी हॉस्पिटल में भर्ती है, जिन्हें नाश्ते में अन्य सामग्रियों के साथ ही बिस्कुट भी दिया गया था। पैकेट में पैकिंग डेट 28 अगस्त 2023 अंकित था और यूज की अंतिम तारीख 25 जनवरी 2024 तक थी। लेकिन, तीन महीने बीत जाने के बावजूद प्रसव के लिए पहुँची महिलाओं को वह बिस्कुट दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी कर्मचारियों को देने पर उन्होंने कहा कि खाना है तो खाओ नहीं तो कुत्तों को खिला देना या फेंक देना। वहीं, जब आगे शिकायत की बात कही गई, तब सभी बिस्कुट को कर्मचारियों द्वारा महिलाओं से मांग कर इकट्ठा कर लिया गया।

### होगी सघन जांच

बिस्कुट के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है। मामले में जाँच कर कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। प्रतिवेदन भी प्राप्त हुआ है। प्रतिवेदन में संशय होने पर अन्य बिन्दुओं पर भी सघन जाँच की जाएगी।

-**इंद्रजीत सिंह** चन्द्रवाल, कलेक्टर।

# ट्रैफिक कंजक्शन का रोड मैप बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में यातायात की अव्यवस्था को लेकर हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। हाईकोर्ट चीफ जस्टिस की डिविजन बेंच ने पिछले दिनों नेहरू चौक पर चरमराई यातायात की वजह से एंबुलेंस के पलटने और ड्राइवर सहित मरीज को चोट आने को लेकर डीजीपी, बिलासपुर कलेक्टर और बिलासपुर यातायात एसपी को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत एफिडेविट जमा करने कहा है। मामले में बुधवार को शासन की ओर से जवाब पेश नहीं किया जा सका।

इस मामले में हाईकोर्ट ने स्वत संज्ञान लेकर प्रदेश में यातायात को लेकर चिंता जाहिर की है। हाईकोर्ट ने कहा है कि प्रदेश में जितने भी बड़े शहर हैं वहां यातायात व्यवस्था का रोड मैप तैयार करें। साथ ही बिलासपुर में ट्रैफिक कंजक्शन का रोड मैप बनाएं। हो सके तो फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस के लिए अलग से व्यवस्था करें ताकि वह सिग्नल से जल्दी निकल जाए। कोर्ट ने वीआईपी मूवमेंट में पब्लिक को तकलीफ ना हो इसके लिए सिग्नल फ्री करने को कहा है ताकि लोगों को परेशानी ना हो। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले नेहरू चौक में एंबुलेंस पलट गई थी। जिसमें एंबुलेंस के ड्राइवर का सिर फट गया था और अंदर बैठे मरीज को भी चोट आई थी। इस पर संज्ञान लेते हुए चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की डबल बेंच ने मामले में प्रदेश के डीजीपी, बिलासपुर कलेक्टर और यातायात एसपी बिलासपुर को नोटिस जारी किया है।



### अधिकारियों को देना होगा शपथ पत्र

हाईकोर्ट ने अधिकारियों को व्यक्तिगतरूप से एफिडेविट देने के लिए निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि प्रदेश के सभी बड़े शहर बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, जगदलपुर, अंबिकापुर सहित अन्य बड़े शहरों का रोड मैप तैयार किया जाए। रोड मैप तैयार करने के बाद फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस को आसानी से निकालने की व्यवस्था बने। बेहतर व्यवस्था देने पर काम किया जाए। हाईकोर्ट ने माना कि बिलासपुर सहित अन्य बड़े शहरों में यातायात की अव्यवस्था से आम जनता परेशान है। कहीं भी यातायात को लेकर सही व्यवस्था नहीं बनाई गई है। इसका जिम्मेदार यातायात विभाग है। यातायात को सही कैसे किया जाए यह सुझाव भी कोर्ट ने मांगा है।

# विचाराधीन दो बंदियों में जमकर हुई मारपीट, एक रायपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला जेल में बीती शाम खाना खाने के दौरान विचाराधीन दो बंदियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दोनों को घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां से एक को गंभीर अवस्था में रायपुर रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार जेल के बैरक नंबर पांच में मंगलवार शाम विचाराधीन बंदियों को खाना दिया गया। इसी दौरान एक ही प्रकरण में जेल दाखिला किए गए कनेकेरा निवासी इंद्रकुमार (26) और सियाराम (21) में किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ने एक दूसरे पर थाली-गिलास से हमला कर घायल करने लग गए। जैसे ही इसकी जानकारी जेल प्रबंधन को हुई दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए भेजा गया। जहाँ सियाराम को प्राथमिक उपचार के बाद वापस जेल दाखिल कर दिया गया। वहीं, इंद्रकुमार को रायपुर रेफर कर दिया गया। इंद्रकुमार को तीन टांका लगा है। फिलहाल उसे केंद्रीय जेल रायपुर में रखा गया है। जिला जेल अधीक्षक यूके पटेल ने बताया कि खाना खाने के दौरान बैरक नंबर पांच में 307 के दो आरोपियों के बीच मामले में गवाही देने के नाम पर मारपीट हो गई। मारपीट में उनके कंधे और कान पर चोट आई है, जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। मारपीट की घटना की सूचना न्यायालय और विविध सेवा प्राधिकरण को दे दी गई।

# पैसा नहीं देने पर पुत्र ने की थी मां की हत्या, कुआं में फेंका शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

पैसे की मांग करने पर मां ने अपने पुत्र को इसलिए पैसा देने से मना कर दिया कि वह शराब पीकर पैसा को उड़ा देता है।

जिससे आक्रोशित होकर पुत्र ने अपनी मां पर हमला कर हत्या कर दी और शव को कुंए में फेंक दिया था। इस मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 23 अप्रैल को प्रातः थाना घुमका पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बिजेतला निवासी श्रीमती कांतिबाई साहू 65 वर्ष की संदेहास्पद मृत्यु हुई है। जिसके शव को घर में स्थित कुंए में से निकाला गया है। इस सूचना पर पुलिस स्टाफ मौके पर घटनास्थल पहुंची। मर्ग कायम कर जांच शुरू की। घटनास्थल व शव निरीक्षण के दौरान प्रथम दृष्टया मृतिका कांतिबाई साहू को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भारी वस्तु से उसके सिर, माथे, चेहरे व गर्दन में गंभीर चोंट पहुंचाकर हत्या करना तथा शव को छिपाने के उद्देश्य से मृतिका के घर के कुंए में फेंकना पाए जाने पर मौके पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा-302, 201 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**एजूकेशन स्पेशल**

SACHDEVA NEW P.T. COLLEGE
RAIPUR : 0771-4080090
BHILAI : 0788-2261687
DROPPER
CRASH
NEET
CUET
PET/PAT
EFFECTIVE STUDY MATERIAL
● BEST RESULTS
● BEST FACULTY
MEDIUM : ENG./HINDI
SUMMER/REGULAR COURSE
X-XI-XII
CBSE/CG BOARD

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- फैक्ट्री हेतु सुरक्षागार्ड, वेतन 12000 से 19000 तक (PF+ ESI+Bonus+ रहना फ्री) मेस की सुविधा 8वीं से स्नातक वेतन प्रतिमाह 7 तारीख को संपर्क करें:- शिव सिक्योरिटी सर्विस, शॉप नंबर 28, प्रथम तल, कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका चौक, रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल 07714036689, 8120957510, 9770304037.(RO-1186)

आवश्यकता है- रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. 8109070600, 7869230888.(RO-1174)

आवश्यकता है- Hari group हेतु सिक्युरिटी गार्ड ,लेडीज गार्ड ,गनमैन,हाउसकीपिंग हेतु आया बाई। बेतनमान- 10000 से 15000 आधारकार्ड ,फोटो एवं मार्कसीट छयाप्रति लेकर संपर्क करे कृष्णा प्लाजा ,अश्वनी नगर लाखेनगर रायपुर 8085435101 , 7909336654 ,7713568537.(RO-A)

**ऑफिस/ड्रायवर/नर्स**

आवश्यकता है- विचक्षणं जैन विद्यापीठ स्कूल कुम्हारी संस्थान में कार्य हेतु ऑफिस लिपिक,ड्राइवर हैवी लाइसेंस धारी , पुरुष व महिला अटेंडेंट,आवासीय ड्राइवर बस और कार हेतु , आवासीय महिला नर्स तथा माली,साफ सफाई, मेस के लिए, ऑफिस बॉय, लॉन्ड्री आदि के लिए कर्मचारियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है! संपर्क करे- 7692811011, 6264604489.(RO-Atul)

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- घरेलू कार्य, ऑफिस में टेली कॉलिंग हेतु लड़की /महिला चाहिए कॉल 9039321951 घर बैठे मार्केटिंग और फील्ड वर्किंग हेतु लड़की /लड़का/ महिला चाहिए पार्ट/फुल टाइम सैलरी 5000 /10000 पता:- अरिहंत कॉम्प्लेक्स नियर रेल्वे स्टेशन रायपुर नेहा - 7470577781 शिवानी - 8349613158. (RO-2687)

**टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 6, सर्विस टेक्निशियन 2, tally caller 2 [anubhav avashyak nahi] संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.(RO-2685)

**पैकिंग/लेबर कार्य**

आवश्यकता है- चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490.(RO-A)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223. (RO-3919)

**डिलीवरी कार्य**

आवश्यकता है- स्टेशनरी दुकान चौबे कॉलोनी रायपुर में डिलीवरी कार्य करने हेतु नवयुवकों की आवश्यकता है अनुभवी या फ्रेशर उम्र 18 से 30 सम्पर्क करें- 9754247247.(RO-4407)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**शोरूम वर्कर**

HONDA
The Power of Dreams
REQUIREMENT
FLOOR SUPERVISOR
TECHNICIAN
HELPER
SERVICE ADVISOR
CUSTOMER RELATION
MANAGER
SALES EXECUTIVE
RECEPTIONIST
INSURANCE
FIELD EXECUTIVE / M/F
SPARE PARTS
Shree Sairam Honda
Durg: Station Road, opp. Swaroop Talkies
Timing : 12 pm to 5 pm.
9827349450, 8458885111

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु दसवीं तक पढ़े लड़कों की आवश्यकता है। इच्छुक पूर्ण विवरण सादे कागज में (मोबाइल नंबर) सहित संपर्क करें:- शिल्पा सेल्स, A- 10 आरडीए कंपलेक्स शारदा चौक रायपुर(RO-1213)

आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु पुरुष महिला एवं टैली ऑपरेटर (फीमेल) की संपर्क करें राजेश होजियरी फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नंबर 1 पंडरी रायपुर 9407923601, 9425208201.(RO-4409)

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन । संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर । (RO-39)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- उज्जैन (एमपी) में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं, स्नातक लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस+ रहना फ्री, कोई शुल्क नही लगेगा सम्पर्क करें- 9993044523, 6261002191.(RO-33856)

**पंप कर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु महिला एवं पुरुष कर्मचारी की आवश्यकता है। मिलने का समय सुबह 10:00 से 1:00 बजे एवं शाम 4:00 से 7:00 बजे तक। संपर्क करें:- जय जवान पेट्रोल पंप तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पास रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर 9827141707.(RO-954)

**टेलीकॉलर/अकाउंटेंट**

आवश्यकता है- एक प्रतिष्ठित कलेक्शन एजेंसी को टेलीकॉलर्स पद 10, फील्ड एग्जीक्यूटिव 10, अकाउंटेंट 4, ऑफिस असिस्टेंट पद 4 और ऑफिस बॉय 2 की आवश्यकता है पता:- ई-जेनेसिस, 4/16 दक्षिण गंगोत्री, अग्रवाल होम्योपैथी के पास, सुपेला, भिलाई 9589049626, 6232010617.(SP /870)

**सर्विसिंग कार्य**

आवश्यकता है- 2 व्हीलर, 4 व्हीलर गाड़ियों की सर्विसिंग व धुलाई हेतु 4 लड़कों की आवश्यकता है, अनुभवी को प्राथमिकता रहने व खाने की सुविधा फ्री संपर्क करें:- 7869462373, 9406054945.(RO-4307)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- तेलीबांधा रायपुर के पास टाटा एस और ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर व टाटा एस में चलने और अन्य हमाली कार्य के लिए लड़कों की आवश्यकता है। संपर्क करें:- 9754160228.(RO-1214)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- Global aqua service में कार्य करने हेतु लड़के /लड़कियों की आवश्यकता है सैलरी 10 हजार से 12 हजार रहना+ पेट्रोल फ्री, संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9644620307, 9770508984.(RO-2689)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**ड्रायवर/रिसेप्शनिस्ट**

आवश्यकता है- घरेलू गाड़ी एवं एम्बुलेंस गाड़ी चलाने ड्राइवर-2, रिसेप्शनिस्ट मेल /फीमेल-2 जिसे कंप्यूटर का ज्ञान हो, माली-1 की आवश्यकता है, रहने की सुविधा, संपर्क:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड रायपुर फोन- 0771-2425009.(RO-2688)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- कटनी, ग्वालियर में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री सम्पर्क करें- 6264375417, 6266408332.(RO-33831)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**अन्य**

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9883460031.(RO-110)

**Property प्रापर्टी**

भूमि बेचना है- दुर्ग अंजोरा- रायपुर भारतमाला हाईवे के नज़दीक बिरेझर में फार्म हाऊस हेतु उपयुक्त 11000 sqft. प्लॉट मात्र 111/- फीट में उपलब्ध है। मो. न. 99931-35732. (आरो न.-455)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक



अब आप पायेंगे अपना एक सच्चा हमसफर...
हरिभूमि वैवाहिकी (प्रति रविवार)
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन एक साथ प्रकाशित किया जायेगा।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें- 7987119756, 6263818152

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**Healthcare**

गुप्त रोगी स्वयं मिले
शादी से घबराहट गुप्त रोग
शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
लिंग में टेढ़ापन
वीर्य में शुक्राणु की कमी
बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
पेशाब में धातु जाना
शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
9098889899

टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
परखनली शिशु केन्द्र
1994 से आपकी सेवा में
उपलब्ध सुविधाएं
▸ आई.व्ही.एफ.
▸ इक्सी
▸ आई.यू.आई.
▸ लेप्रोस्कोपी
▸ हिस्ट्रोस्कोपी
संपर्क
डॉ. विजया वाकोडकर
वाकोडकर नर्सिंग होम
नेहरू नगर वेस्ट भिलाई
फोन : 9329029731

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

### टहलने निकले शिक्षक पर लकड़बग्घा ने किया हमला

सांकरा। टहलने निकले शिक्षक पर लकड़बग्घा ने हमला कर दिया। उपचार के बाद शिक्षक को अस्पताल से छुट्टी दे गई है। उसकी स्थिति बेहतर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक घटना सिहावा के गणेश घाट के पास की बताई जा रही है। मंगलवार की शाम सिहावा निवासी शिक्षक दिनेश निषाद अपने साथी के साथ गणेश घाट की तरफ टहलने निकले थे। उसी दौरान लकड़बग्घा पहाड़ी की तरफ से आया और शिक्षक पर हमला कर दिया। शिक्षक और उसके साथी ने किसी तरह लकड़बग्घा को भगाया और अपनी जान बचाई। शिक्षक बोकराबेड़ा में पदस्थ हैं। बताया जा रहा है कि लकड़बग्घा ने शिक्षक के बाएं हाथ को काटा है। शिक्षक को सिविल अस्पताल नगरी में इलाज के लिए ले जाया गया था। उपचार के बाद शिक्षक की स्थिति ठीक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि लकड़बग्घा जिस वक्त शिक्षक पर हमला किया, उस समय वह जख्मी हालत में था। उस पर तेंदुआ या किसी जंगली जानवर ने हमला किया था।

### लाल आतंक से मोह हुआ भंग, 18 माओवादी आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में हुए शामिल

जगदलपुर। दंतेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे घर वापस आईए की अपील याने लोन वर्राटू अभियान व शासन की पुनर्वास नीति का असर देखने को मिल रहा है। बुधवार को हिंसा का रास्ता छोड़कर भैरमगढ़ एवं मलांगेर एरिया कमेटी में वर्षों से सक्रिय 18 माओवादी समर्पण कर मुख्यधारा में हुए शामिल हो गए। गौरतलब है कि दंतेवाड़ा पुलिस द्वारा नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छग शासन की पुनर्वास नीति के तहत जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ के द्वारा भटके हुए माओवादियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद किया जा रहा है। इसके अलावा प्रशासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव गांव तक किया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप यह बदलाव माओवादी कैडर में दिखाई दे रहा है। बड़ी संख्या में माओवादी कैडर का आत्मसमर्पण देखने को मिल रहा है। नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प करके लगातार पुलिस से सम्पर्क कर रहें हैं।



डॉक्टर्स सजेशन



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## डिहाइड्रेशन से बचने के लिए भरपूर मात्रा में पीते रहें पानी



**मेरी उम्र 43 वर्ष है। मै फील्ड जॉब करता हूं। मैं यह जानना चाहता हूं कि इन गर्मियों में शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए क्या तरीके अपनाने चाहिए?**

**-साकेत, भोपाल**

फील्ड जॉब करने वाले लोगों को गर्मियों में खास सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि इस दौरान शरीर से पसीना खूब निकलता है और शरीर में पानी की कमी होने की आशंका रहती है। इसलिए पानी लगातार पीते रहें। जब घर से निकलें तो पानी पीकर निकलें। अपने साथ पानी की बोतल रखें और हर आधे घंटे बाद थोड़ा पानी पीते रहें। संभव हो तो शिकंजी का सेवन भी करते रहें, इस तरह शरीर में पानी की कमी नहीं हो पाएगी।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरी आंखों के आस-पास डार्क सर्कल्स हो गए हैं। ये लगातार गहरे होते जा रहे हैं। कृपया इस समस्या से निजात पाने का तरीका बताएं?**

**-राजेश, जगदलपुर**

जैसा कि आप बता रहे हैं, आंखों के नीचे डार्क सर्कल गहरे होते जा रहे हैं। इसलिए आपको तुरंत शरीर में खून की जांच यानी एचबी टेस्ट करवाना चाहिए, क्योंकि शरीर में खून की कमी से यह समस्या सबसे पहले देखी जाती है। इसके साथ ही आपको किसी फिजिशियन से संपर्क करना चाहिए, जो बीमारी का कारण पता लगाकर उसका उपचार शुरू करेंगे।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। गर्मियां आते ही मेरे चेहरे पर लाल-लाल दाने निकल आते हैं। साथ ही पूरे शरीर पर रैशेज भी होने लगते हैं। प्लीज इस समस्या से बचने का कोई तरीका बताएं?**

**-मेहुल, दिल्ली**

आपकी समस्या पढ़कर लग रहा है कि आपको धूप से एलर्जी है और घर से बाहर यानी धूप में निकलने पर आपको दाने पड़ जाते हैं। इसलिए कोशिश करें कि धूप में घर से बाहर कम से कम निकलें। अगर निकलना जरूरी है तो चेहरा और शरीर पूरी तरह ढंक कर निकलें। इसके साथ ही किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर कोई क्रीम का नाम लिखवा लें, इसे धूप में निकलने से पहले जरूर लगाएं, इस तरह आपको अपनी समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 51 वर्ष है। पिछले कुछ समय से घर से बाहर निकलने पर मुझे लगातार खांसी और छींकें आने लगती हैं। क्या ये एलर्जी के लक्षण हैं? इस समस्या से बचने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-लोकेश, रोहतक**

इस तरह की समस्या काफी लोगों में देखी जा रही है। ऐसे लोगों को घर से बाहर निकलते ही छींक आना और खांसी आनी शुरू हो जाती है। इसलिए आप कोशिश करें कि घर से बाहर मास्क लगाकर निकलें। इसके अलावा सुबह और शाम गर्म पानी में नमक डालकर गरारा जरूर करें।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। मेरा पेट हमेशा भरा हुआ सा लगता है, जबकि मेरी डाइट नॉर्मल है। मोशन भी क्लीयर होता है। ऐसा क्यों हो रहा है, कृपया इसका समाधान बताएं।**

**-अवधेश, बिलासपुर**

आपकी पाचन क्रिया प्रभावित लग रही है, क्योंकि जब पेट भरा हुआ लगता है, तो इसका मतलब यह है कि खाना ठीक से डाइजेस्ट नहीं हो रहा है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा, जैसे दोपहर में खाने के साथ सलाद और दही या छाछ जरूर लेना चाहिए। इसके अलावा नियमित रूप से एक फल खाएं। रात में डिनर करने के बाद तुरंत सोएं नहीं। सोने और डिनर के बीच में कम से कम 3 घंटे का अंतराल होना चाहिए और सुबह सैर जरूर करें। इन उपायों से आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। मेरी जीभ पर अकसर लाल दाने हो जाते हैं, इस वजह से खाना बहुत तीखा लगता है। कृपया इसका कोई उपचार बताएं।**

**-आकाश, हिसार**

जीभ में या मुंह में दाने पड़ना पाचन क्रिया से जुड़ा होता है। आपको खाना ठीक से डाइजेस्ट नहीं हो रहा है, इसलिए आपको अधिक तला-भुना और मिर्च-मसाले वाला खाना नहीं खाना चाहिए। साथ ही खाने में सलाद, दही, छाछ जरूर लेना चाहिए। रात में हल्का खाना जैसे-दलिया या खिचड़ी खाएं। इस तरह आपको आराम मिलेगा। *

**प्रस्तुति:रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

हेल्थ एडवाइस

**शिखर चंद जैन**

अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर कॉन्शस अधिकांश लोग वॉकिंग जरूर करते हैं। लेकिन वॉकिंग को अगर सही तरीके से और अलग-अलग रूपों में किया जाए तो इससे कई तरह के फायदे मिलते हैं। विभिन्न स्टडीज और दुनिया के कई एक्सपर्ट्स की राय के आधार पर हम यहां आपको बता रहे हैं, डिफरेंट टाइप की वॉकिंग और इसके फायदों के बारे में।

## तन-मन की फिटनेस मेंटेन रखे वॉकिंग

लगभग सभी डॉक्टर्स, शरीर को फिट रखने के लिए नियमित रूप से वॉक करने का सुझाव देते हैं। बहुत सारे हेल्थ कॉन्शस लोग खुद के लिए रोजाना 10,000 स्टेप्स का लक्ष्य रखते हैं। ऐसी धारणा भी है कि दिन में व्यक्ति को कम से कम 2200 स्टेप तो जरूर चलना ही चाहिए।

### क्या कहती हैं स्टडीज

हाल ही में प्रकाशित ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन की रिपोर्ट कहती है कि दिन के 2200 स्टेप्स चलना, हार्ट से जुड़ी बीमारियों और डायबिटीज का जोखिम कम कर सकता है। साथ ही इसमें यह भी कहा गया है कि डेली 9000 स्टेप्स ज्यादा कारगर साबित होते हैं। लेकिन सिर्फ ज्यादा स्टेप काउंट वाली वॉकिंग से ही लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों का जोखिम कम नहीं होता है। इसलिए वॉकिंग के विभिन्न प्रकार और फायदों के बारे में जानना जरूरी है।

### हार्ट की होती है एक्सरसाइज

कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर कीथ बार का कहना है कि वॉकिंग की शुरुआत में कदम गिनना अकसर मददगार होता है लेकिन जब एक बार आपकी आदत 6000 से 8000 कदमों तक पहुंच जाए तो चलने की गति पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

कीथ बार के अनुसार, चलने से मांसपेशियां सिकुड़ जाती हैं, जिससे पैरों से ब्लड हार्ट तक पहुंचता है। इससे हार्ट पर जोर पड़ता है। यानी वॉकिंग करने से समय के साथ आपका हृदय मजबूत और एक्टिव बनता है। तेज चलने का उद्देश्य केवल अधिक कैलोरी घटाना ही नहीं बल्कि हार्ट को मजबूत करना भी होता है। यही नहीं घर से बाहर जब आप प्रकृति के करीब वॉक करते हैं तो आपका तनाव भी घटता है।

### करें डिफरेंट टाइप वॉकिंग

वॉकिंग करने का सबसे अच्छा फायदा यह है कि इसके साथ कई तरह के प्रयोग किए जा सकते हैं। आइए अलग-अलग एक्सपर्ट्स से जानते हैं डिफरेंट टाइप की वॉकिंग और उनसे मिलने वाले फायदे के बारे में।

**इम्यूनिटी बढ़ाए टच वॉक :** जब हम पेड़-पौधों को रोज टच करते हुए वॉक करते हैं तो न सिर्फ हमारा इम्यून सिस्टम मजबूत होता है बल्कि हमें



मानसिक शांति भी मिलती है। अमेरिकी वैज्ञानिक और थेरेपी एक्सपर्ट व्हिटनी कुल्टर इसकी वजह बताते हैं। उनके अनुसार, 'वॉक करते समय पेड़-पौधों को टच करना इसलिए फायदेमंद होता है क्योंकि उन पर मौजूद धूल में पाए जाने वाले बैक्टीरिया हमारे शरीर में इन्फ्लेमेशन को घटाते हैं और तनाव कम करते हैं।'



**लेग्स एक्सरसाइज के लिए हिल वॉक:** चढ़ाई वाले रास्तों पर चलना भी बहुत फायदेमंद होता है। शुरू-शुरू में सामान्य गति से ही हिल वॉक करें लेकिन धीरे-धीरे अपनी स्पीड बढ़ाने का प्रयास करें। जब आपकी गति बढ़ जाए तो इसके बाद आप हिल यानी वास्तविक चढ़ाई वाले रास्तों पर पैदल चलना शुरू करें। पहाड़ों पर चढ़ाई करना अपनी फिटनेस को मेंटेन करने का एक अच्छा तरीका है। सपाट रास्ते पर 12 या 15 हजार स्टेप चलने से बेहतर है कि आप चढ़ाई वाले रास्तों पर चलें। ब्रिटिश माउंटेनियरिंग काउंसिल के अनुसार, इस दौरान शरीर क्या महसूस कर रहा है और कौन-सी मांसपेशी पर ज्यादा जोर पड़ रहा है, उसे महसूस करें। कुछ मिनट के लिए ढलान पर उतरें और फिर चढ़ें। इससे पीठ, कमर, पैर, अंगुलियों, कंधों और पिंडलियों तक की बहुत अच्छी एक्सरसाइज होती है।



**मूड बेहतर करे सेंट वॉक:** 'जॉब फ्रॉम फियर' की लेखिका और क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट कार्लो मेरी मैनली कहती हैं, 'जब हम अपना ध्यान किसी स्पेसिफिक सेंसर जैसे कि वातावरण में उपस्थित महक पर लगाते हैं तो हम स्वाभाविक रूप से वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करते हैं। सेंट वॉक का अनुभव हमें दिमागी भाग-दौड़ से दूर करता है, इससे तनाव घटता है और मूड बेहतर बनता है।'


**मेडिटेशन में हेल्पफुल स्पिरिट वॉक:** चलते हुए ध्यान लगाने में स्पिरिट वॉक मददगार होता है। आस-पास सैकड़ों लोगों के मौजूद होने के बावजूद खुद अपने भीतर प्रकृति से बात करना पूजा करने जैसा महसूस होता है। स्पिरिट वॉक करने के लिए चलते समय सांसों और कदमों पर ध्यान लगाएं। इससे कुछ देर बाद आप माइंडफुलनेस की स्थिति में पहुंच जाएंगे। इसके बाद आप प्रार्थना कर सकते हैं या फिर जो भी आपके पास उपलब्ध हो, उसके लिए ईश्वर के प्रति आभार जता सकते हैं। इससे आपको सुकून मिलेगा।



**हार्ट रेट इंप्रूव करे रकिंग वॉक:** नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिसिन की डॉक्टर सादिया खान सलाह देती हैं कि चलने की तीव्रता को और अधिक बढ़ाने के लिए बैकपैक में अपनी क्षमता के अनुसार कुछ वजन लेकर चलना शुरू करें। इसे रकिंग कहते हैं। यानी कुछ भारी समान अपनी पीठ पर लेकर चलने की आदत डालें। इससे वॉकिंग के दौरान आपका हार्ट रेट बढ़ेगा, जो हार्ट की क्षमता को बेहतर करता है। हालांकि रकिंग शुरू करने से पहले एक्सपीरियंस्ड ट्रेनर से इसकी ट्रेनिंग जरूर लेनी चाहिए।

अनेक स्टडीज और दुनिया के कई एक्सपर्ट्स की राय से साबित होता है कि आप डिफरेंट टाइप की वॉकिंग से ही अपनी फिटनेस को काफी हद तक मेंटेन रख सकते हैं। *

### ब्रेन बनता है फिट-कूल



**तेज गति** से वॉक करने की प्रक्रिया पूरे शरीर में रक्त और ऑक्सीजन के फ्लो को बढ़ाती है। 'वॉक योर वे कॉम' पुस्तक की लेखिका जेनिफर वाल्स कहती हैं, जैसे ही आप चलना शुरू करते हैं, मस्तिष्क में ब्लड फ्लो बढ़ना शुरू हो जाता है। यह न केवल दिमाग को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करता है बल्कि नियमित वॉक से फील गुड हार्मोन एंडोर्फिन भी रिलीज होता है, जो डिप्रेशन और एंग्जायटी को कम करने में मददगार होता है। इस तरह ब्रेन फिट और कूल रहता है।

डाइट सजेशन

**डॉ. सुधा मौर्य**

हेल्दी रहने के लिए ऐसी डाइट लेनी चाहिए जिसमें सभी न्यूट्रिएंट्स हों। लेकिन दुनिया भर के कई हेल्थ एक्सपर्ट्स हेल्दी-एनर्जेटिक रहने के लिए वीगन डाइट फॉलो करने की सलाह देते हैं। इस बारे में आप भी जरूर जानना चाहेंगे।


## रहें हेल्दी-एनर्जेटिक फॉलो करें वीगन डाइट

बीते कुछ वर्षों से पूरी दुनिया में वीगन और वेजीटेरियन डाइट का ट्रेंड बढ़ रहा है। वीगन डाइट पूरी तरह से प्लांट बेस्ड होता है। पौधों से प्राप्त होने वाली सब्जियों, अनाज, नट और फल को वीगन डाइट कहते हैं। इसमें डेयरी उत्पादों और अंडों सहित जानवरों से मिलने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करते हैं। वेजीटेरियन डाइट में डेयरी प्रोडक्ट और दूध का सेवन कर सकते हैं लेकिन वीगन डाइट में जानवरों से प्राप्त किसी भी खाद्य पदार्थ का सेवन नहीं किया जाता है। इसमें मटन, चिकन, मछली, अंडे, पनीर, मक्खन, दूध, क्रीम, दही, छाछ, मेयोनेज, शहद का सेवन नहीं किया जाता है।

### कई रोगों से बचाने में कारगर



कई अध्ययनों से पता चलता है कि वीगन डाइट का सेवन करने से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करना आसान होता है क्योंकि इसमें कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट की ज्यादा मात्रा होती है, जिससे हाई बीपी नियंत्रण में रहता है। नॉनवेज डाइट में सैचुरेटेड फैट होता है, जो अधिक मात्रा में खाने पर हृदय संबंधी समस्याओं को बढ़ाता है। वीगन डाइट बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) को 25% तक कम कर सकता है। साथ ही वीगन डाइट टाइप 2 डायबिटीज होने के रिस्क को 34% तक कम कर सकता है और मोटापे का रिस्क भी कम करता है। इसकी वजह यह है कि इसमें खाए गए खाद्य पदार्थ धीरे-धीरे पचते हैं, जिससे भूख कम लगती है। इस तरह यह वजन कम करने का स्वस्थ और प्रभावी तरीका है क्योंकि इसमें शरीर को कैलोरी मिलती है लेकिन फैट जमा नहीं होता है। यह कैंसर के रिस्क को भी कम करता है क्योंकि इसमें एंटी कैंसरस न्यूट्रिएंट्स विटामिन, फाइबर, फाइटोकेमिकल्स पाए जाते हैं। यह दिमाग को भी फायदा पहुंचाता है



और अल्जाइमर के डेवलपमेंट को धीमा कर देता है। अध्ययन में यह पाया गया है कि प्रतिदिन 100 ग्राम फल और सब्जियां खाने से कॉगनेटिव लॉस और डिमेंशिया का जोखिम 13% तक कम हो जाता है। यह स्ट्रोक के खतरे को भी कम करता है। इसके अलावा डिप्रेशन और एंग्जाइटी की समस्या भी इस डाइट को खाने से दूर होती हैं। इसमें प्रोटीन और आयरन भरपूर मात्रा में होता है, जिससे ऊर्जा का स्तर बढ़ता है, थकावट महसूस नहीं होती और शरीर मजबूत बनता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स, कई विटामिंस और मिनरल्स की अत्यधिक मात्रा होने से शरीर डिटॉक्स होता है, जिससे हम स्वस्थ रहते हैं। वीगन डाइट की एक खासियत यह भी है कि इसमें फाइबर ज्यादा होता है और मेटाबॉलिज्म के बाद इसमें वेस्ट प्रोडक्ट कम बचता है, इससे शरीर में फैट जमा नहीं होता है। इससे इंसान पूरी तरह स्वस्थ रहता है और लंबी जिंदगी जीता है।

### इसका भी रखें ध्यान

वीगन डाइट लेने के अनेक फायदे होने के साथ-साथ कभी इसकी वजह से एनीमिया, हार्मोन के असंतुलन, विटामिन-बी 12 की कमी और ओमेगा 3 फैटी एसिड की कमी से अवसाद होने की आशंका रहती है। इसलिए अपने भोजन में प्रोटीन, विटामिन-बी 12, विटामिन-डी, आयोडीन, जिंक और ओमेगा 3 जरूर शामिल करना चाहिए। इससे कभी-कभी ईटिंग डिसऑर्डर की समस्या अर्थोरेक्सिया भी हो जाती है, जिसमें लोगों को ज्यादा खाने की चाह उठती है और वे बहुत खाने लगते है। इसलिए वीगन डाइट अपनाने से पहले डॉक्टर और डाइटीशियन से कंसल्ट कर लेना चाहिए। *

फिटनेस फंडा/ **जान खान**

## मैं कितना भी बिजी रहूं एक्सरसाइज जरूर करता हूं

एक्टर जान खान इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट के शो 'कुछ रीत जगत की ऐसी है' में नंदिनी के पति नरेन रतनशी के रोल में दिख रहे हैं। **हरिभूमि** को वे अपना फिटनेस मंत्र बता रहे हैं, अपनी जुबानी।



**डाइट प्लान :** जहां तक मेरे रूटीन डाइट प्लान की बात है तो मैं रोज सुबह म्यूसली के साथ बादाम-दूध और ड्राई फ्रूट्स जरूर लेता हूं। इसके अलावा मैं रोज सुबह च्यवनप्राश भी खाता हूं। यह हैबिट बचपन से ही है। मैं अपनी डाइट को लेकर पूरी तरह कॉन्शस रहता हूं। इसीलिए मैं जंक फूड्स को अवॉयड ही करता हूं।

**वर्क-आउट शेड्यूल :** मैं अपने वर्क-आउट शेड्यूल को लेकर स्ट्रिक्ट रहता हूं। चाहे कितना भी बिजी क्यों न रहूं, एक्सरसाइज के लिए वक्त निकाल ही लेता हूं। शूटिंग की शिफ्ट अगर सुबह नौ बजे की होती है, तो मैं सुबह सात से साढ़े आठ बजे तक वर्क-आउट करता हूं। अगर सुबह सात बजे की शिफ्ट हो, तो मैं शाम या रात में वर्क-आउट करता हूं। मैं फिट, हेल्दी और एक्टिव रहने के लिए एक्सरसाइज करता हूं। मुझे कोई बॉडी बिल्डर भी नहीं बनना है, इसलिए वेट लिफ्टिंग या हार्डकोर एक्सरसाइज के बजाय मैं कार्डियो, पुशअप्स, चिनअप्स और बॉडी वेट एक्सरसाइज अधिक करता हूं। *

**प्रस्तुति: सेहत डेस्क**






## खबर संक्षेप



### आरबीआई ने कोणार्क अर्बन बैंक पर लगाया प्रतिबंध

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महाराष्ट्र के उल्हासनगर स्थित द कोणार्क अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक पर पैसा निकालने सहित कई प्रतिबंध लगाए। बैंक पर ये प्रतिबंध उसकी खराब वित्तीय स्थिति को देखते हुए लगाए गए हैं। पात्र जमाकर्ता जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम से अपनी जमा राशि में से पांच लाख रुपये तक की जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने के हकदार होंगे।

### टाटा एलेक्सी का शुद्ध लाभ 2.2 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता टाटा एलेक्सी का मार्च में समाप्त चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 2.2 प्रतिशत घटकर 196.93 करोड़ रुपये रहा। टाटा एलेक्सी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 201.51 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 905.94 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 837.91 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि उसका कुल खर्च बढ़कर 677.21 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 613.39 करोड़ रुपये था।

### दूरसंचार सेवा क्षेत्र का एजीआर 1.8 प्रतिशत बढ़ा : ट्राई

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा क्षेत्र का समायोजित सकल राजस्व अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में तिमाही आधार पर 1.88 प्रतिशत बढ़कर 67,835 करोड़ रुपये हो गया। दूरसंचार नियामक ट्राई के जारी आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2023 तिमाही में दूरसंचार क्षेत्र का एजीआर एक साल पहले की समान तिमाही के मुकाबले 7.84 प्रतिशत बढ़ गया।

# एस्टन मार्टिन ने भारत में लांच की नई वैंटेज स्पोर्ट्स कार, कीमत है 3.99 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ब्रिटिश कंपनी एस्टन मार्टिन ने पिछले साल लग्जरी कार ब्रैंड ने भारत में डीबी12 मॉडल लांच किया था और अब नई वैंटेज स्पोर्ट्स कार लांच की गई है, जिसकी एक्स शोरूम प्राइस 3.99 करोड़ रुपए है। ग्राहक अगर इसे कस्टमाइज कराते हैं तो फिर उन्हें इसके पैसे ऊपर से देने होंगे।

नई एस्टन मार्टिन वैंटेज नए अवतार में और ज्यादा जबरदस्त लगती है। रिफोकस्ड डिजाइन और धांसू फीचर्स के साथ वैंटेज अब नई पीढ़ी के ग्राहकों को भी पसंद आएगा वैंटेज जोरदार पावर, रेजर-शार्प हैंडलिंग, बेहतर तरीके से ट्यून किए गए फ्रंट-इंजन और रियर-व्हील ड्राइव चेसिस का कॉम्बो है, जो कि इसे स्पोर्ट्स कार लवर्स की फेवरेट बनाने के लिए काफी है। नई वैंटेज में एस्टन मार्टिन की मशहूर वन-77 सुपरकार से इंस्पायर्ड डिजाइन के साथ ही मजबूत लुक और प्रजेंस दिखता है। इसमें बेहतर ग्रिल से लेकर इसके चौड़े व्हील आर्च तक, हर डिटेल पावर और बैलेंस का परिचय देते हैं। नई एस्टन मार्टिन वैंटेज 2 डोर कार है और इसमें विशेष रूप से तैयार एकदम नया अल्ट्रा-लग्जरी इंटीरियर, अपग्रेडेड इन्फोटेनमेंट सिस्टम, बोवर्स एंड विल्किंस ऑडियो सिस्टम, वेरिएबल इलेक्ट्रिकल पावर असिस्टेंस स्टीयरिंग, वेंटिलेटेड सीट्स समेत काफी सारी खूबियां हैं।

## स्पोर्ट्स कार की टॉप स्पीड 325 किलोमीटर प्रति घंटे

### 3.4 सेकेंड में 100 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार

टेक्निकल खूबियों में इंडस्ट्री-लीडिंग ऐक्टिव वीइकल डायनैमिक्स, बिलस्टीन डीटीएक्स अडैप्टिव डैम्पर्स, इलेक्ट्रॉनिक रियर डिफरेंशियल और 21 इंच मिशेलिन पायलट 5 टायर शामिल हैं। इस स्पोर्ट्स कार की टॉप स्पीड 325 किलोमीटर प्रति घंटे की है और इसे 0-100 किलोमीटर प्रति घंटे जाने में महज 3.4 सेकेंड लगते हैं।



### पावरफुल इंजन और धांसू स्पीड

नई एस्टन मार्टिन वैंटेज में परफेक्ट 50:50 वेट डिस्ट्रीब्यूशन के साथ 4.0 वी8 ट्विन टर्बो इंजन दिया गया है, जो कि 665 पीएस की मैक्सिमम पावर और 800 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करता है। इसमें चेसिस और पावर को मैक्सिमम रोमांच और ड्राइवर इंगेजमेंट देने के लिए ट्यून किया गया है। वैंटेज में 8 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन दिया गया है।

उच्चतम न्यायालय के फैसले में किसी तरह का बदलाव नहीं

# 2जी फैसला बदलने की कोशिश नहीं, केवल रक्षा उपग्रह क्षेत्र के लिए नीलामी के बगैर आवंटन

**उपग्रह संचार और रक्षा जैसे विशिष्ट क्षेत्रों को दायरे में नहीं रखा गया**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए नीलामी को अहमियत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले में किसी भी तरह के बदलाव की कोशिश नहीं कर रही है। एक शीर्ष सूत्र ने बुधवार को यह बात कही।

> सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2012 के फैसले में नीलामी को माध्यम बनाने का दिया था निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2012 के अपने फैसले में दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को ही माध्यम बनाने का निर्देश दिया था। हालांकि उपग्रह संचार और रक्षा जैसे विशिष्ट क्षेत्रों को इसके दायरे में नहीं रखा गया था। सूत्र ने कहा कि सरकार ने पिछले साल 15 दिसंबर को शीर्ष अदालत में एक अर्जी दायर कर कुछ विशिष्ट क्षेत्रों को स्पेक्ट्रम आवंटन के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की गुहार लगाई थी।

### नीलामी के बगैर आवंटन का आग्रह

इसमें विशिष्ट उद्देश्यों वाले क्षेत्र जैसे उपग्रह संचार, रक्षा बलों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, मेट्रो या रेलवे संचालन के लिए नीलामी के बगैर स्पेक्ट्रम आवंटित करने को लेकर स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया गया था। याचिका दिसंबर के अंत में संसद में दूरसंचार विधेयक को पारित करने से पहले दायर की गई थी।



### नए विधेयक में 19 छूटें दी गई

यह याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए रखी गई। नये विधेयक में 19 छूटें दी गयी हैं। सूत्र ने अदालत के समक्ष याचिका आने के बाद उपजे विवाद को 'बेमतलब' बताते हुए कहा कि सरकार से 2जी फैसले को बदलने जैस सवाल किए जा रहे हैं।

### आवाज व डेटा सिग्नल प्रसारण में होता है

इसका उपयोग मोबाइल फोन के लिए आवाज और 'डेटा सिग्नल' प्रसारित करने के लिए किया जाता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने जुलाई 2008 के अपने फैसले में कहा था कि इस तरह के आवंटन के लिए इस्तेमाल की गई सितंबर 2007 की 'कट-ऑफ' तारीख अवैध थी।

### स्पेक्ट्रम नीलामी सबसे अच्छा

आवेदन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि हम न्यायालय के फैसले से सहमत हैं। इस बात से सहमत हैं कि स्पेक्ट्रम नीलामी सबसे अच्छा विकल्प है। लेकिन समुद्री, रक्षा और मेट्रो सुरक्षा आदि जैसे कुछ क्षेत्र हैं, जिनके बारे में चीजें स्पष्ट नहीं हैं।

### मस्क, एयरटेल व अमेजन को मिल सकती है राहत

इसमें साफ किया गया था कि सरकार क्या करना चाहती है। प्रशासनिक आवंटन मार्ग से एलन मस्क की स्टारलिंक, भारती एयरटेल के वनवेब और अमेजन की प्रोजेक्ट कुइपर जैसे अंतरिक्ष दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को काफी राहत मिल सकती है क्योंकि उन्हें नीलामी प्रक्रिया से गुजरे बिना स्पेक्ट्रम मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा।

### नीलामी इस साल जून में

दूरसंचार के लिए स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी इस साल जून में होने वाली है।सूत्र ने कहा कि इस मुद्दे पर सभी संबद्ध पक्षों से परामर्श किया गया लेकिन न्यायालय से परामर्श करने का कोई तरीका नहीं है। लिहाजा न्यायालय को सूचित करने तथा उसकी राय जानने को आवेदन दायर किया गया था।

# दो सत्रों की गिरावट के बाद सोना, चांदी में तेजी लौटी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में दो सत्रों के बाद तेजी लौट आई। सोना 410 रुपये की तेजी के साथ 72,610 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

> ■ सोने में 410 और चांदी में 250 रुपए की रही बढ़त

चांदी की कीमत भी 250 रुपये बढ़कर 83,750 रुपये प्रति किलो हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि दिल्ली में सोना 410 रुपये चढ़कर 72,610 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह, चांदी की कीमत भी 250 रुपये की तेजी के साथ 83,750 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इसका पिछला बंद भाव 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजार में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 72,610 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। यह पिछले बंद भाव से 410 रुपये अधिक है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,322 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 12 डॉलर मजबूत है।

### सोने की कीमत अब अमेरिकी जीडीपी पर टिकी

ब्लिंकएक्स और जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज में शोध उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा) प्रणव मेर ने कहा, सअब तक सोने की कीमतों में स्थिर चाल देखी जा रही है। अब नजरें बृहस्पतिवार को अमेरिकी जीडीपी आंकड़े और शुक्रवार को व्यक्तिगत उपभोग व्यय (पीसीई) मुद्रास्फीति पर टिकी रहेंगी।

# शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन रही मामूली तेजी



एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच धातु और जिंस शेयरों में खरीदारी आने से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त में रहे और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी चढ़कर बंद हुए।

हालांकि विश्लेषकों ने कहा कि दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली होने से इस तेजी पर काफी हद तक लगाम लग गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 114.49 अंक चढ़कर 73,852.94 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 34.40 अंक बढ़कर 22,402.40 अंक पर पहुंच गया।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"आईटी और कुछ अन्य दिग्गज कंपनियों के अपेक्षाकृत कमजोर नतीजों से भारतीय बाजार में थोड़ी निराशा है।

### इन शेयरों में रही बढ़त

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं।

### इन शेयरों में रही गिरावट

दूसरी तरफ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, मारुति, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाइटन के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.79 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक 0.92 प्रतिशत चढ़ गया।

# कोविड के बाद बुनियादी ढांचे के निवेश में असमान उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पीके मिश्रा ने बुधवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान बुनियादी ढांचे में निवेश में गिरावट आई थी और इस क्षेत्र में आई हालिया उछाल बेहद असमान है जहां विकासशील देश पिछड़ते दिख रहे हैं।

मिश्रा ने यहां आपदा-रोधी बुनियादी ढांचे पर छठे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा और जलवायु जोखिम बढ़ रहे हैं और अगर देश बुनियादी ढांचे की प्रणालियों में लचीलापन नहीं लाते हैं तो उन्हें पुनर्निर्माण के लिए अधिक निवेश करने को मजबूर होना पड़ेगा। मिश्रा ने कहा, 'महामारी के दौरान बुनियादी ढांचे के निवेश में गिरावट आई और हाल ही में हम लगातार पुनरुद्धार देख रहे हैं। हालांकि, यह उछाल बेहद असमान है, जिसमें विकासशील देश पिछड़ रहे हैं।

# टेस्ला को झटका, पहली तिमाही में मुनाफे में 55 फीसदी की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरबपति कारोबारी एलन मस्क की कंपनी टेस्ला ने अपने तिमाही नतीजे घोषित किए हैं और इसमें कंपनी के प्रदर्शन को लेकर कुछ खास अच्छी खबर नहीं हैं। टेस्ला के तिमाही नतीजों में इसके मुनाफे में बड़ी गिरावट देखी गई है और ये साल 2020 के बाद पहली बार है जब कंपनी के राजस्व में गिरावट दर्ज की गई हो। साल 2024 की पहली तिमाही में टेस्ला के नतीजों से पता चला है कि ईवी मार्केट में टेस्ला की कारों को लेकर रुझान कम हुआ है।



मार्च में खत्म हुई पहली तिमाही में टेस्ला के नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध मुनाफे में 55 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है और ये 1.13 बिलियन डॉलर पर आ गई है। इससे पिछले साल की समान तिमाही में ये मुनाफा 2.51 बिलियन डॉलर पर रहा था।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सत्यनारायण मेमोरियल हेल्थ केयर
डॉ. संजीव कुमार सिंह
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (इंटर्नल मेडीशीन)
मो. 9669109366, 7992636477
सोमवार से शनिवार- समय : शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार- सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
इकोकार्डियोग्राफी
मधुमेह, हृदय से संबंधित रोग
ब्लड प्रेशर से संबंधित
थॉयराइड से संबंधित
ग्राउण्ड फ्लोर ऑर्बिट कॉम्प्लेक्स, सुन्दर नगर, रायपुर - 492001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
(राज्य और शहर के प्रसिद्ध 22 सालों से क्षेत्र में अनुभवी)
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव (राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित)
विशेषज्ञ- वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मो. 9179455561, 9039050422
अशोक विहार, स्ट्रीट नो 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट सामने, पंडरी, रायपुर; मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने 'पहचान कौन 3.0' कैंपेन किया रिलीज

**डीपफेक स्कैम की धोखाधड़ी से बचाने बढ़ाएगी जागरूकता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक बैंक ऑफ बड़ौदा ने बुधवार को अपने बैंकिंग धोखाधड़ी जागरूकता अभियान 'पहचान कौन 3.0' को रिलीज किए जाने की घोषणा की। इस नए अभियान का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से होने वाले डीपफेक स्कैम जैसी आधुनिक युग की धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, क्योंकि इससे अत्यधिक सतर्कता बरतने वाले ग्राहक भी इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार बन सकते हैं।

बैंक ने पहचान कौन अभियान के तीसरे चरण में जाने-माने अभिनेता कुणाल रॉय कपूर द्वारा अभिनीत दो नई विज्ञापन फ़िल्में रिलीज की हैं। हंसी-मजाक के साथ जानकारी से भरे कंटेंट्स वाले ये वीडियो बताते हैं कि कोई भी व्यक्ति किस तरह से अंत में धोखे का शिकार बन सकता है।

इस मौके पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक लाल सिंह ने कहा कि आजकल लोगों को ठगने के उद्देश्य से की जाने वाली ऑनलाइन धोखाधड़ी बड़ी सामान्य बात हो गई है और यह खतरा लगातार बना हुआ है। इसके अलावा नई तकनीक के आने के बाद से पैसों की ठगी करने वाले लोगों के काम करने के तरीकों में भी बदलाव आया है। इसलिए सबसे जरूरी बात है कि हम सभी बहुत ज्यादा सावधानी बरतें और संभावित धोखाधड़ी की पहचान करना सीखें।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर
1231 चौके
712 छक्के

# तीरंदाजी विश्व कप : भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड टीम स्वर्ण पदक से एक कदम दूर

एजेंसी ▶▶ शंघाई

भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को यहां सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप में फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। इसके साथ ही धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ तीसरा स्थान हासिल किया।

अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की। भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी।



### 235-233 अंक से कोरिया को हराया

*भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा। सेमीफाइनल में रोमांचक जीत के बाद अभिषेक ने कहा, 'आज हमारा समन्वय अच्छा था और हमने हवा को अच्छी तरह से भांप कर उसका सही इस्तेमाल किया। सेमीफाइनल हमेशा कड़ा मुकाबला होता है। हमने अच्छी तैयारी की थी और इस बात की खुशी है कि हम फाइनल में पहुंचने में सफल रहे।'*



### महिला टीम के सामने इटली की चुनौती

महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्की और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाए।

### तीसरे स्थान पर रहे बोम्मदेवरा

बोम्मदेवरा ने क्वालीफिकेशन में 693 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने तरूणदीप राय द्वारा बनाए गए 689 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। शुरुआती दौर में उनका मुकाबला चेक गणराज्य के एडम ली से होगा। तरुणदीप 684 के स्कोर के साथ सातवें स्थान के साथ दूसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय रहे। प्रवीण जाधव 672 के स्कोर के साथ 25वें स्थान पर रहे।

### अंकिता ने किया 664 स्कोर

महिला वर्ग में अंकिता भक्त ने 664 के स्कोर के साथ 25वें स्थान पर क्वालीफाई किया, उसके बाद कौर भजन और पूर्व विश्व नंबर एक दीपिका कुमारी रहीं, जिन्होंने क्रमशः 657 और 656 का स्कोर हासिल किया। कोमलिका बारी 636 अंक के बाद क्वालिफिकेशन तालिका में 57वें स्थान पर रही। भारतीय टीम 1977 अंक के साथ कुल मिलाकर छठे स्थान पर है। रिकर्व के एकल वर्ग में शीर्ष 64 तीरंदाज मुख्य प्रतियोगिता में जगह बनाते हैं।

## खबर संक्षेप




### चाओबा देवी राष्ट्रीय कोच बनने को तैयार

**नई दिल्ली।** आईएम विजयन की अगुवाई वाली अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबॉल कोच पद के लिए की है जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। देवी (51 वर्ष) ने फिलीपींस में 1999 एशियाई चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं। मणिपुर की इस खिलाड़ी ने 1998 बैंकाक एशियाई खेलों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था।

### आस्ट्रेलिया के लिए खेलने को बेताब हैं स्टोइनिस

**चेन्नई।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया का 2024-25 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध नहीं मिलने के बावजूद आल राउंडर मार्कस स्टोइनिस



चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बने शतक का इस्तेमाल अपने सफेद गेंद के करियर को आगामी टी20 विश्व कप से आगे बढ़ाने के लिए करना चाहते हैं। स्टोइनिस को आस्ट्रेलिया की 23 सदस्यीय खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 63 गेंद में नाबाद 124 रन की पारी खेली।

### दोहा में हुई श्रीशंकर की घुटने की सर्जरी


**नई दिल्ली।** भारत के लंबी कूद के दिग्गज एथलीट मुरली श्रीशंकर की चोटिल घुटने की दोहा में सर्जरी हुई। वह इस चोट कारण जुलाई-अगस्त



में होने वाले पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं। पच्चीस साल की खिलाड़ी की दोहा में सर्जरी हुई। श्रीशंकर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'दोहा के एस्पिटर अस्पताल में डॉ. ब्रूनो ओलोरी के नेतृत्व में सर्जरी सफल रही। इस कठिन दौर में आपके प्यार और आशीर्वाद के लिए आप सभी को धन्यवाद। मैं सर्जरी के 18 घंटे बाद ही चलने में सक्षम हूं।' डॉ. ओलोरी फ्रांस के आर्थोपेडिक सर्जन हैं।

### आईटीएफ के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन नहीं रहे

**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। खेल की संचालन संस्था ने इसकी जानकारी दी।



आईटीएफ ने कहा कि टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। टेनिस आस्ट्रेलिया के पूर्व अध्यक्ष ज्योफ पोलार्ड ने भी बुधवार को ओसनिया टेनिस महासंघ को संदेश में टोबिन के निधन की पुष्टि की। आस्ट्रेलिया के पर्थ में जन्मे टोबिन आईटीएफ के पहले पूर्ण कालिक अध्यक्ष बने थे, जब उन्हें 1991 से 1999 तक दो कार्यकाल के लिए चुना गया था।

## आईपीएल : चौथे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी

# पंत और अक्षर का तूफान, दिल्ली की चौथी जीत, चार रन से हारी गुजरात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस को चार रन से हरा दिया। दिल्ली के 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस की टीम आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी। टीम ने मौजूदा सीजन में चौथा मैच जीता है। इस जीत से दिल्ली के नौ मैच में चार जीत से आठ अंक हो गए हैं। टाइटंस के भी इतने ही मैचों में इतने ही अंक हैं लेकिन दिल्ली की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण उससे एक स्थान आगे छठे पायदान पर है।

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (नाबाद 88 रन) ने इससे पहले ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़कर टी20 विश्व कप की भारतीय टीम में जगह बनाने का दावा मजबूत किया। उन्होंने अक्षर पटेल (66 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंत ने अंत में ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 26) के साथ सिर्फ 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली की टीम अंतिम पांच ओवर में 97 रन जोड़ने में सफल रही।



### पंत का बड़ा विश्व रिकॉर्ड

अपनी पारी के दौरान पंत ने एक टी20 मैच में एक गेंदबाज के खिलाफ एक बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का एक बड़ा विश्व रिकॉर्ड बनाया। 26 वर्षीय पंत ने अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहित शर्मा की 18 गेंदों में 62 रन बनाए, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल हैं। यह दुनिया भर में किसी भी टी20 मैच में किसी भी बल्लेबाज द्वारा एक गेंदबाज के खिलाफ सिर्फ सबसे अधिक रन नहीं हैं, बल्कि किसी खिलाड़ी द्वारा एक गेंदबाज के खिलाफ एक ही पारी में 60+ रन बनाने का पहला रिकॉर्ड भी है।

### मोहित के नाम अनचाहा रिकॉर्ड

मोहित शर्मा ने चार ओवर में 73 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। उन्होंने इसी के साथ एक अनचाहा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। वह आईपीएल इतिहास के एक मैच में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड बासिल थम्पी के नाम था। उन्होंने 2018 में बेंगलुरु के खिलाफ 70 रन लुटाए थे।

### फिर लगेगा रनों का अंबार, बेंगलोर और हैदराबाद के बीच होगा मुकाबला

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में निचले पायदान पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी निगाह फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी। इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद ने तूफानी बल्लेबाजी दिखाई है।



स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पृथ्वी का नूर बो वारियर | 11 | 07 | 2 | 0 |
| मैकगर्क का नूर बो वारियर | 23 | 14 | 2 | 2 |
| अक्षर का साईं सुदर्शन बो नूर | 66 | 43 | 5 | 4 |
| होप का राशिद बो वारियर | 05 | 06 | 1 | 0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 88 | 43 | 5 | 8 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 26 | 07 | 3 | 2 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 224/4
गेंदबाजी : उमरजई 4-0-33-0, वारियर 3-0-15-3, राशिद 4-0-35-0, नूर 3-0-36-1, मोहित 4-0-73-0, शाहरूख 1-0-8-0, साई किशोर 1-0-22-0.

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहा का अक्षर बो कुलदीप | 39 | 25 | 5 | 1 |
| गिल का अक्षर बो नोर्किया | 06 | 05 | 1 | 0 |
| सुदर्शन का अक्षर बो रसिक | 65 | 39 | 7 | 2 |
| उमरजई का मैकगर्क बो अक्षर | 01 | 02 | 0 | 0 |
| मिलर का रसिक बो मुकेश | 55 | 23 | 6 | 3 |
| शाहरुख का पंत बो रसिक | 08 | 05 | 0 | 0 |
| तेवतिया का पंत बो कुलदीप | 04 | 11 | 3 | 1 |
| राशिद खान नाबाद | 21 | 06 | 0 | 2 |
| साई किशोर बो रसिक | 13 | 06 | 0 | 2 |
| मोहित शर्मा नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 220/8
गेंदबाजी : खलील 2-0-26-0, नोर्किया 3-0-48-1, रसिक 4-0-44-3, मुकेश 4-0-41-1, अक्षर 3-0-28-1, कुलदीप 4-0-29-2.

## खास खबर


### नरसिंह बने डब्लूएफआई एथलीट पैनल के अध्यक्ष



**वाराणसी।** राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता नरसिंह पंचम यादव बुधवार को यहां भारतीय कुश्ती महासंघ के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया जिससे खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की गई प्रक्रिया भी पूरी हो गई। आयोग के सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे और मतदान के बाद सात सदस्यों को चुना गया। इसके बाद उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिए नरसिंह को चुना। 2016 ओलंपिक से पहले टीम के सदस्य नरसिंह सुर्खियों में आ गए थे जब ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने उनके खिलाफ एक ट्रायल मुकाबले का अनुरोध किया था जबकि वह चोट के कारण क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे। सुशील ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उनकी अपील खारिज होने के बाद पुष्टि हो गई कि नरसिंह ही रियो ओलंपिक जाएंगे। लेकिन हैरानी की बात रही कि नरसिंह ओलंपिक से पहले कराई गई दो डोप जांच में विफल हो गए थे जिससे खेल पंचाट ने उन्हें चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने उन्हें यह कहते हुए पाक साफ करार कर दिया था कि वह साजिश के कारण डोप जांच में पॉजिटिव आए थे।

### भारत की अगुवाई करेंगी मुक्केबाज प्रीति

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में शुरू होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। एशियाई खेलों की



कांस्य पदक विजेता प्रीति ने 54 किग्रा वजन वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था। 20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैम्पियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता अल्फिया पठान (81 किग्रा) भी हिस्सा लेंगी। अंडर-22 और युवा प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में 25-25 भारतीय मुक्केबाज हिस्सा लेंगे। मुक्केबाजों का चयन ट्रायल्स में हुए शानदार प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के महासचिव हेमंत कलिता ने कहा, 'पूरे देश से कड़े प्रतिस्पर्धी ट्रायल्स के जरिए मुक्केबाजों का चयन किया गया है।

# सिफ्ट, नीरज ने जीता राइफल थ्रीपी का ओलंपिक चयन ट्रायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज सिफ्ट कौर सामरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन ओलंपिक चयन के पहले ट्रायल (ओएसटी टी1) शीर्ष पर रही जबकि पुरुष वर्ग में नीरज कुमार पहले और दूसरे दोनों ट्रायल में सबसे आगे रहे। विश्व रिकॉर्ड धारी सिफ्त को आशी चौकसे से कड़ी टक्कर मिली लेकिन 'प्रोन पोजिशन' में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने 3.7 अंक के अच्छे अंतर से जीत दर्ज की।

सिफ्ट ने 466.3 का स्कोर किया जबकि आशी ने नाम 462.6 अंक रहे। ओलंपियन अंजुम मौदगिल ने 449.2 के स्कोर के तीसरे जबकि निश्चल (433.6) और पेरिस कोटा धारक श्रियंका सदांगी (416.7) को क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पी में, नीरज कुमार ने 462.2 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। पेरिस कोटा धारक और क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे स्वप्निल कुसाले (460.9) दूसरे स्थान पर खिसक गए, जबकि ऐश्वर्य तोमर (450.5) तीसरे स्थान पर रहे। चैन सिंह (439.8) और अखिल श्योराण (429.1) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। इसके साथ ही पुरुषों और महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन मुकाबले हुए।



### आडवाणी क्यू स्पोर्ट्स प्रीमियर में लेंगे भाग



**बेंगलुरु।** कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और राष्ट्रीय महिला खिताबधारी विद्या पिल्लई सहित कई स्टार खिलाड़ी चार से 10 मई तक यहां होने वाली शुरुआती क्यू स्पोर्ट्स प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे। 27 बार के विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन आडवाणी और विद्या के अलावा अन्य शीर्ष क्यू खिलाड़ी जैसे सौरव कोठारी, आदित्य मेहता और अराध्य नायक यहां होने वाले टूर्नामेंट में शिरकत करेंगे। हालांकि सीएसपीएल केवल स्नूकर प्रारूप में ही कराया जाएगा और देश से 56 खिलाड़ियों को आठ आठ टीम में विभाजित किया जाएगा।

### तेंदुलकर ने मनाया 51वां जन्मदिन



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट में नई ऊर्जा भरने वाले पूर्व सलामी बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बुधवार को अपना 51वां जन्मदिन मनाया। सचिन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए लंबा समय हो चला है, लेकिन अभी भी जब कभी उनकी झलक दिख जाती है तो पूरा स्टेडियम 'सचिन... सचिन'... के शोर से गूंज उठता है। भारत सहित दुनियाभर में उनके करोड़ों फैंस अपने चहेते क्रिकेटर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं।

## शुभंकर और गगनजीत के भी जगह बनाने की संभावना

# गोल्फर अदिति, दीक्षा पेरिस ओलंपिक में खेलने को तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक (46) और दीक्षा डागर (138) पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं जबकि शुभंकर शर्मा (197) और गगनजीत भुल्लर (232) के भी रैंकिंग के आधार पर खेलों में जगह बनाने की संभावना है। अदिति के लिए यह तीसरा ओलंपिक होगा जो किसी भारतीय गोल्फर की ओलंपिक में सबसे ज्यादा भागीदारी होगी।

दीक्षा दूसरी बार ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। शर्मा और भुल्लर के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। भारत के लिए ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति के नाम है जो टोक्यो 2020 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थीं। ओलंपिक के लिए प्रविष्टियां भारतीय गोल्फ संघ द्वारा भेजी जाती हैं। ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन रैंकिंग से निर्धारित होता है जो आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग के जरिए 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों के लिए सीमित है।





### शीर्ष 15 स्वतः होंगे क्वालीफाई

ओडब्ल्यूजीआर रैंकिंग में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वतः ही क्वालीफाई कर लेते हैं जिसमें से प्रत्येक देश से अधिकतम चार गोल्फर इसमें हिस्सा ले सकते हैं। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 15 में आठ अमेरिकी गोल्फर शामिल हैं। महिला वर्ग में अदिति ने अब तक 2024 में इतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है लेकिन इसके बावजूद शीर्ष 50 में बनी हुई हैं। शानदार फॉर्म में चल रही दीक्षा लेडीज यूरोपियन टूर पर पांच शुरुआत में तीन बार शीर्ष 10 में रही हैं और एशियन टूर पर अपनी दो शुरुआत में 26 वां इससे बेहतर स्कोर पर रहीं।

### शर्मा शीर्ष 200 में शामिल

दीक्षा ने महिलाओं की विश्व रैंकिंग में 138वां स्थान हासिल कर लिया है जो उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। अगली दो भारतीय महिला गोल्फर प्रणवी उर्स हैं जो 403 और अमेच्योर गोल्फर अवनि प्रशांत 531 रैंकिंग पर काबिज हैं। भारतीय पुरुषों में शर्मा शीर्ष 200 में शामिल एकमात्र भारतीय गोल्फर हैं जो सिंगापुर क्लासिक में संयुक्त सातवें स्थान पर और दुबई डेजर्ट क्लासिक में संयुक्त 16वें स्थान पर रहे। भुल्लर का 2024 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एशियाई टूर पर 43वां स्थान रहा लेकिन उन्होंने इंडियन टूर पर चंडीगढ़ ओपन में जीत हासिल की। यह भारत में चार महीनों में उनकी दूसरी जीत थी। शर्मा और भुल्लर के बाद वीर अहलावत 380 और करणदीप कोचर 434 रैंकिंग पर हैं।



### बैटरी निकालकर कमरे में रखा था, अचानक ब्लास्ट

# स्कूटी की बैटरी फटी, घर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इलेक्ट्रिक वाहनों में बैटरी फटने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, छत्तीसगढ़ में भी कुछ मामले सामने आए हैं। आज तड़के अरसनारा, धमधा में एक स्कूटी की बैटरी बलास्ट हो गई, जिससे घर के कमरे में आग लाग गई। इस आगजनी में सारा सामान खाक हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

घटना तड़के की है। अशोक सुपंथक ने अपनी बच्ची की स्कूटी की बैटरी को कल रात गाड़ी से निकालकर कमरे में चार्जिंग के लिए लगाया था। रातभर बैटरी चार्ज होते रही, सुबह अचानक बैटरी में बलास्ट हो गया, जिससे कमरे में आग फैल गई। बिस्तर, कपड़े समेत सारा सामान जलकर खाक हो गया। ब्लास्ट और आग की खबर मिलते ही आसपास के रहवासियों ने किसी तरह आग को काबू में किया। घटना की सूचना मिलते ही नंदनी पुलिस भी अरसनारा पहुंची। अशोक ने इसकी सूचना दर्ज कराई थी।

#### कमरे में कोई नहीं था

सौभाग्यवश, जिस वक्त बैटरी में ब्लास्ट हुआ, उस समय कमरे में कोई नहीं था, जिस वजह से बड़ी अनहोनी टल गई। विस्फोट की आवाज से परिवार



वाले दहशत में आ गए थे।

#### खतरा तो है...

आमतौर पर इलेक्ट्रिक बाइक को कंपनियां सुरक्षित बताती हैं, लेकिन बैटरी फटने की देशभर में कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हादसों को देखते हुए सावधानी से चार्जिंग और बैटरी के रखरखाव की गाइडलाइन भी इसीलिए कंपनियां जारी करती रही हैं, इसके बावजूद जरा सी चूक बड़े हादसे का कारण बन जाती है।

# दुनिया की सबसे पुरानी किताब होने जा रही नीलाम

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे पुरानी किताबों में से एक क्रॉस्बी-शोयेन कोडेक्स नामक किताब को लंदन में नीलाम किया जा रहा है। मिस्त्र की यह किताब ईसाई धर्म की शुरुआत में पपीरस पेज पर कॉप्टिक भाषा लिखी गई थी। ऐसा माना जाता है कि यह किताब किसी ने 250 से 350 ईसवीं के आसपास एक ईसाई मठ में बैठकर लिखी थी। किताब की नीलामी आगामी 11 जून को नीलाम की जाएगी। क्रॉस्बी-शोयेन कोडेक्स को लंदन में स्थित क्रिस्टी नीलामी घर द्वारा बेचा जा रहा है। नीलामी घर के मुताबिक, इस किताब की बिक्री 26 लाख डॉलर से 38 लाख डॉलर के बीच हो सकती है। इसका मतलब यह किताब 21 करोड़ रुपये से लगभग 32 करोड़ रुपये में बिक सकती है। क्रिस्टी के वरिष्ठ विशेषज्ञ यूजेनियो डोनाडोनी का कहना है, "यह किताब बाइबिल की 2 किताबों में सबसे पहला ज्ञात पाठ है।फॉक्स



न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यूजेनियो ने यह भी बताया कि इस किताब को 40 वर्षों में पूरा किया गया और इसमें 52 पन्ने हैं, जिन्हें प्लेक्सीग्लास (पन्नों सुरक्षित रखने वाला मजबूत प्लास्टिक) से संरक्षित किया गया है।

# भावनाओं के हिसाब से मुर्गियों के बदलते हैं रंग

**नई दिल्ली।** क्या आपने कभी गौर किया है कि मुर्गियों के भाव के साथ उनके चेहरे में भी कुछ बदलाव आ जाते हैं। यह हैरान करने वाला नतीजा एक शोध में मिला है। एक क्रांतिकारी अध्ययन ने इसकी पुष्टि की है, जिससे यह समझने के नए तरीके खुल गए हैं कि मुर्गियां



कैसा महसूस करती हैं और उनके साथ बेहतर संबंध कैसे बनाते हैं। कई जानवरों की तरह, मुर्गियां भी खुशी और उत्साह से लेकर निराशा और भय तक की भावनाओं का अनुभव करती हैंइन भावनाओं को व्यक्त करने का उनका तरीका हमसे अलग होता है।


# दो उंगलियों के साथ पैदा होते हैं बच्चे

**नई दिल्ली।** अफ्रीका की एक जनजाति ऐसी ही है। इनके पैरों में सिर्फ दो उंगलियां हैं। इनके पैर शुतुरमुर्ग जैसे होते हैं। इस वजह से इस जनजाति के लोगों का मानना है कि इनके पूर्वज पक्षी हुआ करते थे। रिपोर्ट के अनुसार उत्तरी जिंबाब्वे के कायेमबा इलाका में, वडोमा जनजाति के लोग रहते हैं। इन लोगों को डेमा या डोमा नाम से भी जाना जाता है। इन्हें ऑसट्रिच फुट सिंड्रोम की बीमारी है। नाम ही आप समझ सकते हैं कि इनके पैर शुतुरमुर्ग जैसे नजर आते हैं। वैज्ञानिक भाषा में इसे एक्ट्रोडैकटाइल भी कहते हैं। ये एक प्रकार की जेनटिक कंडीशन है, जो इन लोगों को जन्म से रहती है.



















* Offer valid for a limited period only. # Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick Start variant. T&C apply. + Based on TVSM internal test conditions. As compared to BS-IV models. T&C apply. ^ Mobile charger is available in select variants. T&C apply. ^^ Finance at the sole discretion of the financier. T&C apply.

TVS 3 YEAR WARRANTY TVS CREDIT SHRIRAM Finance L&T Finance IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST

Authorised Main Dealer:- RAIPUR- .SAI TVS Fafadih Tel 9821661674. BHARAT TVS G.E. Road Tel 9111499111 HIRA TVS Telibandha Tel. 8527434712 AVVNI TVS Lodhipara Tel. 9630098300, SAI TVS Lalpur Tel 6262222900 SAI TVS Aarang Tel 6262626001, DURG- SSD TVS Tel. 8602816642. BHILAI- ISHAN TVS Tel. 8871212121 8602121212. SACHDEV TVS Tel. 7722909249, 9826122334., LCK TVS Tel. 7587093217. DHAMTARI- SCOOTER HOUSE TVS Tel. 8305690952., KANKER- AAYESHA TVS Tel. 9821660146. , JAGDALPUR- MAHAVEER TVS Tel. 9111001971, 224409. DANTEWADA :- BASTAR TVS Tel. 9821661781. DALLIRAJHARA- GURUDEV TVS Tel. 7303658472. MAHASAMUND- AJAY TVS Tel. 9179917004, 8719850001. KONDAGAON- BHARAT TVS Tel. 7786296611. BALODABAZAR- KANIKA TVS Tel. 8979428844. KAWARDHA - Shri Gurunanak TVS Tel. 9993309707, BEMETARA - Shri Arihant TVS Tel. 7000629201.

Authorised Dealer:- Rajim - Arihant Automobiles Tel. 9826113240. Gariyaband - Dikesh Motors Tel- 8720000334. Abhanpur - Om Auto Tel-9893369485. Goharpadar - Ganesh Auto Care Tel. 8319380089. Nawapara - Shri Kushal Auto Tel. 8839487677, Chhura - Patel Automobiles Tel. 8889994949. Pakhanjur - Bengal Cycle and Auto Parts Tel. 9425593572. Charama - N Sai Automobiles Tel. 9039179813. Keshkal - Harsh Automobiles Tel. 7000818373. Kurud - Bhilai Auto Tel. 8982652500. Neora ( Tilda) - Pratik Automobiles Tel. 9300414173. Donde Khurd - R M Motors Tel.9826133734. Sukma - P R Automobiles Tel. 9479011000. Bagbhara - Khalsa Auto Care Tel- 9300210400. Bagbhara - Kaunain Auto Tel- 9685864876.Komakhan - Kanij Auto Care Tel. 9685864876. Jhalap - Shri Balaji Automobiles Tel. 8120004100. Bhanupratapur - Subhash Motors Tel- 9755249656. Birgaon - Om Shree Motors Tel. 8839096897. Chandkhuri Farm - Deepak Auto Tel. 9754500040. Bhanpuri - Kunal Automobiles Tel- 9425516644. Mana Basti - Mani Motors Tel- 8319025275. Ambagarh Chowki - Bharat Auto Tel. 9827196076.Dongargaon - Bharat Auto Tel. 9827196076. Pandatarai - Shri Sai Motor's Tel. 8305728281. Dongargarh - Reyansh Auto Tel. 7415344077. Pandariya - Jyoti Agency Tel. 9893592635. Utai- NAVNEET MOTORS Tel. 9981072555. Patan - Dev Auto Tel. 9981086462. Gurur- Gurudev Motors Tel. 9907796983. Junwani Road - Darsh Motors Tel. 7000414216. Thankhamariya - Shubham Motors Tel. 8085529444. Anda - Siya Motors Tel- 9893533628 Nagpura - Abhi Motors Tel. 9893237240. Bhatapara - Indian Motors Tel. 9302622777. Simga - Avneet Motors Tel. 9300643500. Risali - Naresh Motors Tel. 7898368258. Mohla - Shubham Motors Tel. 9399757956. Balod - Sourabh Motors Tel. 9111151115. Manabasti - Mani Motors Tel. 8319025275. Kumhari- Laxmi Auto Tel. 9770492802. Bijapur - Dhanlaxmi Auto Tel. 9399587930. Nagarnar - Shri Automobiles Tel. 7606090102 Basna - Ajay Motors Tel. 7694994962, 8719850001. Kharora - Pratik Automobiles Tel. 8269934173. NAGRI - Dikesh Auto Tel. 9981761572, Bande - Ramkrishna Auto Tel. 6267093399.Khairagarh - RK Automobile Tel. 7489863424.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com